
7
बैटल ऑफ गलवान ..

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


11
बच्चों का भविष्य...

■ वर्ष 31 अंक 18 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर शनिवार 12 जुलाई 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# मुख्यमंत्री ने सावन के पहले दिन लगाई सौगातों की झड़ी



## 5 सेक्टरों को दिए 12 हजार 360 करोड़, इंदौर में 20 उद्योगपतियों से किया वन-टू-वन

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार को आयोजित मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 5 अलग- अलग सेक्टर को 12 हजार 360 करोड़ रुपए की सौगात दी। इससे पहले पहले मुख्यमंत्री अभय प्रशाल पहुंचे और विद्यार्थियों के कॉपी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉपियां बांटी। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केसर बाग स्थित आयोजित कार्यक्रम में एक बगिया मां के नाम का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव कॉन्क्लेव में होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद किया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यक्रम के दौरान मंच से कहा कि बैलगाड़ी, तांगा, टेम्पो, नगर सेवा, बस, मेट्रो एक लंबा सफर तय किया है इस शहर ने। हम जहां बैठे है ये जंगल था। हम यहां गुलाम डंडा खेला करते थे। ये शहर आज सेंट्रल इंडिया का खूबसूरत शहर हो गया। मुझे कहते हुए गर्व है कि एकाएं दो नहीं सात बार स्वच्छता में फर्स्ट आया। और आठवीं बार केंद्र सरकार सोच रही है कि इंदौर को ये अवॉर्ड दे या न दें। सरकार अपनी पॉलिसी बदल रही है। अब इंदौर के साथ एक ट्यून सिटी बनाएंगे। अगर उसको आपने साफ कर दिया तब आपको देंगे। स्वच्छता इंदौर के संस्कार में है। हमनें पिछले साल 51 लाख पेड़ जनभागीदारी से लगाए थे। जिसमें पूरा शहर उमड़ कर आया।

### पहली इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप बना रहा ओमेक्स ग्रुप

ओमेक्स ग्रुप के एमडी मोहित गोयल ने कहा कि, एमपी हमारा फेवरेट स्टेट हैं। हम करीब 20 साल से यहां काम कर रहे हैं। अगली टाउनशिप सुपर कॉरिडोर में प्लान है जो इंट्रीग्रेटेड होगी। यह सरकार की नई स्कीम के तकत प्रदेश की पहली 450 एकड़ की इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप होगी। इंदौर के अलावा उज्जैन, रतलाम में भी नई प्लानिंग हैं। हमारा विजन अब प्रदेश के अन्य हिस्से सतना, रीवा, जबलपुर का है। जल्द ही जमीन की तलाश पूरी होने के बाद हम वहां भी प्रोजेक्ट्स शुरू करेंगे।

### ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 में दिखाई विकास की तस्वीर

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में चल रहे मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 के दौरान ओवरव्यू ऑफअर्बन पॉलिसीज एंड इन्वेस्टमेंट ऑपरच्युनिटीज विषय पर एक खास सत्र आयोजित हुआ। इस सत्र में शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश की नीतियां, पारदर्शी प्रशासन, पर्यावरण संरक्षण और प्रतिबद्ध टीम राज्य को निवेश के लिए आदर्श बनाते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट, अधोसंरचना, सर्विस सेक्टर और ऊर्जा जैसे हर क्षेत्र के लिए अलग-अलग नीतियां बनाई गई हैं।

# अडाणी चला रहे ओडिशा सरकार

## भाजपा का काम कर रहा इलेक्शन कमीशन



**भुवनेश्वर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद शुक्रवार को पहली बार दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली 'संविधान बचाओ समावेश' सभा को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल भी उनके साथ मौजूद रहे। राहुल गांधी ने कहा- अडाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं, वह नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडाणी जैसे 5-6 अरबपतियों की सरकार है। इसका लक्ष्य आपकी जमीन, जंगल और भविष्य को चुराना है। ओडिशा में ये (भाजपा) 5-6 बड़ी कंपनियों को आपका सारा धन दे रहे हैं। जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की है और आदिवासियों की ही रहेगी। आदिवासियों को बिना पूछे जमीन से हटा दिया जाता है। ये सभी चीजें उनकी है। ओडिशा से 40 हजार से ज्यादा महिलाएं गायब हो गई हैं। आज तक मालूम नहीं कि ये महिलाएं कहा गायब हो गई। महिलाओं के खिलाफ हर रोज अत्याचार होता है। यहां की सरकार को इससे कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी ने ओडिशा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार का एक ही काम बचा है। गरीब लोगों से ओडिशा का धन चुराना। पहले यही काम बीजेडी की सरकार ने किया, अब यही काम भाजपा की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरह गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं। दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा की सरकार है। यह लड़ाई केवल कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं जीत सकते। ओडिशा की जनता के साथ मिलकर ही इस लड़ाई को जीता जा सकता है।

### अडानी के लिए रोकी गई रथ यात्रा

इस दौरान उद्योगपति गौतम अडानी पर निशाना साधते हुए कहा कि ओडिशा से लेकर छत्तीसगढ़ तक एक नाम दिखाई देता है। अडानी, अडानी, अडानी। अडानी जी ओडिशा की सरकार चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकलती है तो लाखों लोग देखते हैं। रथ के साथ चलते हैं। फिर, एक ड्रामा होता है। अडानी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं।

### बिहार में वोट चुराने की कोशिश


राहुल ने कहा- महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने नई साजिश शुरू की है। वह अपना काम नहीं, भाजपा के हिस्से का काम कर रहा है। हम इलेक्शन कमीशन और भाजपा को बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने देंगे। राहुल ने कहा- महाराष्ट्र में आज तक पता नहीं चल पाया कि 1 करोड़ वोटर्स कहां से आए।

### गरीबों का पैसा चुरा रही भाजपा सरकार

सरकार ओडिशा की गरीब जनता का पैसा चुराने का काम करती है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता दलित, आदिवासी, कमजोर, किसान और मजदूर है और दूसरी ओर 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार। इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता ही ओडिशा की जनता के साथ मिलकर जीत सकता है। भाजपा पूरे देश में संविधान पर आक्रमण कर रही है।

### ओडिशा में लागू करवाएंगे पेसा कानून

राहुल गांधी ने कहा कि मैं अभी किसानों और महिलाओं के एक डेलिगेशन से मिला, उनकी बात सुनी, उनका दुख दर्द सुना। जल, जंगल और जमीन आदिवासियों का है और आदिवासियों का ही रहेगा। यहां पर पेसा कानून लागू नहीं किया जाता है। राहुल गांधी ने कहा, इन कानूनों को हम लागू करके दिखाएंगे। आदिवासियों की जमीन और जंगल उन्हें वापिस दिलाएंगे।




## बढ़ते पुल हादसों के बीच ठेकेदारों को गडकरी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना के बाद अभी तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बढ़ते पुल हादसों के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वो काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के पीछे लग गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि दुर्भावनापूर्ण गलतियों पर ठोक देना चाहिए। नितिन गडकरी ने कहा कि एक्सीडेंट अलग चीज है और जो काम करते वक्त बेईमानी और फ्रॉड करते हैं, वो दूसरी चीज है। उन्होंने कहा कि अगर गलती जानबूझकर नहीं की गई हो तो माफ कर देना चाहिए, लेकिन अगर गलती दुर्भावनापूर्ण की गई है तो फिर ठोक देना चाहिए। काम के रवैये को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वो गड़बड़ होने पर जिम्मेदारों को डांट लगाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई गड़बड़ हुई रोड पर तो मैं छोड़ता नहीं हूं। उन्होंने कहा कि अभी मेरा टारगेट है 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड हुए, अब मैं ठेकेदार तथा अधिकारियों के पीछे लगूंगा। यह मेरे देश की संपत्ति है, मैं इसके साथ समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि एक एक रोड में मेरे घर की दीवार है। जितनी चिंता मुझे अपने घर की है, उतनी जिम्मेदारी मेरी उस रोड के लिए भी है।

### मरने वालों की संख्या 21 हुई

गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल की अस्पताल में मौत हुई। मरने वालों का आंकड़ा 20 हो गया है। एक शख्स की तलाश की जा रही है। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा- नदी में गिरे एक टैंकर में सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। पानी में सोडा ऐश (सोडियम कार्बोनेट) होने के कारण रेस्क्यू टीम को जलन और खुजली हो रही है।

# वन विभाग के सीसीएफ और डीएफओ कार्यालय सील

### 20 साल पुराने बांस खरीदी का पैसा वापस लौटाने के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश




बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

बीस साल पुराने एक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद आज बालाघाट जिला मुख्यालय स्थित दक्षिण उत्पादन वनमंडल और मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) कार्यालय को सील कर दिया गया। 11 जुलाई की सुबह जब कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे, तो कार्यालय के बाहर नोटिस चस्पा और ताले लटके देखकर सकते में आ गए। कार्यवाही से पूरे वन विभाग में हड़कंप मच गया और कार्यालय परिसर में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

वर्ष 2005 में बालाघाट में पश्चिम उत्पादन वनमंडल नामक कार्यालय सक्रिय था, जो वर्ष 2013 में बंद कर दक्षिण उत्पादन में विलय कर दिया गया। इस दौरान कल्पतरू एग्रो फार्म, कोलकाता नामक फर्म ने विभाग से बड़ी मात्रा में बांस की खरीदारी की थी। फर्म ने बकायदा भुगतान भी किया, लेकिन कार्यालय के बंद हो जाने के बाद वह बांस उठाव नहीं कर सका। समस्या तब खड़ी हुई जब फर्म द्वारा भुगतान की गई राशि विभाग ने वापस नहीं की। इस पर कल्पतरू एग्रो फार्म के संचालक ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने 20 जून 2025 को आदेश दिया कि वन विभाग फर्म को 1.20 करोड़ रुपये की राशि लौटाए।

न्यायालय के आदेश के बावजूद जब विभाग ने कोई भुगतान नहीं किया, तो अदालत ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यालय को सील करने का आदेश दिया। इस आदेश के तहत आज विभागीय अधिकारियों ने दक्षिण उत्पादन एवं सीसीएफ कार्यालय पर ताले लगा दिए और नोटिस चस्पा कर दिया गया। सीलिंग की खबर फैलते ही वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कई कर्मचारी कार्यालय के बाहर एकत्र होकर स्थिति को लेकर चर्चा करते नजर आए। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई से विभाग की प्रशासनिक छवि पर सवाल खड़े हो रहे हैं और न्यायिक आदेशों की अनदेखी को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर भी उंगलियां उठ रही हैं। अब सभी की निगाहें विभाग के अगली कानूनी और प्रशासनिक प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। यदि वन विभाग जल्द ही भुगतान कर आदेश का पालन करता है, तभी कार्यालय की तालाबंदी हटाई जा सकेगी।

### कन्नड़ अनिवार्य करने पर केंद्र-राज्य को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए, तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका दायर हुई थी। कार्यवाहक चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी की बेंच ने शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।

### वन नेशन-वन इलेक्शन पर जेपीसी की बैठक

## चुनाव आयोग की शक्तियों पर बहस की जरूरतः चंद्रचूड़



**नई दिल्ली।** वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए 129वें संशोधन बिल पर जेपीसी की संसद भवन में शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जगदीश सिंह खेहर ने संसदीय पैनल के सामने अपने सुझाव रखे। जेपीसी की यह 5वीं बैठक थी। इसमें कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, संबित पात्रा समेत अन्य सदस्य शामिल हुए। कई विपक्षी दल इस बिल के प्रावधानों का विरोध कर रहे हैं। पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि एक साथ लोकसभा-विधानसभा चुनाव कराने के प्रस्ताव को लागू करने वाला बिल संविधान के मूल ढांचे को प्रभावित नहीं करता। उन्होंने कहा कि बिल में चुनाव आयोग की शक्तियों से संबंधित कुछ प्रावधानों पर बहस करने की जरूरत है। पूर्व सीजेआई ने कहा कि बिल के प्रावधानों को लागू करने के लिए विधानसभा के कार्यकाल में किसी भी बदलाव का फैसला संसद को करना चाहिए, चुनाव आयोग को नहीं। वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पर चर्चा करने और सुझाव लेने के लिए भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी की अध्यक्षता में 39 सदस्यीय जेपीसी बनाई गई है। जेपीसी का काम बिल पर व्यापक विचार-विमर्श करना, विभिन्न पक्षकारों और विशेषज्ञों से चर्चा करना और अपनी सिफारिशें सरकार को देना है।

### थप्पड़कांड के आरोपी नरेश मीणा को मिली जमानत

**जयपुर।** देवली-उनियारा उपचुनाव-2024 में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाला नरेश मीणा 8 माह बाद जेल से बाहर आएगा। शुक्रवार सुबह राजस्थान हाईकोर्ट ने थप्पड़कांड के बाद हुई आगजनी के मामले में जमानत दे दी है। इधर, नरेश को जमानत मिलने के बाद कोर्ट रूम के बाहर उनके वकील भावुक हो गए।

# डिलिवरी डेट बताओ, एक हफ्ता पहले उठवा लेंगे

## सड़क की डिमांड पर बीजेपी सांसद के बोल



**सीधी।** चुनाव में वोट पाने के लिए जनता के पैरों में झुकने वाले नेता, अब जनता की तकलीफ पर सीना तानकर बोल रहे हैं। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में सड़क बनवाने के लिए एक साल से संघर्ष कर रही बघेली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर लीला साहू के वायरल वीडियो पर बीजेपी सांसद राजेश मिश्रा सलाह दे रहे हैं कि डिलिवरी डेट बता दो, उठवा कर अस्पताल में भर्ती करा देंगे। दरअसल, मध्यप्रदेश के सीधी जिले की गर्भवती महिला लीला साहू ने एक साल पहले वीडियो बनाकर अपने गांव तक सड़क बनवाने की मांग की थी। तब उन्हें आश्वासन मिला कि सड़क जल्द बन जाएगी। समय बीतता गया लेकिन सड़क नहीं बनी तो एक बार फिर लीला एक्टिव हुईं। इस बार फिर वीडियो बनाकर नेताओं और प्रशासन को चेताया। उन्हें लगा कि संवेदनशील सरकार उनकी बात सुनेगी। लेकिन जवाब में जो कुछ मिला, इसका अंदाजा शायद किसी को ना होगा। सीधी से सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने लीला साहू के वीडियो पर कहा कि चिंता की क्या बात है। हमारे पास एंबुलेंस है, अस्पताल है, आशा कार्यकर्ता है, हम व्यवस्था करेंगे। डिलिवरी की एक संभावित तिथि होती है, बताएं तो हम एक हफ्ते पहले उठा लेंगे, अस्पताल में भर्ती करवा देंगे। इतना ही सांसद कहते हैं कि वो सड़क नहीं बनाते हैं बल्कि सड़क तो इंजीनियर बनाते हैं। ठेकेदार बनाते हैं। सांसद राजेश मिश्रा इस सड़क के लिए पिछले जनप्रतिनिधि को जिम्मेदार है। वह कहते हैं कि इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है, उन लोगों ने इस सड़क के लिए क्या किया। लेकिन सांसद जी शायद ये भूल गए की सीधी से पिछली बार भी बीजेपी की ही रीति पाठक सांसद थीं।

### विभाग की अपनी सीमाएं हैं: मंत्री

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी लीला साहू के वीडियो पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कई स्थान हैं जहां सड़क की मांग है। पीडब्ल्यूडी या किसी भी विभाग के पास इतना बजट नहीं होता कि किसी की सोशल मीडिया पोस्ट पर हम सीमेंट-कंक्रीट या डंपर लेकर सड़क बनाने पहुंच जाएं। कौन-सी सड़क कौन बनाएगा, इसकी व्यवस्था तय है। विभाग की अपनी सीमाएं हैं।

### ...तो अब आपकी जिम्मेदारी


लीला साहू ने सांसद पर हमला करते हुए कहा है कि मैंने आपको अपना वोट दिया है। देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। इसके बावजूद भी हमारे गांव में अभी तक सड़क नहीं बन पाई है। इस गांव में 6 महिलाएं गर्भावस्था में हैं। मेरा भी प्रसव का समय आ रहा है। अगर उनको एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिली अगर कुछ भी हो सकता है। जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन पर होगी।

# पेंट घोटाले के बाद, ड्राई फ्रूट घोटाला आया सामने

## हॉस्टल में बच्चों को ड्राई फ्रूट खिलाने के नाम पर लाखों का फर्जी भुगतान होने का आरोप

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।

शहडोल जिले में फर्जीवाडा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक प्रतिदिन नये खुलासे हो रहे है जिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है। यदि कलेक्टर द्वारा टीम गठित कर हर विभाग मे क्रय सामग्री एवं कराये गये निर्माण कर्यो की निष्पक्ष जांच कराया गया होता तो कई चौकाने वाले रहस्य निकल कर सामने आ सकते है। जिले के ब्लाक ब्यौहारी अंतर्गत हाई स्कूल सकन्दी और निपनिया मे हुए पेंट घोटाला के बाद अब कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास टेटका जयसिंहनगर मे वार्डन अनीता शुक्ला द्वारा ड्राई फरूट घोटाला किये जाने का मामला सामने आया है।






**मीनू के हिसाब से भोजन नहीं, ड्राई फरूट के नाम हो रहा घोटाला**-छात्रावासो मे मीनू के हिसाब से छात्र छात्राओं को भोजन नहीं मिल रहा और यंहा वार्डन द्वारा काजू, बदाम, छोहारा एवं किसमिस खिलाने के नाम पर राशि आहरण कर घोटाला किया जा रहा है। ऐसा ही चौकाने वाला कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास टेटका का एक बिल सोशल मीडिया मे वायरल हो रहा है जिसमे छोहारा 40 किलो, बदाम 30 किलो, काजू 50 किलो, किसमिस 200 पैकेट, चना 130 पैकेट, इलायची 1/2 किलो और लौंग 1/2 किलो बच्चों को खिलाने के नाम पर 1 लाख 30 हजार रूपये आहरण किया गया है। सोशल मीडिया मे बिल वायरल होने के बाद अब भ्रस्टाचारियों मे हड़कम्प मचा हुआ है।

**माँ और बेटे ने मिलकर किया घोटाला**-कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास टेटका में पदस्थ वार्डन द्वारा अपने बेटे दुर्गेश शुक्ला के फर्म शुक्ला ट्रेडर्स करकी का फर्जी बिल 19 फरवरी 2024 को बिल क्रमांक 06 लगाकर 1 लाख 30 हजार रूपये का आहरण करते हुए उक्त फर्जीवाड़े को अंजाम दिये जाने की चर्चा हो रही है। लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि ऐसे कई फर्जी बिल वार्डन द्वारा अपने बेटे के फर्म के नाम का लगा कर शासकीय राशि का बंदर बाट किया गया है जिसकी निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की गई है।

**इनका कहना है..**

बिल की जानकारी मिली है, कलेक्टर शहडोल ने जांच टीम गठित कर दिए है, जांच होने के बाद कार्यवाही होगी।

**अमरनाथ सिंह**
**जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी,जिला शहडोल**

## अंधेर नगरी चौपट राजा, पेंट के बाद ड्राइफ्रूट घोटाला

### जिला पंचायत प्रभारी सीईओ मुद्रिका सिंह की मनमानी आई सामने

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने अपने बयान मे कहा है कि, भाजपा की सरकार मे भ्रष्टाचार के नित नए रिकॉर्ड बनते जा रहे हैं। अभी हाल ही मे जिले मे स्कूल मे मरम्मत के नाम पर लाखों का घोटाला उजागर हुआ जिसका शोर थमा भी नहीं की भ्रष्टाचारियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम मे 14 किलो से 15 किलो ड्राइफरूट खाने का रिकॉर्ड बना दिया। गोहपारू ब्लाक के भदवाही ग्राम पंचायत मे आयोजित कार्यक्रम मे भ्रष्टाचार की ऐसी बयार बही की जिसमे घंटे भर के कार्यक्रम के दौरान फर्जी बिल के अनुसार, वहां मौजूद उच्च अधिकारियों ने एक घंटे की अंदर चौदह से पंद्रह किलो ड्राइफरूट और कई लीटर दूध, बिस्कुट नमकीन खा लिए। जिलाध्यक्ष ने कहा भाजपा राज मे शासन व प्रशासन की मिलीभगत से न जाने कितने फर्जी बिल बन रहे हैं और बकायदा पास भी हो रहे हैं। जिम्मेदारों को अपने कमीशन से मतलब है, उनकी जेबें भरती रहें, चाहे आम जनता के विकास का पैसा हो या छात्रों के भविष्य को संवारने का पैसा हो। सुभाष गुप्ता ने मांग करते हुए कहा कि इस मामले एवं इस तरह के अन्य मामलों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को उचित दंड दिया जाए ताकि भविष्य मे भ्रष्टाचारियों की जन हितार्थ योजनाओं का पैसा हड़प करने की हिम्मत न हो।



## जंगली हाथी ने कई घरों को किया क्षतिग्रस्त मुआवजे के लिए ग्रामीणों ने की मांग

**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** उत्तर वन मण्डल ब्यौहारी अंतर्गत गोदावल रेंज के ग्राम कोठिया में दरम्यानी रात में हाथी द्वारा उत्पात मचाते हुए कई ग्रामीणों के घर मे तोड़ फोड़ कर नुकसान पंहुचाया गया है। ग्रामीणो ने हुए नुकसान को लेकर शासन प्रशासन से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है साथ ही उस हाथी को पकड़ कर नेशनल पार्क बांधवगढ़ व संजय गांधी पार्क मे छोड़े जाने की मांग की है। हाथी ने ग्राम कोठिया मे दीनदयाल सिंह, सुबह लाल सिंह, राधेलाल सिंह, कौशल सिंह एवं सुरेन्द्र चौधरी के मकान को क्षतिग्रस्त किया है। सुरेन्द्र चौधरी की पत्नी ने अधिकारियो को दिखाते हुए बताया कि हमारे पास कुछ खाने पीने को नहीं है। जो कुछ रहा है वह सब हाथी खा कर चला गया है। हम अपने नन्हें मुन्हे बच्चों को क्या खिलाये। ग्रामीणों ने बताया कि यह हाथी हम लोगो का जीना दुश्वार किया है। गोदवल वन परिक्षेत्राधिकारी रजनीश त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि कोठिया मे दो दिन से एक हाथी आया हुआ है वह अभी भी वंहा है यह बांधवगढ़ पार्क की तरफ से आया हुआ है। ग्राम बोढ़िहा, पथरहटा, बेड़रा के जंगलो एवं राजस्व क्षेत्र मे हाथियों का मुवेंट बना रहता है। ग्राम कोठिया मे कुछ लोगों का मकान, झोपडी गिराया गया है। हम लोगों के तरफ से मुनादी वगैरा कराया जा रहा है। हमारी टीम भी लगातार निगरानी कर रही है। रात मे जो गस्ती की जाती है वह लोगों के सम्पर्क मे रहती है। हम लोगों ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है जिसमें गांव के लोगों को जोड़ा गया है, जंहा हाथियों का मुवेंट होता है उसकी जानकारी उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से देकर सतर्क रहने के लिये बताया जाता है।

## सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप, स्कूल में भरा पानी



### ठेकेदार द्वारा बस्ती में नाली न बनाने से जगह-जगह हो रहा पानी का भराव

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

सड़क निर्माण करा रही कम्पनी केबीसी के ठेकेदार की लापरवाही के वजह से ग्राम कल्हारी मे जगह-जगह पानी का भराव हो रहा है, ग्रामीण काफी परेशान है। स्कूल मे भी पानी भर गया है जिस वजह से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

**क्या है मामला**-ब्यौहारी से पपौंध पहुंच मार्ग का निर्माण केबीसी कम्पनी द्वारा कराया जा रहा है जिसमे ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। ग्रामीणो द्वारा आरोप लगाते हुए बताया गया कि ठेकेदार द्वारा ग्राम कल्हारी बस्ती मे सड़क का निर्माण कराया गया है और नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। सड़क बनने से उसकी ऊंचाई अधिक हो गयी है जिस वजह से जगह-जगह पानी का भराव हो रहा है। बारिस का पानी घरो मे घुस रहा है। जिसे लेकर ग्रामीण काफी परेशान है और ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे है।

**बच्चों को दूसरे विद्यालय में किया सिफ्ट**-ग्राम पंचायत कल्हारी मे स्थित शासकीय प्राथमिक पाठशाला मे ठेकेदार की लापरवाही के कारण वंहा पानी भर गया है। स्कूल मे पढ़ने वाले बच्चों को काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणो ने बताया कि मौके पर तहसीलदार और सीईओ पंहुच कर स्थल का निरीक्षण किये है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी जिसके लिये उन्हें वंही पास मे स्थित दूसरे स्कूल मे शिफ्ट कर दिया गया है।

**इनका कहना है**

मै वंहा स्कूल देखने गया था पर किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। नाली न होने की वजह से पानी भर गया है। सरपंच को बोल दिया गया है। उनके द्वारा नाली बनवा दी जायेगी तो पानी का भराव नहीं होगा। पी डब्लू डी को इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

**सुमित सिंह गुर्जर**
**तहसीलदार ब्यौहारी**

कंही-कंही नाली नहीं है। जंहा नाली भी है वंहा जगह नहीं है। जगह के आभाव मे नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

**ऐ.पी. शुक्ला**
**साइड प्रोजेक्ट मैनेजर**
**केबीसी कम्पनी**

## विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नगर कार्यकारिणी का गठन

बुढ़ार (स्वतंत्रमत)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बुढार में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना रहा। समारोह का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय नेहरू डिग्री महाविद्यालय, बुढार की प्राचार्य प्रोफेसर गंगा मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अध्यापक डॉ. अनिल उपाध्याय उपस्थित रहे। समारोह से पूर्व बुढार-धनपुरी नगर इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें टीकम सिंह नायक को नगर अध्यक्ष और ओम सेन को नगर मंत्री नियुक्त किया गया।



मुख्य अतिथि प्रोफेसर गंगा मिश्रा ने एबीवीपी के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को नए अवसर और गतिविधियों से जोड़ते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास को बल मिलता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल उपाध्याय, जो 40 वर्षों से महाविद्यालय से जुड़े हैं, ने परिषद के कार्यों को सराहनीय बताते हुए भविष्य में और विविध आयोजनों की सलाह दी। कार्यक्रम की मुख्य कड़ी में विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्रों को 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किए गए। इसमें बाल विकास शिक्षण केंद्र, सरस्वती शिशु मंदिर, ग्रीनवेल्स पब्लिक स्कूल, कन्या माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान निकेतन, कप्तान स्कूल और कर्कटी स्कूल के छात्र शामिल थे। नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष टीकम सिंह और नगर मंत्री ओम सेन के साथ नगर उपाध्यक्ष डॉ. निपेंद्र सिंह करचूली, डॉ. शशि मोहन सेन, डॉ. कमलेश प्रजापति और रितेश जैन नियुक्त हुए। नगर सहमंत्री के रूप में नवदीप पनिका, अनुराग गुप्ता, अतुल मिश्रा, निधि भीमगे और प्रियंका मिश्रा को चुना गया।

इसके अलावा, नगर एसएफडी प्रमुख शालिनी शर्मा (सहप्रमुख अंकित साहू), एसएफएस प्रमुख गोपी नामदेव (सहप्रमुख खुशी कोल), राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख गरिमा त्रिपाठी (सहप्रमुख पवन लखेर), खेलो भारत संजना नामदेव (सहप्रमुख ऋषि यादव), एनसीसी प्रमुख निश्चय साहू (सहप्रमुख आयुष सेन), एनएसएस प्रमुख पीयूष पांडे (सहप्रमुख आकांक्षा सेन), स्टडी सर्कल प्रमुख आंशिक चौबे (सहप्रमुख दिकांक्षा यादव), नगर विद्यालय प्रमुख योग्यता वर्मन, और हॉस्टल प्रमुख शिवम (सहप्रमुख भूमिका) को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्यों में ऋतुराज द्विवेदी, आदर्श, आर्यन, राजीव, विवेक, अभिनव, नेहा, साधना, साक्षी, शिवा, आरती और अंकित शामिल हैं। कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. बी.एन. उपाध्याय, विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, विभाग छात्रा प्रमुख अंजलि पांडे, महाविद्यालय परिवार और छात्रों के अभिभावक भी मौजूद रहे। यह आयोजन विद्यार्थी परिषद के प्रयासों को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लेता है।

## घाट में अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, चार लोग घायल

### ट्रैक्टर ट्रॉली में खाद भरकर ला रहे थे ग्रामीण, अन्य लोगों ने कूद कर बचाई जान



डिंडौरी(स्वतंत्र मत)

करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटनगढ़ के पोषक गांव सुनपुरी घाट में बुधवार की शाम एक खाद से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पीछे आ गई। तभी ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया और ट्राली पलट गई। दुर्घटना में चार लोगों को गंभीर रूप से चोट पहुंचा है। अन्य सवार वाहन से कूदकर फरार हो गए। बताया गया कि घटना के समय ट्राली में लगभग एक दर्जन लोग सवार थे। जब घाट के नीचे ही ट्रैक्टर में कुछ तकनीकी खराबी आई तो यात्रियों ने ड्राइवर से वाहन यही रोककर देखने की बात कही।

बताया गया कि ड्राइवर नहीं माना और बीच घाट में जाकर इंजन बंद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वो तो गनीमत रही कि मार्ग किनारे एक विशालकाय वृक्ष था। उसी से जाकर ट्राली रुक गई।नहीं तो अप्रिय स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता था।भीखम श्याम निवासी पिपरखुट्टा ने बताया कि उसका भाई जगदीश पिता दमनू सिंह निवासी पिपरखुट्टा गोरखपुर से खाद लेकर अपने घर जा रहें थे। तभी यह घटना हो गई। हादसे में जगदीश, बुद्धसिंह पिता तीरथ राम मार्को,जीवन लाल, अकालू राम बघेल, गोविंद पिता रवनू यादव को चोट लगी हैं।एक आटो वाले से घायलों को मदद करते हुए कस्बा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया, जहां सभी घायलों को उपचार जारी हैं।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने पर हुई 20 साल की सजा

**शहडोल ।** तहसील बुढार जिला शहडोल ने थाना खैरहा के अपराध क्रं. 24/21, विशेष प्र.क्र. 29/21 में आरोपी बब्बू बैगा को धारा 366 भादवि में 7 वर्ष सश्रम कारावास एवं धारा 376(3) भादवि में 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं कुल 7000 रूपये के अर्थदण्डव से दण्डित किया गया। प्रकरण में मनोज कुमार पनिका एवं कुवेन्द्र शाह ठाकुर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी तहसील बुढार जिला शहडोल द्वारा पैरवी की गई।

संभागीय जनसम्पर्क अधिकारी नवीन कुमार वर्मा ने पैरवीकर्ता अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार पनिका सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि थाना खैरहा में अभियोक्त्री का पिता पीडिता मुझे खाना निकालकर खाने को दे दिया और पडोस के घर बैठने चली गई थी कुछ देर बाद वापस घर आ गई। आसपास पता तलाश किया।

## जिले में संभावित बाढ़ और आपदाओं से निपटने व्यापक तैयारी, समन्वित कार्ययोजना पर जोर

डिंडौरी(स्वतंत्र मत) मध्यप्रदेश शासन के होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में संभावित बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में सभी संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जलाशयों, नदियों और नालों के किनारे बसे संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और तैयारी को प्राथमिकता दी जा रही है। मानसून के दौरान किसी भी संभावित आपदा जैसे अतिवृष्टि, जलभराव, भूस्खलन, नदी-नालों का उफान या जलाशयों के भराव की स्थिति में जनहानि एवं पशुहानि से बचाव हेतु समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए एडीएम को नोडल समन्वयक नियुक्त किया गया है, जो सभी विभागों के बीच समन्वय, तैयारियों और त्वरित प्रतिक्रिया की निगरानी कर रहे हैं।

स्वास्थ्य, पीएचई, नगर परिषद, जल संसाधन, पुलिस, एसडीईआरएफ, सिविल डिफेंस सहित सभी विभागों की संयुक्त कार्ययोजना बनाई गई है। जिले में पहले से ही बचाव दल गठित कर मॉक ड्रिल कराई जा चुकी है। वहीं, कुओं, सेप्टिक टैंकों, बोरवेल्स और ड्रेनेज सिस्टम की सुरक्षा व्यवस्था की पुन: जाँच की जा रही है।स्थानीय निकायों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जन-जागरूकता अभियान चलाकर जोखिम क्षेत्रों में लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

### छात्रावासों की व्यवस्थाएं होंगी और बेहतर, कलेक्टर ने दिए सतत निरीक्षण के निर्देश

**डिंडौरी(स्वतंत्र मत)** जिले में संचालित समस्त शासकीय छात्रावासों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सभी संबंधित जिला अधिकारियों को सतत निरीक्षण एवं निगरानी का दायित्व सौंपा है।कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को भोजन, स्वच्छ पेयजल, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, अध्ययन सामग्री और निर्बाध विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर एवं समुचित रूप से मिलें, यह सुनिश्चित किया जाए।श्रीमती मारव्या ने कहा कि निरीक्षण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहकर गंभीरता और नियमितता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण की रिपोर्टों की समीक्षा वे स्वयं करेंगी तथा जिन छात्रावासों में समस्याएं पाई जाएंगी।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा का हुआ सम्मान

डिंडौरी(स्वतंत्र मत)

करंजिया मुख्यालय में गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन की भावना के तहत गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन अत्यंत गरिमामयी एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों तथा आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में एक सुसंस्कृत एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत-उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रमोद कुमार वास्पे तथा मुख्य अतिथि श्रद्धेय दामोदरानंद सरस्वती जी (सरस्वती घाट, माँ नर्मदा तट, हरी टोला) एवं विशिष्ट अतिथि श्री कंछेदी लाल शुक्ला द्वारा माँ सरस्वती की पूजा, दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ हुआ। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्ति एवं श्रद्धा से भर दिया। महाविद्यालय परिवार की ओर से समस्त अतिथियों का तिलक-वंदन, माल्यार्पण, साल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। पूरे प्रांगण में उपस्थित विद्यार्थियों की तालियों की करतलध्वनि ने माहौल को गौरवमयी बना दिया।मुख्य अतिथि श्रद्धेय दामोदरानंद सरस्वती जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है और जीवन में मूल्य आधारित शिक्षा एवं सामाजिक समरसता आवश्यक है। उन्होंने समाज में वैमनस्यता मिटाकर सहयोग की भावना को विकसित करने की आवश्यकता जताई। विशिष्ट अतिथि श्री कंछेदी लाल शुक्ला ने अपने वक्तव्य में धर्मपरायणता एवं कर्मशीलता के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि समाज को जागरूक करने हेतु अध्यात्मिक चेतना की आवश्यकता है। इस अवसर पर श्री पाठक जी ने भी गुरुजनों के सम्मान को अक्षुण्ण बनाए रखने की बात कहते हुए विद्यार्थियों को गुरु परंपरा के संवर्धन हेतु प्रेरित किया।



कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. के.के. द्विवेदी ने गुरु पूर्णिमा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरुओं द्वारा समाज में किए गए योगदान को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. एस.बी. पटेल, डॉ. पी.एस. साहू, प्रो. अजय कुमार, प्रो. विक्रम सिंह टेकाम, प्रो. दुर्गा सिंह भवेदी, प्रो. एस.एस. सिंह, डॉ. श्रवण कुमार तिवारी, डॉ. ऋक्षा मिश्रा, डॉ. अनीता पटेल, प्रो. रूपेश सिंह, डॉ. ताजुन अंसारी, प्रो. नीलेश दुफारे, डॉ. प्रीति पांडेय, डॉ. के.पी. बरोह सहित समस्त प्राध्यापकगणों एवं शिक्षकीय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन प्रो. अजय कुमार द्वारा किया गया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार वास्पे ने समस्त अतिथियों, आयोजकों एवं विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों में नैतिकता का विकास होता है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा भी पुष्ट होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उनके द्वारा प्रस्तुत गीत, कविता एवं भाषणों ने गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत कर दिया।

गुरु पूर्णिमा उत्सव न केवल एक आध्यात्मिक आयोजन था, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी रहा। महाविद्यालय परिसर में श्रद्धा, ज्ञान और संस्कार का अद्भुत समागम देखने को मिला जो निश्चित रूप से विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और दिशा का संचार करेगा।

# 25 साल से कायम है मजबूती मौजूदा सड़कें गड्ढ़ों से बदहाल

## मॉडल रोड का कांग्रेस ने किया पूजन




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एक ओर जहां मध्य प्रदेश में सड़कों की हालत बदहाल है, गड्ढों में सड़कें गायब हैं और लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। वहीं जबलपुर के तीन पत्ती चौक की 25 साल पुरानी मॉडल रोड आज भी चमचमा रही है। यह सड़क किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार की दूरदर्शिता, गुणवत्ता और जनसेवा की भावना का परिणाम है। इसी ऐतिहासिक और सशक्त निर्माण की याद में शुकवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सड़क पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### मेयर स्व. विश्वनाथ दुबे ने बनवाई थी

यह वही सड़क है जिसका निर्माण तत्कालीन कांग्रेस महापौर स्वर्गीय विश्वनाथ दुबे ने 25 वर्ष पूर्व कराया था। वर्षों बीत जाने के बावजूद सड़क आज भी न केवल सुरक्षित और मजबूत है, बल्कि चमकती हुई विकास की मिसाल पेश कर रही है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा भाजपा की सरकारें सिर्फ भाषणों और नारों में विकास करती हैं। ज़मीनी सच्चाई यह है कि जिस सड़क को कांग्रेस ने 25 साल पहले बनवाया, वह आज भी वैसी ही टिकी है, लेकिन भाजपा की बनाई सड़कें 25 महीने भी नहीं टिकतीं। भाजपा के राज में सड़कों के नाम पर केवल घोटाले हुए हैं। टेंडर घोटाले, गुणवत्ताहीन निर्माण और फिर उन्हीं सड़कों की बार-बार मरम्मत में करोड़ों खर्च कर जनता का पैसा बर्बाद किया जा रहा है। क्या भाजपा सरकार बता सकती है कि उनके कार्यकाल में बनी कोई एक सड़क है जो बिना टूटे 10 साल भी टिक पाई हो।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज रहेगी बुलंद

कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने यह भी कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस इसी तरह भाजपा की नाकामी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ बुलंद करती रहेगी। इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, सतीश तिवारी, अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, वकील अंसारी, कलीम खान, राकेश पांडे, प्रमोद पटेल, मुकेश राठौर, राजेश सोनकर, विवेक अवस्थी, एड. प्रशांत मिश्रा, नरेंद्र पांधे, अनुराग गढ़वाल, अभिषेक यादव, मदन लारिया,प्रवेंद्र चौहान, भावना निगम, देवकी पटेल, अरुण पवार, मनोज नामदेव, पीपी पटेल, पूनम सोनकर, निर्मल चंद, जग्गू विश्वकर्मा, रितेश नोतनानी, रविन्द्र गौतम, भरत पटेल, रंबल विश्वकर्मा, उमेश पटेल, महेश मिश्रा, विष्णु विनोदिया, रिजवान अली, अमित सोनकर, रज्जू सराफ, मिस्टर जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।





# सील किया जायेगा सुप्रा डायग्नोस्टिक्स

## रज्जाक के भाई के सेंटर का टीमों ने किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सुप्रा डायग्नोस्टिक्स सेंटर गोलबाजार में नगर निगम, अनुविभागीय दंडाधिकारी अधारताल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय व अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं एवं विधिक उल्लंघन पाए गए। जिसमें पंजीकृत विशेषज्ञों की उपस्थित, अनाधिकृत प्रयोगशाला का संचालन, प्रदूषण नियंत्रण एवं बायोमेडिकल वेस्टत प्रबंधन का अभाव, मशीनों का अनियमित संचालन, गैर.चिकित्सकीय व्यंक्तियों द्वारा संचालन, रेडिएशन सुरक्षा की व्यवस्था का अभाव और त्वचा रोग क्लीनिक का संचालन निरीक्षण समिति के सदस्यों ने पाया। निरीक्षण समिति में डॉ. पुष्पराज रेडियोलॉजिस्ट, डॉ. राकेश व्यास, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. जया श्रीवास्तव जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. राकेश सागरिया पैथोलॉजिस्ट, डॉ. डीके कोंडिया रेडियोलॉजिस्ट, डॉ. आदर्श विश्नोई नोडल अधिकारी नर्सिंग होम शाखा शामिल थे। निरीक्षण समिति द्वारा सुप्रा डायग्नोस्टिक्स का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त एवं तत्काल प्रभाव से बंद करने की अनुशंसा की गई है। उक्त सेंटर जेल में निरुद्ध गैंगस्टर अब्दुल रज्जाक के भाई साबू द्वारा संचालित किया जाता रहा है एक दिन पूर्व ही ओमती पुलिस ने रज्जाक के परिजनों को दबोचा है उसके ठीक एक दिन बाद शुक्रवार को उक्त कार्रवाई की गई।

# 2 विक्रेताओं के विक्रय लाइसेंस निलंबित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन विकासखण्ड के ग्राम बेनीखेड़ा स्थित खुशी ट्रेडर्स एवं उड़ना स्थित जय माता एग्रो का कीटनाशक विक्रय लाइसेंस उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन दोनों प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवसों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी उप संचालक कृषि ने दिए हैं। गुरुवार को अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक पंकज श्रीवास्तव के साथ उर्वरक एवं कीटनाशक के इन विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया था तथा यहाँ पाई गई विभिन्न अनियमितताओं के कारण कीटनाशक लायसेंस निलंबित करने की अनुशंसा की थी। मेसर्स जय माता एग्रो के निरीक्षण में पाई गई खामियों के बाद कार्रवाई की गई।

# लावारिस भिक्षुक की मौत, भटकती रही जीआरपी

### नगर निगम से नहीं मिली मदद, मोक्ष संस्था बनी सहारा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे स्टेशन क्रमांक 6 पर एक लावारिस भिक्षुक जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष थी, गत दिवस उसकी मृत्यू हो गई। भिक्षुक के शव का पीएम होने के बाद जीआरपी पुलिस शव के अंतिम संस्कार के लिए भटकती रही, जिसके बाद उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा करने वाली संस्था मोक्ष से संपर्क किया। जिसके बाद मोक्ष के संचालक आशीष ठाकुर ने मदद का हाथ बढ़ाया। आशीष ठाकुर ने बताया कि तिलवारा में जल स्तर बढ़ा होने के कारण शमशान घाट पूरी तरह से डूब गया है। जिचके चलते चौहानी में भिक्षुक के शव को लाया गया। लेकन पहाड़ी एरिया होने के कारण वहां शव को दफनाने में परेशानी हो रही थी। जिसके चलते उन्होंने नगर निगम से जेसीबी द्वारा खुदाई करने मदद मांगी। लेकिन नगर निगम में संबंधित अधिकारी हर्षा पटेल ने मदद करने से स्पष्ट मना कर दिया। आखिर में आशीष ठाकुर और उनके सहयोगियों द्वारा स्वयं ही बड़ी मशक्कत के बाद पहाड़ी पर खुदाई कि और शव का अंतिम संस्कार किया। आशीष ठाकुर का कहना नगर निगम द्वारा अज्ञात शवों की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। मोक्ष संस्था द्वारा विगत 20 वर्षों से अधिक से अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार, मोक्ष आश्रय स्थल में निराश्रितों को भोजन-पानी आदि की व्यवस्थाओं के साथ ही नि:शुल्क एम्बुलेंस का भी संचालन स्वयम के व्यय पर किया जा रहा है।

# छात्रा को बुरखा पहनने किया मजबूर

### आईटीआई हॉस्टल की वार्डन पर छात्रा ने लगाए आरोप



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आईटीआई के हॉस्टल रहने वाली आदिवासी छात्रा ने वार्डन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का कहना है कि वार्डन उसे बुर्का पहनने के लिए मजबूर कर रही है। इतना ही नहीं उसके कपड़ों को लेकर भी अपशब्द कहे गए। छात्रा के साथ अभद्रता की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को एनएसयूआई के छात्रों ने हॉस्टल में जमकर प्रदर्शन किया और वार्डन को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। इधर हंगामे की जानकारी मिलते ही माढ़ोताल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामे को शांत करवाया।

**प्राचार्य ने गठित की जांच कमेटी**-आईटीआई प्राचार्य ने जांच कमेटी गठित कर 3 दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है। तब तक के लिए वार्डन को हटा दिया गया है। छात्रा ने आईटीआई प्राचार्य को एक वीडियो भी दिया है, जिसमें वार्डन कबूल कर रही है कि उसने यह सब बात बोली थी, पर उसकी भलाई के लिए ऐस कहा था।

शासकीय आदर्श आईटीआई के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने प्राचार्य को शिकायत में बताया कि वार्डन दुर्गेश्वरी नायकर द्वारा कई दिनों से टार्चर किया जा रहा है। मैडम कहती हैं कि तुम्हारे पास कपड़े पहनने के लिए पैसे कहां से आते हैं। तुम जब भी हॉस्टल से बाहर जाओ, तो बुर्का पहनकर जाना।

छात्रा ने आरोप लगाया कि वार्डन सभी के सामने जलील करते हुए कहा कि तुम आदिवासी लड़की डिंडोरी में रहकर पढ़ाई क्यों नहीं करती हो।

**एनएसयूआई ने किया जमकर हंगामा**-मामले की जानकारी एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को लगी तो वे बड़ी संख्या में आईटीआई सेंटर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। एनएसयूआई ने मांग की है तत्काल ऐसी वार्डन को हटाया जाए, जो कि छात्रों से इस तरह की बात करती है। यह अशोभनीय है।

# विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ायें : सीईओ गहलोत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला पंचायत सभा कक्ष में सीईओ अभिषेक गहलोत द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत समस्त बीएसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभिषेक गहलोत ने कहा कि समस्त विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने प्रयास किए जाएं। सभी उपस्थित विद्यार्थियों की आईवीआरएस पोर्टल पर समय सीमा में प्रभारियों द्वारा मध्यान भोजन की उपस्थिति लगाई जाए। जिसकी समीक्षा प्रति दिवस भारत सरकार के द्वारा की जाती है उन्होंने समय सीमा में उपस्थिति न लगाने वाले शाला प्रभारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

# धमाके से दहली सदर की मेन रोड

### वेल्डिंग की दुकान में फटा गैस सिलेंडर




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सदर मेनरोड में शुक्रवार सुबह वेल्डिंग सेंटर में तेज धमाका के साथ सिलेंडर फटने से हडकंप मच गया। ब्लास्ट की तीव्रता इतनी तेज थी कि आसपास के दुकान संचालक सहित राहगीर भी सहम गए थे। हालाकी इस हादसें में कोई भी हताहत तो नहीं हुआ,लेकिन सुरक्षा को लेकर सभी चिंतित नजर आए। बताया जा रहा है कि सदर मेनरोड स्थित इस्माइल बेल्डिंग सेंटर में सुबह लोगो ने तेज धमाके का सुना। धमाके साथ ही पूरे बेल्डिंग सेंटर में सफेद रंग का कैमिकल फैला हुआ नजर आया। वहीं बेल्डिंग सेंटर की छत में लगे टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया था। धमाके की दहशत से बाहर आते हुए जब देखा गया तो पाया गया कि सेंटर में रखा गैस सिलेंडर में धमाका हुआ था। वो तो गनीमत यह रही कि टीन शेड होने के चलते धमाके से बिल्डिंग को कोई क्षति नहीं पहुंची, अगर कांक्रीट की छत होती तो पूरी दुकान ही धराशाई हो जाती।

# नि:शुल्क साइकिल पाकर खुश हुई छात्रायें

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुक्खम एवं शासकीय कन्या विद्यालय कुंडेश्वर में विधायक संतोष बरकड़े के मुख्य आतिथ्य में निरूशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइकिल पाकर बालिकाओं में खुशी की लहर देखी गई। विधायक बरकड़े ने कहा कि नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम एक सराहनीय पहल है जिससे छात्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी यात्रा आसान होगी। उन्होंऔने सभी बच्चों  के उज्ज वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान जिपं सदस्य महेन्द्र वरकड़े, पतिराम भवेदी, रामचन्द्र मरावी, सरपंच खुक्खम नारायण सिंह डोंगरे, झल्के सिंह वरकड़े, शिक्षा अधिकारी सुश्री पूनम बरकड़े मौजूद थीं।

# घर में मिली प्रोफेसर की खून से सनी लाश

### गढ़ा थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक महिला प्रोफेसर की खून से सनी लाश उनके घर में मिली। मृतक के गले और हाथ में कटने के निशान थे । मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंबर विहार में रहने वाली 57 वर्षीय प्रो. प्रज्ञा अग्रवाल अविवाहित थीं। वे होम साइंस कॉलेज में वनस्पति शास्त्र पढ़ाती थीं। हाल ही में उनका ट्रांसफर जबलपुर से दमोह हुआ था। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि प्रोफेसर घर पर अकेली रहती थीं। आसपास के कुछ लोग कभी-कभी उनसे मिलने आया करते थे। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मृतका प्रज्ञा अग्रवाल की गढ़ा क्षेत्र की रहने वाली मेड रोज की तरह शुक्रवार दोपहर जब काम करने के लिए घर पहुंची। जैसे ही दरवाजा खोलकर अंदर गई, तो देखा कि दूसरे कमरे में प्रज्ञा मृत अवस्था में पड़ी हुई थीं। चारों तरफ खून फैला हुआ था। मेड ने इसकी जानकारी पुलिस को जानकारी दी। पुलिस पूछताछ में मेड ने बताया कि वह कई सालों से उनके घर पर काम कर रही है। प्रज्ञा ने उसे घर की एक चाबी भी दे रखी थी, जिससे वह दिन में 2 से 3 बार आकर काम करती और चली जाती थी। प्रज्ञा अग्रवाल की हत्या की गई है या उन्होंने आत्महत्या की। पुलिस अब इसकी जांच कर रही है। जिस स्थान पर उनका शव मिला, वहां पास में एक चाकू भी पड़ा था। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि प्रज्ञा का ट्रांसफर दमोह हो गया था, इस कारण वे अभी कॉलेज नहीं जा रही थीं। उनके गले और हाथ में चाकू से कटने के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, इसलिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। उनके भोपाल में रहने वाले भाई को सूचना दे दी है।



# फर्जी प्रमाणपत्र बनाने वाले के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

### शहपुरा थाने का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहपुरा थाने में बाबूलाल कुर्वेती उम्र 56 वर्ष विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शहपुरा कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शहपुरा ने लिखित शिकायत दी कि वह शिक्षा अधिकारी के पद पर शहपुरा में पदस्थ है तथा स्थानीय निवास प्रमाण पत्र के लिए लोक सेवा केन्द्र शहपुरा में डिजिटलीय प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिकृत है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के पत्र  दिनांक 8/07/25 के अनुसार सेन कम्प्युटर के संचालक प्रदीप सेन पिता उत्तम सेन के विरुद्ध कूट रचित हस्ताक्षर कर उपयोग कर प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बंध में लेख किया गया है। विभिन्न माध्यमो से प्राप्त शिकायतो के आधार पर  संयुक्त दल व्दारा तहसील कार्यालय के आसपास स्थित सभी कम्प्युटर सेंटरों आनलाइन सेंटरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सेन कम्प्यूटर केन्द्र में संदिग्ध दस्तावेज प्राप्त हुये, जिसमें निशा यादव को प्रदान किया गया स्थानीय निवास प्रमाण पत्र संदिग्ध पाया गया जो तस्दीक करने पर लोक सेवा केन्द्र शहपुरा द्वारा जारी नहीं करना पाया गया। इसी प्रकार कार्यालीन पत्र  दिनांक 7/7/25 के अनुसार प्रदीप सेन संचालक सेन कम्प्युटर सेंटर शहपुरा द्वारा कूट रचित हस्ताक्षर से 10 लोगों के दस्तावेज तैयार करते हुये प्राधिकृत अधिकारी बाबूलाल कुर्वेती विकासखंड शिक्षा अधिकारी शहपुरा के नाम का दुरूपयोग किया गया। संयुक्त दल व्दारा किये गये निरीक्षण में सेंटर में उसके डिजीटल हस्ताक्षर से जारी स्थानीय निवास प्रमाण के अतिरिक्त अन्य प्राधिकृत अधिकारियों व्दारा जारी प्रमाण पत्र भी सेन कम्प्युटर सेंटर व्दारा कूट रचित हस्ताक्षर का उपयोग कर प्रमाण पत्र जारी किये जाना पाया गया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी प्रदीप सेन के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# रामलीला समिति और फुटबॉल एसोसिएशन ने कैंट बोर्ड के निर्णय पर जताया विरोध




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।**

कैंट बोर्ड द्वारा शिवाजी ग्राउंड में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों पर रेंट लगाने का निर्णय अब उसके गले की फांस बनता नजर आ रहा है। रामलीला समिति तो पहले ही ऐलान कर चुकी है कि शिवाजी ग्राउंड में होने वाले रावण दहन के आयोजन के लिए वह कैंट बोर्ड को कोई रेंट नहीं देगी। अब मप्र फुटबॉल एसोसिएशन ने भी कैंट बोर्ड सीईओ को पत्र लिख रेंट 3 हजार रूपए किए जाने का विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि उनके टुर्नामेंट तो कई दिनों तक चलते ऐसे में तो लाखों रूपए इंतजाम करना होगा।

ऐसे में तो कैंट से खेल प्रतियोगिताएं ही समाप्त हो जाएंगी। वहीं रामलीला समिति के अभिषेक चौकसे चिंटू का कहना है कि सदर बाजार के अंदर स्थित रामलीला मैदान में कैंट बोर्ड द्वारा भवन बनाकर उसे ठेकेदार कमर्शियल एक्टिविटी के लिए दे दिया है।

### अलग-अलग आयोजन, अलग-अलग रेट

भवन निर्माण के दौरान जब रामलीला समिति ने आपत्ति की तो कैंट बोर्ड के तत्कालीन अधिकारियों ने यह कहते हुए रावण दहन का कार्यक्रम शिवाजी ग्राउंड में स्थानांतरित कराया था कि यह बड़ा आयोजन है। इसका आयोजन व्यापक पैमाने में होना चाहिए, इतना ही नहीं कैंट बोर्ड प्रशासन ही मैदान में बैरिकेटिंग व अन्य व्यवस्थाएं भी करता चला आ रहा था। लेकिन अब ऐसा क्या हो गया है कि कैंट बोर्ड प्रशासन धार्मिक भावनाओं को दरकिनार कर रहा है।

### कर्मिशयल एक्टिविटी पर लगी थी रिट

बताया गया कि शिवाजी ग्राउंड में कर्मिशयल एक्टिविटी के मामले में जो याचिका लगी थी वह भी कैंट बोर्ड द्वारा ग्राउंड में प्रदर्शनी लगाए जाने के बाद लगी थी। रामलीला समिति ने तो कभी भी ग्राउंड का व्यापारिक उपयोग नहीं किया। उल्लेखनीय है कि शिवाजी ग्राउंड में होने वाले धार्मिक आयोजन रावण दहन, मोहर्रम एवं पराम्परिक खेल प्रतियोगिता दंगल पर कैंट बोर्ड प्रशासन ने इस वित्तिय वर्ष से प्रतिदिन का किराया निर्धारित कर दिया है। रावण दहन और मोहर्रम के लिए कैंट बोर्ड ने 51 सौ रूपए किराया तय किया है। वहीं दंगल के लिए यह किराया 3 हजार रूपए तय किया गया है।

# 5000 से अधिक आबादी वाली पंचायत में बनेंगे 2 सामुदायिक भवन

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने भरवेली में नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश में जिन ग्राम पंचायत की आबादी 05 हजार से ज्यादा है वहां पर दो सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। 10 से 12 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर में क्लस्टर वाली ग्राम पंचायत में उपयंत्री का कार्यालय बनाया जाएगा। यह बातें मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 11 जुलाई को बालाघाट जनपद पंचायत के ग्राम भरवेली में 64 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत भवन के परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं समाज सेविका माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण किया और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।



कार्यक्रम में कलेक्टर मृणाल मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जनपद अध्यक्ष श्री फूलचंद सहारे, उपाध्यक्ष शंकर लाल बिसेन, जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे, सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन, अभय सेठिया, आनंद कोछड़, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भरवेली की इस ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम मेरे लिए आज एक यादगार का दिन बन गया है। देश के विकास की रीढ़ माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी जी एवं महान समाजसेवी सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मुझे मिला है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल जी के प्रयासों से देश के गांव को डामर की पक्की सड़कों से जोड़ा गया है । इस काम के लिए उन्होंने कोई टैक्स नहीं लगाया बल्कि पेट्रोल और डीजल पर सेस लगाकर इस योजना के लिए राशि का इंतजाम किया था। उनके द्वारा प्रारंभ की गई यह योजना आज भी फलीभूत हो रही है। माता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा के लिए जो काम किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भरवेली एक सक्षम ग्राम पंचायत है और इसके पास पैसा भी अधिक है। सरपंच श्रीमती गीता बिसेन के प्रयासों से ग्राम पंचायत में सर्व सुविधायुक्त एक अच्छा भवन बनाया गया है। इसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोई भी ग्राम पंचायत ऐसी नहीं रहेगी जिसमें उसका अपना ग्राम पंचायत भवन ना हो। प्रदेश में चरण बद्ध रूप से ग्राम पंचायत भवन बनाए जा रहे हैं और उनके साथ ही सामुदायिक भवन भी दे रहे हैं। जिन ग्राम पंचायतों की आबादी 05 हजार से अधिक है वहां पर दो सामुदायिक भवन दिए जा रहे हैं। भरवेली को भी इसका लाभ मिलेगा।

# आदर्श महाविद्यालय में मनाया गया गुरू पूर्णिमा उत्सव

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को महाविद्यालय में सहज वातावरण अनुभव कराने,भारत की विशिष्ट गुरूशिष्या परम्परा संस्कृति को जानने के लिए आदर्श कालेज में गुरूपूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उमरिया के समाजसेवी सूर्यप्रकाश गौतम, सेवानिवृत्त शिक्षक जे.एल. विश्वकर्मा एवं गायत्री परिवार के संतोष सोनी की गरिमामयी उपस्थित रहे। यह आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ नियाज अहमद अंसारी की अध्यक्षता एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक द्वय निशि कर्ण एवं डॉ राजीव तिवारी के संचालन में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. अन्सारी एवं प्रशासनिक अधिकारी शिव कुमार हल्दकार ने अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं



अंगवस्त्र भेंट कर किया। छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां श्री गौतम ने गुरू को ही मानव का भविष्यं निर्माता बताया तो सेवानिवृत्त शिक्षक श्री विश्वकर्मा ने विद्यादान को सर्वश्रेष्ठ दान बताया। श्री सोनी ने भारत की विशिष्ट गुरू शिष्या परम्परा और संस्कृति को सुरक्षित रखने पर बल दिया। प्राचार्य एवं राजनीति विज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास के प्राध्यापक डॉ. अन्सारी ने विकसित भारत 2047 हेतु आज के बदलते समय में छात्रों एवं शिक्षकों के अध्यापन कौशल व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न मृदुल कौशल विकसित करने रहने की आवश्यकता को समझाया जिससे कि अध्ययन रोचक, रोजगारोन्मु खी एवं समाज उपयोगी बन सके। अंत में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सभी ने ऑनलाइन प्रसारण देखाएवं सुना।

### सभी प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिए अनुज्ञा पत्र होगा अनिवार्य

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश में वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के नियमों में बड़ा बदलाव आया है। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्णय के अनुसार, अब मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के तहत सभी प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिए अनुज्ञा पत्र अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश वन विभाग ने पहले 24 सितंबर 2015 और 11 अप्रैल 2017 को अधिसूचना जारी कर 62 वृक्ष प्रजातियों को अभिवहन पास से मुक्त किया था। लेकिन उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 13864/2019 के तहत 1 मार्च 2025 को राज्य शासन द्वारा जारी उक्त अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया।

# गुरुपूर्णिमा पर विद्यार्थियों को किया गया साइकल और किताबों का वितरण

**परसवाड़ा।** जनपद शिक्षा केन्द्र परसवाड़ा अन्तर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शासन के मंशानुरूप दुरदराज से विद्यालय पहुंचने वाले चिन्हत विद्यार्थियों को साइकल और किताबों के साथ ही स्कूल युनिफोर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर परसवाड़ा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल, प्रमुख अतिथि विश्व हिन्दू परिषद संयोजक विशाल महानंद व

विशेष अतिथि एसडीएम प्रदीप कौरव तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीडी ठाकरे की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। आगंतुक अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया । छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किये । जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल ने छात्र-छात्राओं को गुरू पूर्णिमा पर शुभकामनाएं प्रेषित की वहीं उन्होंने गुरूओं का सम्मान करने व प्रदाय किए जा रहे साइकल का उपयोग करते हुए समय पर विद्यालय पहुंचने की सीख छात्र छात्राओं को दी । इस दौरान एसडीएम प्रदीप कौरव ने छात्र-छात्राओं को गुरू की जीवन में महत्ता बताते हुए कहा कि सभी के कोई ना कोई गुरु होते हैं छात्र-छात्राओं को भी अपने लक्ष्य का निर्धारण कर गुरू के मार्गदर्शन में आगे बढ़ना चाहिए। क्योंकि गुरु ही होते हैं जो अपने विद्यार्थियों को ऊंचाइयों तक ले जातें हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि सभी को लक्ष्य का निर्धारण कर गुरू के मार्गदर्शन पर चलना चाहिए जिससे शासन की योजनाओं का लाभ जैसे लैपटाप, स्कूटी और अन्य लाभ प्राप्त हो सके, इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीडी ने छात्रों से कहा कि सभी को अपने आध्यात्मिक और शिक्षण देने वाले गुरु को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीते सत्र 2023 व 2024 में विकासखंड स्तर पर कुछ छात्रों को उनके खाते मे राशि प्रदान की गई थी और जो 530 साइकिलें आवंटित हुए थे हमने वे छात्र-छात्राओं को बांट



दिया था । बीते सत्र 2024-25 में सभी छात्र-छात्राओं को साइकल वितरण किया गया है कुछ 130 साइकिलें शेष है जो उपलब्ध होने पर वितरित की जायेगी । फिर भी कोई छात्र शेष है तो उनको भी साइकिल वितरित की जायेगी। विकासखंड स्तर पर जिन छात्रों का नाम पोर्टल पर अपडेट नहीं उन्हें भी नाम अपडेट होने पर साइकल वितरित की जायेगी । उन्होंने बताया कि जिन गांवों में विद्यालय है और वह परसवाड़ा में अध्ययन कर रहे है ऐसे छात्रो को इस योजना का लाभ नहीं मिले पायेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साइकल वितरित किया गया । कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक राजेश नंदन चंदेल द्वारा किया गया वहीं आभार प्रदर्शन व्याख्याता सुनिल मेश्राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही ।

### सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में भी किया वितरण

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय परसवाड़ा में ग्राम प्रधान गायत्री सुधीर कुमरे के मुख्य आतिथ्य व पंचगण अशोक चांवले, पंच प्रतिनिधि श्रीश अवधिया, पत्रकार हर्ष पाण्डेय के प्रमुख आतिथ्य व विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीडी ठाकरे के विशेष आतिथ्य तथा प्राचार्य शिवप्रसाद मानेश्वर की अध्यक्षता में साइकल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान, स्वागत वंदन और उद्बोधन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, वहीं आगंतुक अतिथियों और गुरू जनों ने छात्र-छात्राओं को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम के पश्चात आगंतुक अतिथियों के हस्ते चिन्हित छात्र-छात्राओं को साइकल, किताबें और युनिफोर्म प्रदाय किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, पालकगणों और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही ।




# विश्व जनसंख्या दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जन सामुदाय,स्टॉफ को जनसंख्या नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में जानकारी दी गई एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत स्थाई /अस्थाई साधनों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम स्तर पर जागरूकता रैली संवाद करने हेतु आशा साथियों एवं गैर सरकारी संस्था दर्शाना महिला कल्याण समिति छतरपुर के कार्यकर्ताओं को अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बुधराम राहंगडाले जिला समन्वयक, डॉ फिरोज खान मेडिकल ऑफिसर डॉ सुरेंद्र पटेल आरबीएसके, एस.पी कोल बीईई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# मानपुर नगर परिषद द्वारा गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों को किया गया सम्मानित

**मानपुर (स्वतंत्रमत)।** गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरर्देवो महेश्वररू, गुररू साक्षात् परब्रह्म तसमै श्री गुरवे नमरू। गुरुवार 10 जुलाई को पूरे भारत वर्ष के साथ पावन तिथि अषाढ़ के पूर्णमासी विक्रम संवत 2082 (सन् 2025) को मानपुर नगर परिषद द्वारा गुरु पूर्णिमा मनाया गया। यह कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के सांथ मानपुर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 छोटेलाल महा विद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं नगर परिषद अध्यक्ष भारती सोनी जी के द्वारा मां सरास्वती जी के प्रतिमा का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मानपुर नगर परिषद के समस्त स्टॉफ के सांथ अध्यक्ष श्रीमती भारती सतीश सोनी द्वारा कॉलेज के मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती रानी सिंह एवं वहां के सभी विद्वान गुरुजनों का चंदन और पुष्प गुच्छों से स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। वहीं नगर वालों को अतित्थ रुप में कॉलेज के स्टाफ द्वारा भी स्वागत किया गया। स्वागत के बाद सभी गुरुजनों और कॉलेज



के विद्यार्थियों का मुख मीठा किया गया। अंत में नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा सभी गुरुजनों का शॉल और श्रीफल से सम्मानित कर आशिर्वाद लिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष श्रीमती भारती सोनी ने कहा कि मनुस्य को अंधकार से निकाल कर प्रकाश में रखने वाले ही गुरु देव माने जाते हैं । महां पुरुषों का मानना है कि गुरु को भगवान सम उपाधि प्राप्त है, मानव के मुख्य तीन गुरु होते हैं जिनमे प्रथम गुरु माता, दूसरे पिता और तीसरे शिक्षा देने वाले शिक्षक, और गुरुमंत्र देने वाले। शिक्षा - ज्ञान देने वाले गुरु माने गये हैं। किसी जाति अथवा उपाधि के दृष्टि से नहीं बल्की प्रकाश रूपी शिक्षा और ज्ञान देने वाले ही गुरु कहलाये गये हैं। इस गुरु पूर्णिमा के अवसर हम गुरु भगवान को पुनरू सत सत नमन करके अपने जीवन को धन्य मान रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य श्रीमती रानी सिंह जी ने अपने उदबोधन में कहा कि गुरु की उपाधि जगत में श्रेष्ठ है, क्यों कि कोई व्यक्ति जन्म से ही शिक्षा और ज्ञान युक्त नहीं होते। प्राणी को ज्ञान बुद्धि रूपी शिक्षा प्राप्त करने के लिये किसी गुरु का आश्रय लेना ही पड़ता है, वह गुरू माता व पिता व शिक्षक अथवा आचार्य ही क्यों न हों, वहीं गुरू के बाद शिष्य का स्थान भी श्रेष्ठ होता है क्यों कि शिष्य ही गुरुओं का महत्व समझ पाते हैं, अपने माता पिता के सांथ गुरुजनों का नाम रोषन करने में शिष्यों का भी सराहनीय योगदान रहता है। गुरु और शिष्यों का महत्व महानतम् है, हम गुरुजन को सादर प्रणाम् करते हुये शिष्य लोगों के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीष सोनी, उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल, पारषद अतुल तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि डॉ प्रदीप गुप्ता, और सजन कोल ने अपने अभिवादन में सभी गुरुजनों का स्वागत करते हुये अपने विचार व्यक्त किये। अधिवक्ता सतीश सोनी जी ने कहा कि गुरु ज्ञान बिना मानव जीवन घोर अंधकार में डूबा रहेगा, वास्तव में किसी भी मानव के लिये ज्ञान बुद्धि दाता गुरु देव और भगवान के सम होते हैं, गुरु गोविंद दोनो ठाढ़े काके लागूं पांव, बलिहारी गुरु आपने हमको दियो बताय,अर्थात् जब किसी के सभी रास्ते बंद होते नजर आये तो गुरु ज्ञान से उसे सरल रास्ता मिल जाया करता है, और जीवन प्रकाशमय हो जाया करता है।



# सहयोग माइक्रोफाइनेंस ब्रांच का मानपुर में हुआ शुभारंभ

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मानपुर जिला उमरिया ब्रांच का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुजा पटेल जी के कर कमलों द्वारा रीबन काटकर एवं माता सरस्वती जी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीजनल मैनेजर जबलपुर श्री प्रणेश झा, नदकिशोर खतरकार, बीजेपी के वरिष्ठ नेता हरीश विस्वकर्मा, बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष मानपुर राममोल केवट, व्यापारी संघ से रसिक खंडेलवाल, राहुल शुक्ला युवा अध्यक्ष सामजिक सेना मानपुर, धर्मेंद्र गौतम ब्रांच मैनेजर उमरिया, विष्णु भारती एवं सभी व्यापारी सामाजिक भाइयों के नेतृत्व में एक नई उमंग और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। वही साथ मे मानपुर ब्रांच के रूप मे नए मैनेजर नवीन दुबे को नियुक्त किया गया।

### पार्षद ने सांसद से मुक्तिधाम निर्माण की मांग की

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत पंडित जवाहर लाल नेहरु वार्ड नंबर 11 मे मुक्तिधाम बनवाने गुरुवार 10 जुलाई को शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह से मांग की गई है। पार्षद पूर्णिमा सुजीत सिंह ने शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह को ज्ञापन देते हुए यह मांग की है। पार्षद ने कहा है वार्ड नंबर 11 खलेसर पत्ता गोदाम के पीछे मुक्तिधाम की जमीन जिसका खसरा नंबर 298/612 कलेक्टर द्वारा दिनांक 27/10/2022 को कॉलम नंबर 12 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा 0.101 हे0 शमशान भूमि हेतु आरक्षित की गई है। वार्ड मे तथा वार्ड से लगे क्षेत्र मे नागरिकों को अंतिम संस्कार करने के लिए मुक्ति धाम कहीं नहीं है जिससे समस्त आमजन को समस्या का सामना करना पड़ता है, इसलिए वार्ड नंबर 11 मे मुक्तिधाम बेहद जरुरी है।

# शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व





बालाघाट।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर्व का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। दीप प्रज्जवल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एएल शरणागत, विशिष्ठ अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल बिसेन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सरिता कोल्हेकर, प्राचार्य डॉ. एसएस गेडाम, विशेष अतिथि श्री शिवदयाल बोपचे, मुख्य लिपिक श्री डीएल एडे, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रक्षा निकोसे उपस्थित रहें।

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें गुरूजनों का सम्मान, गुरू शिष्य परम्परा के महत्व पर उद्बोधन, चित्रदर्शन, भाषण, गीत एवं कविता वाचन के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. शरणागत ने गुरू शिष्य संबंधो पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान गुरू शिष्य की सनातन परम्परा पर चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गेडाम ने गुरू पूर्णिमा पर भारतीय संस्कृति एवं बौद्ध दर्शन में गुरू पूर्णिमा के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री नरेन्द्र डोंगरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।



# आधा दर्जन गांवों में जंगली हाथियों का भीषण उत्पात

## मालाचुआ में ग्रामीणों के घर तोड़कर अंदर से ले गए अनाज

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के पाली विकासखंड के मालचुआ गांव में विगत दिवस जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। कई घरों को नुकसान पहुंचाया गया है, वहीं ग्रामीणों को जान बचाने के लिए घर छोड़कर भागना पड़ा,देर रात करीब चार से पांच जंगली हाथियों का झुंड गांव में घुस आया,इन हाथियों ने खेतों के बाद कई किसानों के कच्चे घरों को पूरी तरह तहस-नहस कर डाला,घर के अंदर रखे धान, गेहूं और मक्का के बोरे हाथियों ने पूरी तरह बर्बाद कर दिए। ग्रामीणों ने किसी तरह रात में भाग कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को दी, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस लापरवाही से ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है। घटना सामान्य वन परिक्षेत्र घुनघुटी की है, जहां पहले भी हाथियों की गतिविधियां देखी जाती रही हैं,लेकिन वन विभाग की निष्क्रियता ने एक बार फिर ग्रामीणों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं,हालांकि देर रात वन विभाग की टीम गांव पहुंची है और समीपी गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगली हाथियों से बचाव के लिए जागरूकता और चेतावनी दी जा रही है।


## कार्यालय नगर परिषद् मानपुर जिला-उमरिया (म. प्र. )
**Email-cmomanpur.uma@mpurban.gov.in**

क्रमांक/507/न.परि./2025 — मानपुर, दिनांक 11/07/2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD 436501_1 | Construction of CC Road Ward No. 01 Kandhai Chahudhari House To Bhagole Chaudhari House | (1) 03 माह (2) 647726/- | (1) 2000 /- (2) 4860/- | 18/07/2025 | त्रितीय निविदा |
| 2. | 2025_UAD_ 428573_1 | Construction of RCC Road Drain Ward No. 5 Ramprakash Kushwaha House To Shyam Narayan Baruha Nala | (1) 03 माह (2) 1647544/- | (1) 2000 /- (2) 12360/- | 26/07/2025 | त्रितीय निविदा |
| 3. | 2025_UAD_ 428400_1 | Construction of CC Road Ward No. 4 Babulal Basor House To Shyamlal Basor House | (1) 03 माह 2 ) 706615/- | (1) 2000/- (2) 5300/- | 18/07/2025 | त्रितीय निविदा |
| 4. | 2025_UAD_ 428351_1 | Construction of CC Road Ward N.01 Hetram Chaudhari House To Rammilan Chaudhari House | (1) 03 माह (2) 672445/- | (1) 2000/- (2) 5045/ | 18/07/2025 | त्रितीय निविदा |
| 5. | 2025_UAD_ 428310_1 | Construction of CC Road Ward N.05 Bhagirathi Bhatt House To Narwada House | (1) 03 माह ( 2 ) 561819/- | (1) 2000/- (2) 4215/- | 18/07/2025 | त्रितीय निविदा |
| 6. | 2025_UAD_ 428643_1 | Construction of CC Road Ward N.01 Sanat Chaudhari House Beohari Road | (1) 03 माह (2) 479885/- | (1) 2000/- (2) 3600/- | 18/07/2025 | त्रितीय निविदा |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मानपुर जिला उमरिया**

# रेल्वे संघर्ष समिति की बैठक में रेल सुविधा बढ़ाने के साथ अन्य मांगों पर बनी सहमति, रेलमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन





**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय ब्रॉडगेज रेल्वे संघर्ष समिति लोकसभा क्षेत्र मंडला के द्वारा रेलमंत्री भारत सरकार अश्वनी वैष्णव के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के पूर्व बैठक का आयोजन किया गया जहां पर सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मांग है कि मंडला फोर्ट स्टेशन से नैनपुर, इंदौर, पैंचवेली रेलगाड़ी को एवं अन्य रेल गाड़ियो को प्रारंभ किया जाए। इसी के साथ अन्य मांग भी की गई है ज्ञापन के दौरान राष्ट्रीय महासचिव अनूप मिश्रा, लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन सराफ, जिला अध्यक्ष अनूप बासल, निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े, पूर्व विधायक संजय उईके, गणेश पटैल, अखिलेश कछवाहा, राकेश तिवारी, सोनू भलावी, बीके राय, रागिनी तिवारी, बाबा चौरसिया सहित रेल्वे संघर्ष के साथ सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा गया। मांग है कि मण्डला फोर्ट स्टेशन से छोटी लाईन के माध्यम से विगत 100 वर्षों से रेलगाड़ियों को संचालन हो रहा था सन् 2018 में छोटी लाईन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया गया उस समय तत्कालीन शासन ने जनता को आश्वासन दिया था कि मण्डला फोर्ट स्टेशन से लम्बी दूरी की रेलगाड़ियां देश के सभी भागों में संचालित की जावेगी जिसका मुख्य कारण यहां पर रेलगाड़ियों की सफाई इत्यादि के लिये नर्मदा नदी का स्थित होना तथा प्रचुर मात्रा में जल उपलब्ध होना है किन्तु विगत 5 वर्षों से रेल मंत्री द्वारा आश्वासन के अलावा इस दिशा कोई भी कार्य नहीं किया गया इस संबंध में आदिवासी लोकसभा क्षेत्र मण्डला की जनता द्वारा अनेक बार जन आंदोलन किये गये एवं रेल मंत्री को ज्ञापन सौपे गये। अभी तक यही देखा जा रहा है कि इस क्षेत्र में जो भी गाड़ियां चलाई जा रही है वह नैनपुर तक ही चलाई जाती है तथा वह रेल गाड़ियां दिन भर नैनपुर खड़ी रहती है मांग है कि इंदौर से नैनपुर तक जुलाई माह में प्रारंभ की जाने वाली पेंचवेली एक्सप्रेस को मण्डला तक चलाया जावे जिससे यहां के व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं बीमार व्यक्तियों को इंदौर महानगर तक पहुंच की सुविधा प्राप्त हो सके साथ की मण्डला तक शुरू करने से रेलवे को भी अच्छी आय प्राप्त हो सकेगी यहां पर रेलगाड़ी को खड़ी रखने एवं सफाई के लिए पर्याप्त अतिरिक्त रेलवे ट्रेक एवं पानी क सुविधा उपलब्ध है बैतूल से सिवनी चलाई जाने वाली रेलगाड़ी को मण्डला फोर्ट तक चलाया जावे शाम को मण्डला से नैनपुर चलाई जाने वाली रेलगाडी को नागपुर तक चलाया जावे जिस महाराष्ट्र से संबंधित विद्यार्थियों नौकरी पेशा व्यक्तियों व्यापारियों एवं मरीजों को नागपुर तक पहुंच की सुविधा प्राप्त हो सके इस रेलगाड़ी से भी रेलवे को अच्छी आय प्राप्त होगी मण्डला फोर्ट से रायपुर भोपाल एवं पूना के लिये भी रेलगाडियां प्रारंभ की जावे जिससे समितियों का गठन किया जावे तथा समिति में ब्रॉडगेज रेलवे संघर्ष समिति के अधिकांश सदस्यों को सदस्य नियुक्त किया जावे। पेंडा से डिंडौरी, मण्डला होते हुए गोटेगांव तक स्वीकृत सर्वे के अनुसार रेल लाइन का शीघ्र निर्माण किया जावे मण्डला फोर्ट से घंसौर को जोड़ा जावे इससे रेलयात्री गाडियों को ओवरटेक करने के लिए मण्डला से घंसौर की दूरी मात्र 30 किमी है मण्डला से घंसौर रेलवे स्टेशन का निर्माण किमी का बाईपास रेलवे टेक उपलब्ध हो जावेगा जिससे विपरीत दिशा में आने-जाने वाली गाड़ियों को क्रॉस करने के लिए प्रतिक्षा नहीं करनी पड़ेगी। बिलासपुर से पंडरिया डोंगरगढ़ रेल लाइन का निर्माण कार्य जारी है इसी तारतम्य में पंडरिया से बिछिया, मण्डला फोर्ट होकर व्हाया घंसौर, जबलपुर रेल लाईन का निर्माण तत्काल प्रारंभ किया जावे यह रेल लाईन मप्र, छग एवं देश के उत्तर दक्षिण को जोड़ने में एक सेतु का कार्य करेगा इससे व्यापार, पर्यटन एवं कृषि क्षेत्रों को बहुत अधिक बढ़ावा मिलेगा जिससे जनता आर्थिक रूप से खुशहाल होगी। मण्डला में स्टेशन पर ट्रेन वाशिंग एप्रोन की स्थापना की जावे क्योंकि मण्डला रेलवे स्टेशन से 1 किमी की दूरी पर नर्मदा नदी अपनी विशाल जलधारा के साथ बहती है जिससे यात्री गाड़ियो की साफ-सफाई कार्य हो सके एवं यहां से देश के विभिन्न भागों को सीधी यात्री रेल गाड़ियां प्रारंभ की जा सके। मण्डला फोर्ट स्टेशन में सभी गाड़ियां आकर समाप्त हो जाती है यह टर्मिनल स्टेशन कहलाता है इसलिये टर्मिनल स्तर की सभी सुविधाएं मण्डला फोर्ट रेल स्टेशन को प्रदाय की जावें। नागपुर, छिंदवाड़ा क्षेत्र को जिस मेट्रो परियोजना से जोड़ने की स्वीकृति प्राप्त हुई है इस परियोजना से सिवनी, मण्डला एवं बालाघाट जिले को भी जोड़ा जावे।



## गुरुओं का सम्मान हमारी सनातनी परम्परा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला भाजपा के द्वारा जिले भर में जिला स्तर व मंडल स्तर पर कार्यक्रम कर गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान किया है। इस अवसर पर पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर स्थित मंदिर, आश्रम प्रमुख धार्मिक स्थानों पर जाकर संत, साधु, महात्माओं और महंतों का आदर सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी नरेश कछवाहा, नगर अध्यक्ष भाजपा शिवा रानू राजपूत गुरुओं व संतो का शॉल श्रीफल से सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम भाजपा प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर आयोजित किया गया। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि योगी विद्यालय में महर्षि महेश योगी को नमन कर किया गया। जहां सरस्वती शिशु मंदिर में गुरूपूजन कर संत रामदास जी महाराज सहस्त्रधारा गोंझी आश्रम, संत श्री शारदात्मानंद रामकृष्ण सेवा आश्रम, संत श्री सच्चिदानंद सुरंगदेवरी, साध्वी मनीषा माता ग्राम सिलपुरा, प्रेमानंद जी महाराज घाघा, संत सच्चिदानंद जी महाराज नावघाट, कथावाचक ललित मिश्रा महाराज साईसेवा आश्रम, संत तुलसीगिरी महाराज अंजनियां, संत संतोष महाराज हिरदेनगर, संत नर्मदागिरी महाराज मानादेही, पंडित अशोक दुबे आश्रम बिनैका रोड, पंडित विजयानंद शास्त्री बम्हनी, पं नीलू महाराज वरदान आश्रम अंजनिया, पं. संतोष शास्त्री पदमी, मुनि नारायण घाघी में जाकर सम्मान पूर्वक शॉल श्रीफल पुष्पमाला से सम्मान करते हुए आर्शीवाद लिया। जिला मुख्यालय के महिष्मति घाट में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों,वरिष्ठ शिक्षकों, राष्ट्रपति व राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षकों का सम्मान किया गया। जहां इस अवसर पर वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश क्षत्री, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक शक्ति पटेल, अखिलेश उपाध्याय, शैल दुबे, भागवत बैरागी पुष्पमाला शॉल श्रीफल, मिष्ठान से सम्मान किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम भाजपा द्वारा जिला स्तरीय व मंडल स्तरीय तय किया गया था और हमने जिले के विभिन्न स्थानों पर गुरुओं का सम्मान कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस दौरान सह प्रभारी सुश्री शशि पटेल, विनय तिवारी, श्याम दुबे, सुधीर अग्रवाल, सचिन शर्मा ,सौरभ गुप्ता, संतोष साहू, संतोष जंघेला, सरोज सोनी, रितेश राय, शिखा श्रीवास्तव, योगेश चक्रवर्ती, मंगलेश चक्रवर्ती, मनीषा तिवारी, यशवल तिवारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवा, जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## काल बना ट्राला: 1 की मौत, 2 घायल



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मंडला में नेशनल हाईवे 30 पर जबलपुर की ओर जा रही टोयटा कार को सामने से आ रहे ट्राला ने टक्कर मार दी। हादसे में 1 महिला की मौत हो गई वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार दोपहर 2 बजे की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के तिंदनी में टाटा मोटर्स शोरूम के पास हुई इस टक्कर में कार पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में प्रतिष्ठित व्यापारी, राजुल होंडा के संचालक राकेश चिंटू अग्रवाल अपने परिवार के साथ सवार थे। हादसे में राकेश चिंटू अग्रवाल की पत्नी ऋतु अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई और उनका बेटा राहुल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत कटरा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। जहां पर चिंटू अग्रवाल एवं राहुल अग्रवाल का ईलाज जारी है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसे रायपुर रोड से पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने नारायणगंज विकासखण्ड के ग्राम रतनपुर चौकी के बाढ़ प्रभावित स्कूल का निरीक्षण किया। जिले में 5 और 6 जुलाई को हुई भारी बारिश के कारण एक शाला एक परिसर वाले इस आवासीय स्कूल, छात्रावास एवं आंगनबाड़ी के संपूर्ण परिसर में बाढ़ का पानी भर गया था। बाढ़ के कारण स्कूल में रखी सामग्री और बच्चों के बिस्तर आदि खराब हो गये थे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## निर्मला स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** निर्मला सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय में नवनिर्चाचित छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्राचार्य क्लाराकुजूर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवल से किया गया व अतिथि का अभिवादन स्वागत गीत से किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित शाला समिति के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा स्लेष व प्राचार्य द्वारा बैज प्रदान कर पद की गरिमा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान योगानृत्य भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा अपने उद्बोधन में छात्रों को अनुशासन और मेहनत का महत्व बताते हुये कहा कि नेतृत्व करने के लिये न केवल अधिकार बल्कि जिम्मेदारियों तथा अपने कर्तव्यों का पूर्णनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वाहन करना आवश्यक है। उक्त कार्यक्रम में उप प्राचार्य सिस्टर ट्रीजाज्योस के साथ समस्त कार्यक्रम प्रभारी एवं शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थी। जिन्होंने सभी नवनिर्वाचित सदस्यो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रदान की।

## नि:शुल्क साईकिल वितरण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासन के निर्देशानुसार हाईस्कूल बिंझिया में नि:शुल्क साईकिल पात्र विद्यार्थियों को वितरित की गई। साईकिल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बिंझिया सरपंच श्रीमती इंदिरा मरावी, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आशुतोष बाजपेयी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एलएस मसराम सहायक संचालक, प्राचार्य मुकेश कुमार पांडे उपस्थित रहे। नि:शुल्क साईकिल प्रभारी योगेंद्र कुमार पटेल के प्रयासों से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बच्चों को साईकिल वितरित हुई।

## गायत्री परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा मंडला के द्वारा गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर गुरुदेव परम् वंदनीया माता के सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पर्व मनाया गया जिसमें प्रथम चरण में सुबह 6 बजे से साधना, सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 7 दीक्षा संस्कार 2 यज्ञोपवीत के साथ माता भगवती भोजनालय का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 35 युग सृजन सैनिकों द्वारा रक्तदान किया गया इसी क्रम में आयुष चिकित्सालय एवं डॉ तिलगाम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमें दवाई वितरण, प्रारंभिक जांच एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा इलाज कर मानव सेवा का परिचय दिया गया तत्पश्चात शाम को भव्य दीपयज्ञ के साथ बेटी प्रव्या साहू का जन्मदिवस् संस्कार मनाया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार ट्रस्ट के सभी ट्रस्टियों के साथ वरिष्ठ परिजनों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## ट्रैक्टर में दबने से युवक की मौत

**मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)।** निवास थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिन्हा के पोषक ग्राम मुकास में खेत में कृषि कार्य करते समय एक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलटने का मामला सामने आया हैं जिससे ट्रेक्टर चालक की ट्रेक्टर में दबकर मौत हो गई हैं बताया गया की जिसका वीडियो भी अब सामने आया हैं बताया गया की चालक रवि प्रकाश उईके पिता शमशेर सिंह उम्र लगभग 20 वर्ष मुकास कला का रहने वाला हैं और मुकास गांव का बारे लाल के खेत पर कृषि कार्य कर रहा था तभी ट्रेक्टर मिट्टी में फंस गया मिट्टी गीली थी वही खेत के पास एक युवक ट्रेक्टर का वीडियो सोशल मीडिया के लिए बना रहा था कि किस तरह मेहनत करके कृषि कार्य होता है तभी अचानक ट्रेक्टर पूरा ऊपर होकर पलट गया और ट्रेक्टर चालक नीचे दब गया अफरा तफरी का माहौल हो गया ग्रामीणों की मदद से चालक को मिट्टी में दबे ट्रेक्टर के नीचे चालक को बाहर निकाला तब तक देर हो चुकी थी चालक की मौत हो चुकी थी।

## श्री हनुमान गढ़ी में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** श्रीहनुमान गढ़ी बुधवारी बाजार में श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ सावन मास के शुभ अवसर पर 11 जुलाई से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चना के साथ किया गया। ज्ञात हो बुधवारी बाजार स्थित दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर में अनेक वर्षों से श्रावण मास के प्रथम दिवस से पूरे एक माह अखंड रामचरित्र मानस पाठ किया जाता आ रहा है। जिसका समापन 12 अगस्त को हवन पूजन महाआरती के साथ समापन किया जावेगा। अखंड रामायण पाठ का पाठन नगर व क्षेत्र के भक्त श्रद्धालुओ के यथा शक्ति सहयोग से सम्पन्न किया जाता आ रहा है। इसी तरह नगर के अन्य धार्मिक स्थलों व घरों में भी पूजा पाठ कीर्तन भंजन शिव पुराण शिव चालीसा, महामृत्युजंय पाठ सुदंर कांड पाठ का आयोजन भी किए जा रहे है।

## आयोग के संज्ञान में आए मामले

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टंडन ने विगत दिवस के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के अनेक मामलों में संज्ञान लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। इस बात की जानकारी कार्यालय मप्र मानव अधिकार आयोग-मित्र शिकायत प्रकोष्ठ शाखा मण्डला से प्राप्त हुई है। जिले के जिला अस्पताल के मेन गेट के पास बनी सड़क के किनारे कचरे का ढेर होने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सड़क किनारे गंदगी के बीच से मरीजों अस्पताल के स्टाफ को आना-जाना पड़ रहा है। इसी तरह रानी अवंती बाई वार्ड अंतर्गत एमएसए सोसायटी के पास मुख्य मार्ग किनारे कई तरह का कचरा फेंका जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों को संक्रामक बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से यहां सफाई नहीं होने से गंदगी फैली हुई है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने सीएमओ नगर पालिका से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद अध्यक्ष अमरसिंह झारिया एवं दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामकुमार मंडाले ने अवगत कराया है कि 10 जुलाई को मण्डला-नैनपुर-बिछिया में अषाढी पूर्णिमा गुरू पूर्णिमा पर बुद्ध विहार में प्रथम धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया इस अवसर पर पूज्य भन्ते धम्मदीप महानंद बोधि ने उपस्थित बौद्ध उपासक उपासिकाओं को धम्म देषनाशील दिया सर्वप्रथम तथागत भगवान की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प समर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव दिलीप सोमकुंवर, महासचिव शरद मेश्राम, सचिव परमानंद मेश्राम, कोषाध्यक्ष रेखाताई मेश्राम, प्रजापति खोब्रागढे पूर्व अध्यक्ष सुरेश चव्हाण, सुजाता सोमकुंवर, नंदिता चव्हाण, सुरेन्द्र सुखदेव, संगीता मेश्राम, नेहा मंडाले, स्मिता, सुखदेव, निषांत, मितेन्द्र, यषवंत राव, सहित काफी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने धम्म देषना ली।

## जानकारी उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए व कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत जन सामान्य के हित जान माल एवं लोक शांति बनाये रखने हेतु आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार जिले के सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में मकान मालिक, होटल, लॉज, धर्मशाला के प्रबंधक, भवन निर्माण के ठेकेदार एवं अन्य व्यक्तियों को काम में रखने वाली कम्पनी एवं निजी सुरक्षा एजेंसी के संचालक किसी भी व्यक्ति को मकान किराए पर देने, होटल, लॉज, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों, भवन निर्माण हेतु ठेकेदारों के अंतर्गत काम में नियोजित व्यक्तियों की जानकारी उनके चरित्र सत्यापन हेतु पहचान पत्र संबंधित थाना चौकी प्रभारियों को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं। उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

## वनवासी विकास परिषद् की बैठक



**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)।** वनवासी विकास परिषद् महाकौशल मंडला प्रखण्ड मवई के खण्ड घुटास में आरोग्य रक्षक मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार डहेरिया क्षेत्र छात्रावास प्रमुख नारायण रजक जिला संगठन मंत्री राजू कुड़ापे खण्ड प्रमुख गया पूसाम एवं आरोग्य रक्षक उपस्थित रहे। उक्त बैठक में अनेक बिन्दू पर चर्चा की गई। संगठन का उद्देश्य संगठन कितनी क्षेणी मे कार्य रहा आधार मे त्रैवार्षिक कार्य योजना ग्राम समिति का कार्य पर विशेष चर्चा हुई।

## विकासखंडवार शिविरों का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के युवक युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु विभागीय हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए सभी विकासखंडों में जनपद पंचायत सभागार कक्ष में शिविर का आयोजन किया जायेगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने जानकारी दी कि जनपद पंचायतों में आयोजित होने वाले इन शिविरों के क्रम में 13 जुलाई रविवार को विकासखंड मंडला में शिविर लगाया जायेगा। इसी प्रकार 18 जुलाई दिन शुक्रवार को विकासखंड बीजाडांडी तथा विकासखंड बिछिया में, 19 जुलाई शनिवार को विकासखंड मवई में, 22 जुलाई मंगलवार को विकासखंड मोहगांव में एवं 23 जुलाई बुधवार को विकासखंड नैनपुर तथा नारायणगंज में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

## सड़क खोदकर भागा ठेकेदार

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्र मत)।** नारायणगंज जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी नारायणगंज में नल जल योजना का काम न होने के कारण एवं ठेकेदार द्वारा सीसी रोड को खोद कर लाइन बिछाई गई परंतु चार माह से अधिक हो गए ठेकेदार द्वारा अभी तक गडडो को सही नहीं किया जिससे लोगों को चलने में परेशानी हो रही है बारिश के मौसम में जगह-जगह रोड खोदकर बिछाई गई पाइपलाइन जो कि काम अधूरा छोड़कर ठेकेदार द्वारा अभी तक पूर्ण नहीं किया गया अधिकारियों की मनमानी एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोगों को बरसात के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है खैरी ग्राम पंचायत के बैगा टोला से लेकर कुम्हारी मोहल्ला एवं बर्मन टोला में जगह-जगह पक्की सड़क को खोद दिया गया है जिसका काम अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है बार-बार पंचायत जाकर शिकायत की जा रही है परंतु अभी तक काम न होने के कारण लोगों को मजबूरी बस जनपद पंचायत सीईओ को लिखित आवेदन दिया गया क्योंकि पूरी रोड को तहस-नहस कर दिया गया है अधिकारियों को द्वारा बार-बार आश्वासन ही दिया जा रहा था पीएचई विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार उन्हें शिकायत की गई परंतु इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## 37 हितग्राहियों को गृह प्रवेश एवं प्रधानमंत्री आवास 2.0 अंतर्गत नवीन आवासों के 82 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** शासन के निर्देशानुसार 11जुलाई 2025 को मध्य प्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन मुख्यमंत्री डां. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों , विषय विशेषज्ञों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामई उपस्थिति में इंदौर में किया गया। उक्त कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत नैनपुर के 37 हितग्राहियों को आवासों में गृह प्रवेश कराया गया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत नवीन आवासों के 82 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए । उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती संजू लता वैष्णव, पार्षद श्रीमती निशा चंद्रोल, श्रीमती सुशीला चौरसिया, करण सिंह इनवाती एंव मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, उपयंत्री अभिलाष श्रीवास भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश रजक, जुगल किशोर बघेल, ओमप्रकाश गेमनानी, संजू सिसोदिया, देवेंद्र मिश्रा सहित नपा कर्मचारियों की उपस्थित रही।

संपादकीय

# भारत के तीन दुश्मन

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने बीते दिनों 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक महत्वपूर्ण पक्ष का रहस्योद्घाटन करते हुये कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष संघर्ष लड़ा था, लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के 'प्रत्यक्ष दुश्मन' की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा कीं। चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलें सहित, मौजूद है और कभी भी हमला कर सकता है। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को 'लाइव लैब' की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है। भारत पहले उसे हटा कर पीछे करे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी महीन और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की प्राचीन सैन्य रणनीति '36 स्ट्रैटेजम्स' में से एक थी। इसके मायने हैं- 'किराए की छुरी से वार करना।' अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को 'किराए की छुरी' के तौर पर इस्तेमाल किया। इस तरह 'ऑपरेशन सिंदूर' संघर्ष के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों-पाकिस्तान, चीन, तुर्किए-पर लड़ना पड़ा। ये तीनों ही देश 'भारत के दुश्मन' साबित हुए और भविष्य में भारत का विरोध करते रहेंगे, यह बिल्कुल तय है। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी।

उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन 'फिक्की' के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? उन्होंने लगभग दो माह बाद यह रहस्योद्घाटन क्यों किया? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया? कई सवाल हैं। भारतीय सेना तीन मोर्चों पर एक साथ लड़ी, यह खुलासा मीडिया के जरिए देश के सामने आ चुका था। देश के दुश्मन तीन देश ही नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश में तुर्किए और चीन नए रणनीतिक मोर्चे बनाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। आज का बांग्लादेश भारत-विरोधी है। क्या भविष्य में भारत को कई मोर्चों पर लड़ाई लड़नी पड़ सकती है? क्या हमारी उतनी बहुआयामी सैन्य तैयारियां हैं? लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान और पीओके में किए गए हमलों की योजना ठोस डाटा पर आधारित थी। भारत ने 21 संभावित टारगेट चिह्नित किए थे। उनमें से 9 को अंतिम समय में कार्रवाई के लिए चुना गया। इस दौरान तकनीक और मानव खुफिया से जुटाई जानकारी इस्तेमाल की गई। उप सेना प्रमुख ने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली की अहमियत को उजागर कर दिया। चूंकि चीन खुफिया सूचनाओं के संदर्भ में पाकिस्तान की मदद भविष्य में भी करेगा, ऐसे में हमें मजबूत और आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली की जरूरत है, जो दुश्मन की निगरानी और उसके हमलों को रोक सके। बहरहाल भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौती मिल रही है, लेकिन बड़े देश हमें समर्थन भी कर रहे हैं। भविष्य के लिए भारत को बड़ी तैयारियां करनी होंगी।

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।



यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।

हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव का कहना है कि महिला आरक्षण सही है, लेकिन रोजगार के अवसर कब हैं? सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया वर्षों से लटकी रहती है, परीक्षा की तारीखें टलती हैं, नियुक्ति पत्र देर से आते हैं, ऐसे में आरक्षण का लाभ कब और किसे मिलेगा? उनकी बातों में सच्चाई भी है, क्योंकि प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी आरक्षण की नीति। यह महिला आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों अर्थात डोमिसाइल महिलाओं के लिए ही होगा। यानी जो महिलाएं राज्य की स्थायी निवासी नहीं हैं, उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा-उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा। इसलिये इसे केवल घरेलू हितों को साधने वाला प्रत्यक्ष प्रचार माना जा रहा है, जिसमें गैर-स्थायी निवासियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है। विपक्ष इस कदम को डोमिसाइल नीति के अनुरूप बताते हुए सवाल उठा रहा है कि क्या इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना नहीं बिगड़ जाएगी? बिहार में बेरोजगारी चुनावी चर्चा का मुख्य मुद्दा है। युवा खासकर उच्चशिक्षित वर्ग नौकरी की तलाश में है। 35 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ सरकार ने वेकेंसी क्रिएशन, युवा आयोग गठन, कृषि व सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च जैसे उपाय किए है। 2025 के बिहार चुनाव बहुआयामी लड़ाई से परिपूर्ण है, जातिगत समीकरण, युवा और ग्रामीण विकास, मतदाता सूची संशोधन जैसे मुद्दों ने चुनावी माहौल को गहराई दी है। सरकार ने पिछले बजट में 'महिला हाट', 'पिंक बस', 'पिंक टॉयलेट', स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए साइकिल योजनाएं, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए संबल वित्तीय सहायता जैसी महिलाओं को लुभाने वाली योजनाओं के प्रावधान किये हैं। नीतीश सरकार ने चुनावों को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। वृद्ध, दिव्यांग, विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 400 रुपए की बजाय 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। इस घोषणा के बाद पूरे बिहार में पेंशन के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार लाभार्थियों में हर्ष का माहौल दिखाई दे रहा है।

यह कहना उचित होगा कि बिहार की राजनीति इस बार स्थानीयता, जातिगत समीकरण और सामाजिक कल्याण के मिश्रित आरोपणों के बीच गंभीर मुठभेड़ के दौर से गुजर रही है। चुनाव नतीजे यह तय करेंगे कि क्या यह रणनीतियाँ सचमुच सतत परिवर्तन की ठोस बुनियाद रखेंगी, या चुनावी भाषण के बाद हवा में खो जाएँगी। नवीनतम ओपिनियन पोल बताते हैं कि एनडीए फिर सत्ता में लौट सकता है, खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच मजबूत समर्थन के चलते। वहीं, महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस, अन्य) जातीय समीकरण (ईबीसी-ओबीसी) का आधार लेकर मुकाबले में है।

# ढहते पुल : ध्वस्त सिस्टम



आदित्य कुमार चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

इतिहास का यह कालखंड पुलों के टूटने, दरकने और बहने के कालखंड के नाम से जाना जाएगा। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए पुल देश में मियाद पूरी होने के बावजूद भी बरकरार है लेकिन चार दशक पहले बनाए गए पुल भी दरकने लगे हैं। सभ्यताओं के निर्माण की वास्तविक कथा पुलों के बनने और बनाए जाने की कहानी है। पुलों से ही शहरों, गांवों और समाज का सम्पर्क और व्यापार बढ़ा है। सभ्यताओं ने इन्हीं पुलों के मजबूत ढांचों की बुनियाद पर खड़े होकर अपनी ऊंचाइयां हासिल की हैं। यह पुल अनायास नहीं गिर रहे लेकिन अफसोस कि एक के बाद एक पुल गिर रहे हैं। गुजरात के बड़ोदरा जिले में महिसागर नदी पर 4 दशक पुराना पुल अचानक ढहने से तेज रफ्तार दौड़रहे कई वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। बिहार में एक के बाद एक पुलों का गिरना आम बात हो गई है लेकिन गुजरात में हुए इस हादसे ने मोरबी पुल हादसे की याद ताजा कर दी, जिसमें लगभग 140 लोग मारे गएथे। इस हादसे से एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं कि क्या यह हादसा मानवीय लापरवाही का परिणाम है और इस हादसे के लिए कौन-कौन जिम्मेदार है। प्राकृतिक आपदाओं के चलते पुल गिर जाए तो हम इसे प्रकृति का प्रकोप मान लेते हैं लेकिन मुरम्मत किए जाने के बावजूद सामग्री की खराबी के कारण या रखरखाव की कमी या मानवीय चूक के चलते पुल ध्वस्त हो जाए तोइसे मौत का पुल ही कहा जाएगा। आसपास की आबादी का कहना है कि उन्होंने पुल को खतरनाक होने की जानकारी प्रशासन को दे दी थी और इस पुल पर आवाजाही बंद करने का आग्रह भी किया था लेकिन सिस्टम सोया रहा जो लोगों की मौत का कारण बना। ब्रिज या पुल टूटने की यह कोई पहली घटना नहीं है। एक अध्ययन के अनुसार, पिछले 10 सालों में भारत में 2,130 पुल ढह गए। इनमें से कई पुल निर्माण के दौरान ही गिर गए। पुलों के टूटने के कई कारण हैं, जिनमें प्राकृतिक आपदाएं, सामग्री की खराबी और ओवरलोडिंग शामिल हैं।

अभी कुछ दिन पहले ही पुणे में इंद्राणी नदी पर बना एक पुराना पुल ढह गया। इस हादसे में दो लोगों की जान चली गई और कई लोग बह गए। 2024 की एक रिपोर्ट के मुताबिक सड़क परिवहन मंत्रालय ने राज्यसभा को जानकारी दी थी कि पिछले तीन सालों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 21 पुल ढह गए। इनमें से 15 पुल बने हुए थे और छह निर्माणाधीन थे। हर हादसे के बाद जांच के आदेश दे दिए जाते हैं लेकिन किसी की जवाबदेही तय नहीं की जाती। 2047 तक हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिए हुए हैं और सरकार के रोडमैप में बुनियादी ढांचे का विकास केन्द्रीय बिन्दु है। दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ललक पाले हुए हैं लेकिन बुनियादी ढांचे को देखकर ऐसा लगता है कि सब कुछ गडमड है। ईंट, गारे, लोहे, बजरी, सीमेंट के पुल जब भी गिरते हैं तो मरने वाले लोगों के परिजनों का क्रंदन, थोड़ा सियासी शोर, एक-दूसरे के सिर पर जिम्मेदारी फोड़ने और साठगांठ कर एक-दूसरे को साफ बचाने के कर्मकांड किए जाते हैं और बना दिए जाते हैं एक बार फिर गिरने के लिए नए पुल।

गुजरात सरकार विकास के लगातार दावे करती आ रही है लेकिन पुलों का गिरना सबके लिए चिंता का विषय है। हैरानी की बात तो यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन से पहले ग्रामीणों ने वहां पहुंच कर देवदूतों की तरह काम किया और कई लोगों की जान बचाई। गुजरात का पुल हादसा एक्ट ऑफ गॉड है या एक्ट ऑफ फ्रॉड। इस पुल को लेकर अब बहुत शोर मचाया जा रहा है कि राज्य में किसी भी ठेकेदार को ऑर्डर मिलने के बाद उससे कमीशन लिया जाता है और ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर निर्माण कर देते हैं, इसलिए हादसे के पीछे भ्रष्टाचार है। कई बार तो पुलों के डिजाइन को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। हाल ही में 90 डिग्री पर दो पुल बनाए जाने को लेकर भी सोशल मीडिया पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। गुजरात सरकार ने मोरबी हादसे से कोई सबक नहीं सीखा। पिछले पांच वर्षों में गुजरात में नए-पुराने या निर्माणाधीन पुल और फ्लाईओवर क्यों ढह रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसे मामलों में जवाबदेही तय होनी चाहिए। किसी हादसे के बाद सख्त कार्रवाई ही भविष्य में हादसों को रोक सकती है।

पुल गिरने की घटनाएं सिर्फ मज़ाक नहीं हैं, ये सरकार और प्रशासन की गंभीर विफलता को दर्शाती है। विकास के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, पर जब परिणाम ये हो कि पुल बनते ही गिर जाए, तो ये आम जनता के साथ मजाक के समान है। सवाल ये है कि क्या ऐसे पुलों से हमारा भविष्य सुरक्षित है हर बार पुल गिरने के बाद ठेकेदार, इंजीनियर और प्रशासन एक-दूसरे पर दोष मढ़ने लगते हैं, लेकिन असली सवाल ये है कि क्या पुल निर्माण के दौरान सही मानकों का पालन किया गया था क्या गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग हुआ या फिर जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में हर चीज़ को जल्दबाजी में निपटा दिया गया समाधान क्या हो सकता है सबसे पहला और आवश्यक कदम यह है कि पुल निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और इंजीनियरों को सख्त जवाबदेही में लाया जाए।

गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हो और पुल निर्माण के दौरान पूरी सुरक्षा और निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, जनता और सरकार को यह समझने की जरूरत है कि विकास सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर होना चाहिए। ऐसे राज्यों में, जहां बाढ़ और नदियों की भरमार है, पुलों का सही तरीके से निर्माण होना बेहद जरूरी है। ये केवल पुल ही नहीं, बल्कि लोगों की जान और उनके रोजमर्रा के जीवन से जुड़े हुए हैं। पुलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर पारदर्शिता और ईमानदारी आवश्यक है। तो अगली बार जब कोई पुल बने, तो बस यही प्रार्थना करें कि वह पुल थोड़ी देर तक खड़ा रहे, क्योंकि अभी के हालात में तो पुल का गिरना ही आम बात हो गई है।

# सतर्कता एक मौसम है

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

पानी कम उपलब्ध हो तो लड़वाता है। बर्तन टकराते हैं, राजनीति होने लगती है। पानी जब बाढ़ हो जाता है तो मुसीबत बन जाता है। बर्तन बहा ले जाता है, नए लोग राजनीति में प्रवेश करते हैं। सोए हुए लोग राजनीति करने लगते हैं। हर कहीं सतर्कता बढ़ जाती है। आनन फानन में बैठकें होती हैं। बैठक की अध्यक्षता किसी और को करनी चाहिए, किसी और को अध्यक्ष बनना पड़ता है। इसी चक्कर में टीवी और अखबार कवरेज ढंग से नहीं हो पाती है। बरसात के मौसम में ग्रीन अलर्ट तो जारी होते ही नहीं, पीले व संतरी भी कम होते हैं। ज्यादा सतर्कता बरतते हुए रेड अलर्ट ज़्यादा जारी होते हैं। वह बात दीगर है, अलर्ट के बावजूद बारिश नहीं होती और शाम का सूरज धूप की गोद में छिपता है। आम लोगों को समझ नहीं आता कि सतर्क रहें या रोजी रोटी का इंतजाम करें। ज्यादा सतर्क तो सरकार को ही रहना होता है। वही सतर्क रहने की चेतावनी जारी करती है। जिन क्षेत्रों में जलभराव, नदी नालों में उफान होना होता है चेताया जाता है कि अपना सब कुछ भूलकर या छोड़कर, सिर्फ जान बचाने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें।

पहाड़ खुद तो किसी को सतर्क कर नहीं सकते इसलिए जहां भूस्खलन और भूधसाव का अंदेशा जताया जाता है वहां आनेजाने वाले यात्रियों को सावधान करते हुए सतर्क किया जाता है। जहां सडकों और गलियों की बरसाती मरम्मत का काम चल रहा होता है वहां भी सतर्क रहने को कहा जाता है। हर कहीं कूड़ा कचरा फेंकने वालों को भी सतर्क रहने को कहा जाता है। कूड़ा फेंकने वाले, सतर्क रहते हुए बारिश में ही फेंकते रहते हैं ताकि कूड़ा कचरा स्वत बह जाए। परेशान मौसम विज्ञान केंद्र भी बेहद सतर्क होते हुए विशेष एहतियात और सतर्कता बरतने को कहता है। विद्युत विभाग वाले भी अग्रिम सतर्क हो जाते हैं ताकि बिजली चले जाने का दोष अकारण बारिश को दे दिया जाए। सोशल मिडिया के उस्तादों द्वारा बहाई बाढ़ की झूठी ख़बरों और वीडियो से भी सतर्क रहने को कहा जाता है।

सतर्कता का अर्थ यह लिया जा सकता है कि सभी बारिश सम्बंधित विभाग अपने अपने सुतर्कों के साथ मुस्तैद रहें। ज़रूरत पड़ते ही यानी कहीं भी दुर्घटना किस्म का कुछ भी हो जाए तो बढ़िया, प्रसिद्ध और स्थापित तर्कों के साथ उचित जवाब देकर, प्रेस नोट जारी कर, अपना बचाव सुनिश्चित कर लें। स्पष्ट कह दिया जाए कि जो बंदा मर गया, धंस गया, गिर गया या बह गया वह उसकी अपनी गलती थी । कुदरत द्वारा बर्बाद किए गए मौसम में, मानसिक और शारीरिक रूप से सतर्क रहना उसकी निजी ज़िम्मेदारी थी। विभागों की जिम्मेदारी, खुद को सतर्क रखते हुए दूसरों को सतर्क रहने के लिए कहना मात्र है। सब जानते, मानते और समझते हैं कि बारिश और बाढ़ कुदरती आपदा है। इस सन्दर्भ में बेचारा इंसान ज्यादा कुछ कर नहीं सकता। अब मंत्री, ठेकेदार और अफसर सब तो बन नहीं सकते। जन्म लेने के लिए उचित समय, भाग्य, नक्षत्र, जुगाड़, मेहनत और माहौल का मिलाजुला योगदान होता है। सतर्कता का सन्देश देने वालों का सुरक्षित रहना भी ज़रूरी है अगर उन्हें कुछ हो गया, बाढ़ ने बुला लिया तो कौन उन्हें सतर्क करेगा। जिस तरह सतर्क रहना आसान नहीं है उसी तरह सतर्क करना भी बड़ी भारी ज़िम्मेदारी का काम है। ज़िम्मेदारी से काम करना आसान काम नहीं है।

# 'जल गंगा संवर्धन अभियान' से प्रदेश होगा जल-समृद्ध

लोकेन्द्र सिंह राजपूत

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने अभिनव प्रयोगों से अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के लिए प्रारंभ हुआ 'जल गंगा संवर्धन अभियान' मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी पहल है। निकट भविष्य में हमें इसके सुखद परिणाम दिखायी देंगे। शुभ प्रसंग पर शुभ संकल्प के साथ जब कोई कार्य प्रारंभ किया जाता है, तब उसकी सफलता के लिए प्रकृति एवं ईश्वर भी सहयोग करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश सरकार ने गुड़ी पड़वा (30 मार्च) से 30 जून तक प्रदेश स्तरीय 'जल गंगा संवर्धन अभियान' चलाकर जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया, जो जनांदोलन में परिवर्तित हो गया। सरकार को भी विश्वास नहीं रहा होगा कि जल संरक्षण जैसे मुद्दे को जनता का इतना अधिक समर्थन मिलेगा कि सरकारी अभियान असरकारी बन जाएगा और समाज इस अभियान को अपनी जिम्मेदारी के तौर पर स्वीकार कर लेगा। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत और इससे प्रेरित होकर प्रदेश में अनेक स्थानों पर जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया गया, उनको व्यवस्थिति किया गया और वर्षा जल को एकत्र करने की रचनाएं बनायी गईं। कहना होगा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल और प्रतिबद्धता ने जल संरक्षण के इस अभियान को एक जनांदोलन का रूप दे दिया है, जिससे जल संरक्षण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।



जल गंगा संवर्धन अभियान को गति देने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाबों, अमृत सरोवरों और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। साथ ही पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी किया गया है। इस अभियान में 2 लाख 39 हजार जलदूतों का सक्रिय सहयोग मिला, जिन्होंने जल संवर्धन के संदेश को घर-घर तक पहुँचाया। ये जलदूत जब गाँव-गाँव, नगर-नगर और घर-घर जल संरक्षण का संदेश लेकर पहुँचे तो एक सकारात्मक वातावरण भी बना और जल संरक्षण को लेकर समाज के भीतर एक जागरूकता भी आई। निस्संदेह, यदि यह जनजागरूकता स्थायी हो जाए तो जल गंगा संवर्धन अभियान की सबसे बड़ी सफलता होगी। अभियान को शुरू करते समय सरकार ने जो लक्ष्य तय किया था, उससे कहीं अधिक परिणाम धरातल पर प्राप्त हुआ है। जल संरक्षण के लिए 38 हजार नए खेत तालाबों का निर्माण किया गया है। खंडवा जिले में 254 करोड़ रुपये की लागत से 1 लाख से अधिक कुओं को रिचार्ज किया गया, जिसके लिए खंडवा को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इंदौर संभाग ने स्वच्छता और जल संरक्षण में नंबर-एक का स्थान हासिल किया है। ये दो प्रमुख उदाहरण हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। समूचे मध्यप्रदेश में 70 हजार कुओं, बावड़ियों, नदियों और तालाबों का संरक्षण किया गया, जो जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करनेवाले हैं।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित हैं। याद हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण के लिए जनांदोलन चलाने का आह्वान किया था। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया कि वह अपने स्तर पर वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रयास करे। प्रधानमंत्री मोदी की पहलकदमी पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत 'कैच द रेन' अभियान को शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह अभियान व्यक्तियों, समुदायों और सभी हितधारकों को वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाने तथा जल संरक्षण की पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इसी तर्ज पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को जनता के बीच ले जाने का अनुकरणीय कार्य किया है। यह भी स्मरण रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव, दोनों ही प्रकृति, पर्यावरण एवं समाज के प्रति गहरी संवेदनाएं रखते हैं। राजनीति से इतर वे इन सब विषयों पर बात रखते हैं और लोगों को इस दिशा में प्रेरित भी करते हैं। उल्लेखनीय है कि अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 120वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण को देश के लिए अत्यंत आवश्यक बताया था। उन्होंने जल संचय जन-भागीदारी अभियान के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुँचाना है। कहना होगा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान ने प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अकसर सरकारी अभियान विज्ञापनों एवं कागजों में दम तोड़ देते हैं या फिर उनकी सफलता सोशल मीडिया तक सीमित रह जाती है। यह आंदोलन अपने वांछित लक्ष्य से आगे निकल रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उनका मानना है कि जल ही हमारे जीवन के अस्तित्व का आधार है, इसलिए इसकी एक-एक बूंद बचाना अनिवार्य है। उनकी गहरी प्रतिबद्धता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने इस अभियान की देखरेख की जिम्मेदारी सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को सौंपी है। लोग बड़ी संख्या में श्रमदान कर पानी को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन विशेष रूप से नदियों के किनारे देशी प्रजातियों के पौधे रोप रहा है। इससे जमीन के नीचे जल-स्तर बढ़ रहा है और मिट्टी को नुकसान से बचाया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया गया है। स्कूल और कॉलेजों में जल-संरक्षण पर जन-जागरण अभियान, रैलियां, निबंध प्रतियोगिताएं, जल संवाद और 'जल प्रहरी' जैसी गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग और मूल्यांकन प्रणाली की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी गतिविधियों की जीआईएस ट्रैकिंग और इंपैक्ट वैल्यूएशन किया जा रहा है। सरकार ड्रोन से सर्वेक्षण, वैज्ञानिक तरीके से जलग्रहण क्षेत्र की मैपिंग और भू-जल पुनर्भरण तकनीकों का उपयोग कर रही है। इन सब प्रबंधों से स्पष्ट तौर पर प्रतीत होता है कि प्रदेश सरकार का यह अभियान मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक है। इस अभियान का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। सरकार ने इन स्त्रोतों की सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया है। लोग बड़ी संख्या में श्रमदान कर जल संरक्षण में सहयोग कर रहे हैं। इस अभियान के दूरगामी परिणाम अपेक्षित हैं। बारिश के मौसम में इसके और अधिक प्रभावी परिणाम दिखेंगे, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा, हरियाली बढ़ेगी और मिट्टी में नमी आएगी। इससे पूरे प्रदेश में जल संकट को दूर करने में सहायता मिलेगी। इस अभियान ने समाज की मनोवृत्ति पर भी सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे जल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह अभियान निश्चित रूप से मध्यप्रदेश को जल-समृद्ध राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सहायक प्राध्यापक,
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल

# भारत को कब तक रोक सकेगा ड्रैगन

## चीन का क्या होगा, क्रिटिकल मिनरल्स से लेकर डिफेंस क्षेत्र तक में मोर्चाबंदी

नई दिल्ली

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इसलिए भारत एक नई रणनीति पर काम कर रहा है। यह रणनीति चीन के दबदबे को कम करने के लिए है। चीन का दबदबा दुर्लभ खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में है। दुनिया में ताकत का समीकरण भी तेजी से बदल रहा है। भारत अब चीन की चालों पर सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। भारत अन्य देशों के साथ मजबूत रणनीतिक रिश्ते भी बना रहा है। जरूरी संसाधन जुटा रहा है। अपने उत्पादन को बढ़ा रहा है। इससे आने वाले वर्षों में भारत चीन को कई मामलों में टक्कर दे पाएगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता खनिज पदार्थों की सप्लाई को लेकर है। यह भारत के लिए बहुत जरूरी है। इससे भारत चीन पर अपनी निर्भरता कम कर पाएगा। मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कमिश्नर नाथन डेविस के अनुसार, भारत की सरकारी कंपनी सहित कई भारतीय कंपनियों को ऑस्ट्रेलिया के खनिज भंडारों में सीधे निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



ऑस्ट्रेलिया में दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम का भंडार है। इसलिए यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है। इससे भारत को हरित ऊर्जा के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस साझेदारी से भारत को 2027 तक 1 करोड़ सोलर पैनल लगाने में भी मदद मिलेगी। लिथियम, तांबा, इंडियम और गैलियम जैसे खनिज पदार्थ सोलर पैनल और बैटरी बनाने के लिए जरूरी हैं। यह समझौता भारत की साफ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करेगा। साथ ही, यह भारत के उद्योगों को चीन के दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण से भी बचाएगा। चीन इन खनिजों के निर्यात पर लगभग एकाधिकार रखता है। इससे दुनिया भर में सप्लाई चेन प्रभावित होती है। भारत दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना चाहता है। अभी इस क्षेत्र में चीन का दबदबा है। चीन का दुनिया के 90त्न क्रिटिकल मैग्नेट उत्पादन पर नियंत्रण है।

भारत सरकार एक और योजना बना रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना के तहत रेयर अर्थ मैग्नेट के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 1,350 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसका लक्ष्य है कि भारत में ही इन दुर्लभ खनिजों का उत्पादन हो। इससे 7 सालों में 4,000 टन चुंबक बनाए जा सकेंगे। वेदांता ग्रुप, जेएसडब्ल्यू और सोना बीएलडब्ल्यू जैसी बड़ी कंपनियां इस योजना में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं। इस योजना में यह जरूरी होगा कि खनिज पदार्थ भारत में ही बनें। नियोडिमियम-प्रासेओडिमियम जैसे जरूरी ऑक्साइड का इस्तेमाल भारत में ही होना चाहिए। धीरे-धीरे इसे 50त्न से बढ़ाकर 80त्न तक किया जाएगा। भारत में अभी खनन और प्रोसेसिंग की सुविधाएं कम हैं। फिर भी, भारत सरकार इस क्षेत्र में चीन के दबदबे को कम करने के लिए दृढ़ है।

भारत रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग के लिए पश्चिमी देशों की ओर देख रहा है। आत्मनिर्भर भारत नीति के तहत भारत अपने रक्षा उत्पादन को मजबूत करना चाहता है। इसके लिए भारत विदेशी रिसर्च एंड डेवलपमेंट का इस्तेमाल करेगा। ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर उत्पादन नहीं होता है। लेकिन उसके पास रक्षा तकनीक के क्षेत्र में अच्छा इनोवेशन है। नाथन डेविस कहते हैं, ऑस्ट्रेलिया के पास इनोवेशन है, और भारत के पास उत्पादन की क्षमता है। इस साझेदारी से दुनिया भर में रक्षा सप्लाई चेन बदल सकती है। भारत सह-विकसित और स्वदेशी रूप से उत्पादित सिस्टम के लिए एक केंद्र बन सकता है। भारत के अमेरिका, फ्रांस, इजराइल और रूस के साथ पहले से ही मजबूत रक्षा संबंध हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ जुड़ने से एयरोस्पेस और नौसेना तकनीक में नए रास्ते खुलेंगे।

### नेतन्याहू के नए फरमान से मचा हड़कंप

# कुरान पढ़ो, इस्लाम को जानो और अरबी सीखो

यरुशलम

इजरायल से एक ऐसी खबर आई है जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। भारत के लोग भी ये समझ ही नहीं पाए कि इजरायल ने ये कैसा ऐलान कर दिया है। दरअसल, इजरायल की सेना अब इस्लाम की शिक्षा लेगी। कुरान पढ़ेगी और अरबी भाषा सीखेगी। इजरायली आर्मी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने अपने सभी खुफिया सैनिकों और अधिकारियों के लिए कुरान के अध्ययन को अनिवार्य बना दिया है। हिब्रू बोलने वाले इजरायल के सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया गया है। अहम खबर यह है कि सामने आ रही जानकारी के अनुसार, इजराइल अब कुरान और अरबी भाषा को भी अपने पाठ्यक्रम में शामिल करेगा।

इजराइली सरकारी चैनल से मिली जानकारी के अनुसार, अक्टूबर 2023 में हमास द्वारा इजराइल पर एक बड़ा हमला किया गया था। ऐसा माना जा रहा है कि यह हमला खुफिया सेवाओं की गलती के कारण हुआ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सैन्य अधिकारी और मोसाद अधिकारी अरबी भाषा जानते होते तो हमला नहीं होता। इसलिए, अब इजरायल ने आदेश जारी किया है कि उसके अधिकारियों को जल्द से जल्द अरबी सीखनी होगी। जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार, इज़राइल चारों ओर से मुस्लिम देशों से घिरा हुआ है। इज़राइल के पड़ोसी देश जॉर्डन, तुर्की, सऊदी अरब, यमन और लेबनान जैसे देश हैं। अरबी भाषा बोलने वाले देशों में इज़राइल एकमात्र ऐसा देश है जहाँ हिब्रू भाषा बोली जाती है। इज़राइल और ईरान के बीच संघर्ष इस समय अपने चरम पर है और ऐसी स्थिति है कि ईरान कभी भी इज़राइल पर हमला कर सकता है। ईरान में कई लोग अरबी भी बोलते हैं, इसलिए इज़राइल ने अब अपने अधिकारियों पर यह भाषा थोप दी है। इजराइल के शीर्ष कमांडरों को अरबी भाषा का ज्ञान है, इसलिए वे इस भाषा का उपयोग करके दुश्मन की कई योजनाओं को समझ लेते हैं, लेकिन इजराइल में दूसरे दर्जे के सैनिकों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए अब उनके लिए अरबी भाषा अनिवार्य कर दी गई है।



# बाबा के वेश में घूम रहे बंगलादेशी नागरिक सहित 25 ढोंगी गिरफ्तार

देहरादून, (वार्ता)

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गुरुवार से शुरू हुए 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत शुक्रवार को ही देहरादून पुलिस ने एक बंगलादेशी नागरिक सहित कुल 25 छद्मवेष वाले ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने साधु-संतों का भेष धारण कर, सड़क किनारे बैठे ऐसे व्यक्तियों से स्वयं पूछताछ की। थाना नेहरू कालोनी क्षेत्र में उन्होंने सड़क किनारे बैठ, लोगों को अपना शिकार बना रहे ऐसे ही कई व्यक्तियो से व्यक्तिगत रूप से पूछताछ की तो अपने प्रोफेशन सम्बंध में वे कोई सन्तोष जनक उत्तर नही दे पाये और न ही ज्योतिष शास्त्र की शिक्षा से सम्बन्धित कोई दस्तावेज प्रस्तुत कर पाये। जिस पर उक्त सभी व्यक्तियों को पुलिस द्वारा मौके से हिरासत में लेते हुए उन्हें 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

एसएसपी ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए साधु-संतों के भेष में घूम रहे कुल 25 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से सहसपुर क्षेत्र में बाबा के भेष में घूम रहा एक बंगलादेशी नागरिक भी पुलिस की गिरफ्त में आया जिसके विरूद्ध थाना सहसपुर पर विदेशी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि एलआईयू तथा आईबी की टीमों द्वारा उक्त बांग्लादेशी नागरिक रूकन रकम उर्फ शाह आलम (26), पुत्र आबूर, निवासी ग्राम साखीपुर, जिला टंगाईल, ढाका, बंगलादेश, पूछताछ की जा रही है।

### कंबोडिया में नागरिकता रद्द करने वाला कानून बना

**नोम पेन्ह, (वार्ता)।** कंबोडिया की संसद ने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुँचाने के मकसद से विदेशी देशों के साथ साज़िश रचने वाले किसी भी व्यक्ति की नागरिकता रद्द करने वाला कानून बनाने की इजाजत सरकार को दे दी है। संसद ने देश के संविधान में आज संशोधन करके सरकार को एक कानूनी ढाँचा बनाने की अनुमति दे दी। प्रधानमंत्री हुन मानेट सहित कुल 125 सांसदों ने संविधान में संशोधन को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जिससे विदेशी देशों के साथ साज़िश रचने वाले कंबोडियाई नागरिकों की नागरिकता रद्द की जा सकेगी।

## मराठी लोगों को आवास न देने पर बिल्डरों के खिलाफ होगी कार्रवाई: देसाई

मुंबई, (वार्ता)

महाराष्ट्र में मुंबई में मराठी भाषी लोगों को आवास न दिए जाने की बार-बार मिल रही शिकायतों पर चिंता व्यक्त करते हुए महाराष्ट्र के पर्यटन, खनन एवं भूतपूर्व सैनिक कल्याण मामलों के मंत्री शंभूराज देसाई ने चेतावनी दी है कि इस तरह के भेदभाव के दोषी पाए जाने वाले बिल्डरों और डेवलपर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महाराष्ट्र विधान परिषद में बोलते हुए श्री देसाई ने सदन को आश्वासन दिया कि शहर में मराठी लोगों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। शिवसेना के नेता मिलिंद नार्वेकर ने एक तारांकित प्रश्न के माध्यम से इस मुद्दे को परिषद के ध्यान में लाया था। उन्होंने उन उदाहरणों पर प्रकाश डाला जहां मराठी लोगों को आवास से वंचित किया गया और बताया कि पारले पंचम संगठन ने मुंबई में मराठी लोगों के लिए 50 प्रतिशत आवास आरक्षण की मांग की है। एक नीति तैयार की जाएगी जिसके तहत आवास आवंटन में मराठी भाषी लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री की ओर से जवाब देते हुए श्री देसाई ने कहा कि मुंबई में मराठी लोगों के लिए अधिमान्य आवास सुनिश्चित करने के लिये एक नीति तैयार की जा रही है।

# अमेरिका के ऊपर मंडरा रहा बड़ी आपदा का खतरा



वॉशिंगटन

अमेरिका के ऊपर बहुत बड़ा खतरा मंडरा रहा है। यह खतरा किसी देश या आतंकवादी संगठन से नहीं, बल्कि प्राकृतिक है। वैज्ञानिकों ने निकट भविष्य में अमेरिका में प्रलयकारी सुनामी आने की आशंका जताई है। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि अमेरिका के कैस्केडिया सबडक्शन जोन में साल 2100 तक एक विनाशकारी भूकंप का आना तय है। अगले 50 वर्षों में किसी भी समय ऐसा हो सकता है, जिसकी 37 प्रतिशत संभावना है। वैज्ञानिकों ने 100 फीट ऊंची सुनामी आने की चेतावनी दी है जो पश्चिमी तट के अधिकांश हिस्से को तबाह कर देगी। कैस्केडिया सबडक्शन जोन (सीएसजेड) उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट से दूर लगभग 1100 किलोमीटर लंबी भ्रंश रेखा (फॉल्ट लाइन) है, जहां टेक्टोनिक प्लेट, हुआन डे फूका प्लेट, दूसरी टेक्टोनिक प्लेट, उत्तरी अमेरिकी प्लेट के नीचे खिसकती है। यह कनाडा के उत्तरी वैंकूवर द्वीप से लेकर अमेरिका के पश्चिमी तट के दक्षिणी आधे हिस्से तक फैली हुई है, जो वॉशिंगटन, ओरेगन और कैलिफोर्निया के तटों के साथ-साथ चलती है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर 8.0 से 9.0 तीव्रता का भूकंप आया तो 100 फुट ऊंची लहरें उठेंगी, जो पश्चिमी तट के अधिकांश हिस्से को तबाह कर देंगी। इसके तटरेखा तुरंत लगभग 8 फीट नीचे धंस जाएगी। संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (स्न्श्वरू) का अनुमान है कि अकेले सीएसजे भूकंप से 5800 मौते होंगी। वहीं, इसके चलते आने वाली सुनामी के कारण 8000 और लोग मारे जाएंगे। वर्जीनिया टेक के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय टीम ने कहा कि बढ़ते समुद्र स्तर के कारण ये भविष्यवाणियां समय के साथ और भी बदतर होती जाएंगी। स्टडी की मुख्य लेखकर प्रोफेसर टीना ड्यूरा ने कहा, यह निश्चित रूप से अमेरिका के लिए बहुत ही विनाशकारी घटना होगी। सुनामी आएगी और यह विनाशकारी होगी। स्टडी में साल 2100 तक जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर दो फीट तक बढ़ने का अनुमान है। अगर कैस्केडिया सबडक्शन जोन में तब तक कोई और बड़ा भूकंप नहीं आता है, तो बढ़े जलस्तर के कारण संभवतः इससे होने वाली तबाही और बाढ़ 2025 में होने वाली क्षति से भी अधिक बढ़ जाएगी।

# हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार : योगी

गोरखपुर, (वार्ता)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई तो उसे आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी। उन्होने शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### रूसी विदेश मंत्री दूसरे दौर की रणनीतिक वार्ता के लिए जाएंगे उत्तर कोरिया

**मॉस्को, (वार्ता/स्पूतनिक)** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उत्तर कोरिया से दूसरे दौर की रणनीतिक वार्ता में शामिल होने के लिए शुक्रवार को दो दिवसीय यात्रा पर राजधानी प्योंगयांग के लिए रवाना होंगे। श्री लावरोव मलेशिया से उत्तर कोरिया जाएंगे,जहां उन्होंने एक दिन पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। रूसी विदेश मंत्री ने पिछली बार अक्टूबर 2023 में उत्तर कोरिया का दौरा किया था। रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु ने 17 जून को उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ बैठक में कहा था कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच साझेदारी केवल कागजों पर नहीं बल्कि व्यावहारिक कार्रवाई के माध्यम से की जा रही है।

# दिल्ली का गौरव उसके ऐतिहासिक धरोहरों में समाहित: सीएम रेखा

नयी दिल्ली (वार्ता)

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी का गौरव उसके ऐतिहासिक धरोहरों, जीवंत संस्कृति और आधुनिक मूल्यों में समाहित है। श्रीमती गुप्ता ने शुक्रवार को यहाँ दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से कहा, राजधानी के छवि को पुनर्निर्माण करने की जरूरत है। दिल्ली में वह सब कुछ है जो विश्व के पर्यटकों को चाहिए, वह इतिहास, संस्कृति, कला और विरासत है। केवल एक प्लेटफार्म देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा आज दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित डिलाइट फॉर दिल्ली समिट में सहभागिता करते हुए यह विश्वास और भी दृढ़ हुआ कि दिल्ली



अब केवल एक राजधानी नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन, सांस्कृतिक समृद्धि और नवाचार का आकर्षण केंद्र बन रही है। उन्होंने कहा कि यह समिट केवल पर्यटन विस्तार का एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली को वैश्विक निवेश, नवाचार और सांस्कृतिक नेतृत्व की नई ऊँचाइयों से जोड़ने का एक रणनीतिक मंच है। राजधानी का गौरव उसके ऐतिहासिक धरोहरों, जीवंत संस्कृति और आधुनिक मूल्यों में समाहित है, जहाँ एक ओर लाल किले और कुतुब मीनार की भव्यता है, तो दूसरी ओर स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक इवेंट्स को होस्ट करने की क्षमता भी है। जी 20 शिखर सम्मेलन ने विश्व को दिल्ली की गरिमा, दक्षता और सामर्थ्य का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज दिल्ली परंपरा और प्रगति का संगम बनकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त रूप में दर्शा रही है। हम सुझावों को योजनाओं में, और योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा, आइए, हम सब मिलकर एक ऐसी दिल्ली का निर्माण करें जो विश्व पटल पर संस्कृति, समृद्धि और सतत विकास का प्रतीक बने।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# खलनायकी की दुनिया के बेताज बादशाह थे प्राण



बॉलीवुड में प्राण को एक ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने खलनायकी के क्षेत्र में एकछत्र राज किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। प्राण का जन्म 12 फरवरी 1920 को दिल्ली में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता केवल कृष्ण सिकंद सरकारी ठेकेदार थे। उनकी कंपनी सड़कें और पुल बनाने के ठेके लिया करती थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद प्राण अपने पिता के काम में हाथ बंटाने लगे।एक दिन पान की दुकान पर उनकी मुलाकात लाहौर के मशहूर पटकथा लेखक वली मोहम्मद से हुई। वली मोहम्मद ने प्राण की सूरत देखकर उनसे फिल्मों में काम करने का प्रस्ताव दिया। प्राण ने उस समय वली मोहम्मद के प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया लेकिन उनके बार-बार कहने पर वह तैयार हो गये। फिल्म ..यमला जट .. से प्राण ने अपने सिने करियर की शुरूआत की। फिल्म की सफलता के बाद प्राण को यह महसूस हुआ कि फिल्म इंडस्ट्री में यदि वह करियर बनायेगें तो ज्यादा शोहरत हासिल कर सकते है। इस बीच भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद प्राण लाहौर छोड़कर मुंबई आ गये। इस बीच प्राण ने लगभग 22 फिल्मों में अभिनय किया और उनकी फिल्में सफल भी हुयी लेकिन उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि मुख्य अभिनेता की बजाय खलनायक के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में उनका भविष्य सुरक्षित रहेगा। वर्ष 1948 में उन्हें बांबें टॉकीज की निर्मित फिल्म ..जिद्दी.. में बतौर खलनायक काम करने का मौका मिला। फिल्म की सफलता के बाद प्राण ने यह निश्चय किया कि वह खलनायकी को ही करियर का आधार बनायेगें और इसके बाद प्राण ने लगभग चार दशक तक खलनायकी की लंबी पारी खेली और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जब प्राण रूपहले पर्दे पर फिल्म अभिनेता से बात करते होते तो उनके बोलने के पहले दर्शक बोल पड़ते यह झूठ बोल रहा है,इसकी बात पर विश्वास नहीं करना यह प्राण है, इसकी रग-रग में मक्कारी भरी पड़ी है। वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म अदालत में प्राण ने इतने खतरनाक तरीके से अभिनय किया कि महिलाएं हॉल से भाग खड़ी हुयीं और दर्शकों को पसीने आ गये

सत्तर के दशक में प्राण खलनायक की छवि से बाहर निकलकर चरित्र भूमिका पाने की कोशिश में लग गये। वर्ष 1967 में निर्माता -निर्देशक मनोज कुमार ने अपनी फिल्म ..उपकार .. में प्राण को मलंग काका का एक ऐसा रोल दिया जो प्राण के सिने करियर का मील का पत्थर साबित हुआ। फिल्म ..उपकार .. में प्राण ने मलंग काका के रोल को इतनी शिद्दत के साथ निभाया कि लोग प्राण के खलनायक होने की बात भूल गये। इस फिल्म के बाद प्राण के पास चरित्र भूमिका निभाने का तांता सा लग गया।इसके बाद प्राण ने सत्तर से नब्बे के दशक तक अपने चरित्र भूमिकाओं से दर्शकों का मन मोहे रखा।

सदी के खलनायक प्राण की जीवनी भी लिखी जा चुकी है जिसका टाइटल.. एंड प्राण. रखा गया है। पुस्तक का यह टाइटल इसलिए रखा गया है कि प्राण की अधिकतर फिल्मों में उनका नाम सभी कलाकारों के पीछे..और प्राण.. लिखा हुआ आता था। कभी.कभी उनके नाम को इस तरह पेश किया जाता था.. एबॉव आल प्राण। प्राण ने अपने चार दशक से भी ज्यादा लंबे सिने करियर में लगभग 350 फिल्मों मे अपने अभिनय का जौहर दिखाया। प्राण के मिले सम्मान पर यदि नजर डालें तो अपने दमदार अभिनय के लिये वह तीन बार सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2013 में प्राण को फिल्म जगत के सर्वश्रेष्ठ सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिया गया था। प्राण को उनके कैरियर के शिखर काल में फिल्म के नायक से भी ज्यादा भुगतान किया जाता था। फिल्म .डॉन. में काम करने के लिए उन्हें नायक अमिताभ बच्चन से ज्यादा रकम मिली थी। अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले प्राण 12 जुलाई 2013 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।



# दिव्यांका और विवेक दहिया की शादी के नौ साल पूरे हुये

लोकप्रिय टीवी जोड़ी दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया की शादी के नौ साल पूरे हो गये हैं। दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया को टीवी इंडस्ट्री के क्यूट कपल के तौर पर देखा जाता है।दिव्यांका ने आठ जुलाई 2016 को विवेक दहिया के साथ शादी की थी। शो ये है मोहब्बतें के सेट पर दिव्यांका और विवेक की मुलाकात हुई थी।धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती हुई और फिर प्यार हो गया। उनकी शादी को नौ साल हो चुके हैं। इस खास मौके पर विवेक दहिया ने सोशल मीडिया पर अपनी वेकेशन की यादगार तस्वीर और वीडियो शेयर किए हैं। विवेक ने इंस्टाग्राम पर अपनी रोमांटिक छुट्टियों की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की है। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, शादी के नौ साल पूरे हो गए और वह आज भी मेरे जोक्स पर हंसती है। हर बार। लगभग। उसके साथ मिले सफर, पागलपन और शांति के लिए शुक्रगुजार हूं। हम अभी भी हर जगह, हर बार एक दूसरे को चुनते हैं।

# बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना बहुत खास : चित्रांगदा सिंह



चित्रांगदा सिंह का कहना है कि फिल्म बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना उनके लिये बहुत खास है। सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में चित्रांगदा सिंह को मुख्य अभिनेत्री के तौर पर चुना गया है। इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में हुए भारत-चीन की झड़प पर आधारित है। गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक खतरनाक झड़प हुई थी। 15 जून को हुई इस भिड़ंत में दोनों देशों के सैनिकों की जान गई थी। सलमान खान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करने को लेकर चित्रांगदा सिंह ने कहा, बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। कुछ साल पहले एक मराठी फिल्म के रीमेक में मैं सलमान सर के साथ काम करने वाली थी, जिसे महेश मांजरेकर निर्देशित कर रहे थे, लेकिन वह फिल्म कभी शुरू ही नहीं हो पाई। मुझे आज भी याद है, सलमान सर ने तब कहा था 'अगली बार साथ काम ज़रूर करेंगे।' और अब सालों बाद उन्होंने अपनी वही बात निभाई। जैसे वो कहते हैं 'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मैं खुद की भी नहीं सुनता। चित्रांगदा सिंह ने निर्देशक अपूर्व लाखिया की भी तारीफ की और कहा, वो चाहते तो किसी बड़े स्टार को भी कास्ट कर सकते थे, लेकिन उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं उनकी इस आस्था की बहुत कद्र करती हूं और मुझे गर्व है कि मैं बैटल ऑफ गलवान जैसी अहम और दमदार कहानी का हिस्सा हूं। चित्रांगदा के लिए यह रोल बहुत खास है। उनके पिता सेना में कर्नल थे और अब रिटायर हो चुके हैं। वह बचपन से ही बहादुरी, देश के लिए कुर्बानी और देशभक्ति की कहानियाँ सुनते हुए बड़ी हुई हैं।

# कॉलेज में हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन



कॉलेज में हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का प्रसारण महाविद्यालय में किया गया । इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ शिक्षाविदों को आमंत्रित कर उनका हुआ यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. पी. एस. कौरव के निर्देशन में एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ जवाहर लाल शुक्ला के मार्गदर्शन मे किया गया इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविद सेवानिवृत प्रोफेसर आर. के. कौरव,प्रो. सुनीता गुप्ता,प्रो. वी. के. झरिया तथा शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक एवं कन्या नवीन वरिष्ठ अध्यापक श्रीमती दीपशिखा शुक्ला का स्वागत सम्मान प्राचार्य महोदय के द्वारा शाल श्रीफल के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर एन.पी. वर्मा, डॉ मधु सिंह डॉ. शिवराज सिंह गंगोलिया, डॉ.प्रदीप सिंह,डॉ.अरूणिमा नामदेव, डॉ. शारदा भिंड़े, डॉ कमलेश डेहरिया, राघवेंद्र नाथ शर्मा, संजीव राजोरिया.डॉ.सुनील शर्मा डॉ.सतीश अग्निहोत्री, डॉ. दीपक तिगुरिया, रूपेंद्र, निलेश शर्मा, पिंटूदास, राजकुमार, नितेश शर्मा, अशोक कौरव, रामसनेही कौरव, शुभम साहू, संगीता नेमा. श्वेता शुक्ला,मोनिका पटेल महाविद्यालय छात्र पूजा कौरव, विशाखा साहू,पूजा वर्मा,रिंकी गोड़,अनीता चौधरी,संध्या धानक,ऋषभ कौरव, राजसिंह ठाकुर, खुशबू साहू,ज्योति चौधरी, अंजलि की उपस्थिति रही।

# गुरुपूर्णिमा पर दादा धूनीवालों के दर्शन पूजन हेतु उमड़ी भक्तों की भीड़



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

साईंखेड़ा नगरी दादा धूनीवालो की नगरी के नाम से समूचे भारत मे जानी जाती है यह श्री केशवानंद जी महाराज के अनेकों चमत्कार का साक्षी रही है यहां पर दादाजी ने लंबे समय निवास किया है अनेक जनों के दु:ख क्षण भर में दूर किये है उसके बाद दादाजी साईंखेड़ा से खण्डवा चले गए जाते हुए अनेक स्थानों पर रुके व अनेक चमत्कार के किस्से अलग अलग क्षेत्रो में व्याप्त हैं प्रत्येक वर्ष गुरुपूर्णिमा के अवसर पर यहां पर भक्तो का मेला देखा जाता है दूर दूर से भक्त झंडा यात्रा पैदल यात्रा कर भी दादाजी की एक झलक पाने अवश्य आते है।

वही स्थानीय निवासियों ने बताया है कि इस दिन पूरा नगर दादामय रहता है उसी क्रम में बुधवार पालकी यात्रा निकाली गई व गुरुवार गुरु पूर्णिमा पर सुबह 4:00 बजे से 6:00 बजे दादाजी का अभिषेक गर्भ गृह प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया तदोपरांत निरन्तर भजन प्रसादी वितरण चलता रहा वही दादा भक्तो ने सभी धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि दादाजी की रात्रि 9:00 बजे विशेष आरती की गई ।



# गुरु पूर्णिमा पर्व पर की श्री गुरु चरणों की वंदना

## नैमिषारण्य धाम में साधनारत श्री स्वामी जी का लिया आशीर्वाद

**करेली।** निरंतर तप साधना के क्रम में मैया की प्रेरणा से साधक जीवन के विराट संकल्प में 17 अप्रैल 2024 से पुन: 1008 दिवसीय क्षेत्र संन्यास के नव संकल्प के क्रम में अष्टम बैकुंठ, ऋषिभूमि, अतिपुनीत क्षेत्र, नैमिषारण्य तीर्थ स्थित नूतन देवालय श्री राजराजेश्वरी मंदिर शक्तिपीठ, स्कंदाश्रम में विराजित श्री श्री मां परामबा राजराजेश्वरी, श्री श्री मां जगतानंदी नर्मदा के अनन्य साधक, तपोनिष्ठ संत प्रवर, परम पूज्य सदगुरुदेव, श्रीमद परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्री श्री श्री अनंत श्री विभूषित, नर्मदापुत्र, परम् पूज्य सदगुरुदेव, श्री श्री श्री स्वामीजी महाराज हीरापुर वालों के श्री चरण कमलों का पूजन गुरु पूर्णिमा पर्व पर राजराजेश्वरी भक्त मंडल के भक्तगण, शिष्य परिवार के बड़ी संख्या में जुटे समर्पित व कृपापात्र सेवकों द्वारा आस्था पूर्वक किया गया।

इसके पूर्व प्रात: से परम पूज्य श्री स्वामी जी महाराज द्वारा श्री चक्र नवावरण अर्चन, श्री विद्या उपासना पूजन व विशेष अनुष्ठान किया गया एवं श्री स्वामी जी द्वारा प्रारंभ में श्री गुरु पूजन किया गया। तदंतर भक्तों द्वारा देर शाम तक पादुका पूजन किया गया। गुरु पूर्णिमा पर्व पर देशभर के शिष्य परिवार के सदस्यों ने नैमिषारण्य धाम पहुंचकर श्री गुरु चरणों की श्रद्धापूर्वक वंदना की एवं पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# गुरु के पूजन अर्चन वंदन कर मनाई गुरु पूर्णिमा



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद के तत्वाधान में बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया।परिषद के पूर्व अध्यक्ष डा महेश त्रिपाठी ने भक्तो के गुरु श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन नमन वंदन करते हुए पुष्पमाला वस्त्र श्रीफल से उनका सम्मान अभिनंदन कर दीप प्रज्वलित किया। गुरु की महिमा पर बरिष्ठ जनों ने विचार व्यक्त किए। बी एस पटेल ने कहा जिस तरह कुम्हार घड़े को गढ़ता है,वैसे ही गुरु भी हमें आकार देता है। परिषद अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि मां पिता सहित गुरु हमें ज्ञान सहित सदमार्ग का बोध कराते हैं।साहित्यकार सुबोध शर्मा ने कहा कि गुरु जीवन की दशा और दिशा दोनों ही बदल देते हैं।ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने अपने काव्य पाठ में गुरु की महिमा का यशोगान यूं किया.दु:ख की बंजर धूप में,गुरू सुखों की छांव,प्रेम नेह का लेप कर,सदा सुखाते घाव।डा.महेश त्रिपाठी ने कहा कि हम माता पिता सहित गुरु का सदैव सम्मान करें और उनके वचनों का पालन करें। विजय शर्मा दिनेश श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ जनो ने भी अपने विचार रखे।पं.सी बी शर्मा ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किये। आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया। कार्यक्रम में देवेन्द्र दुबे भोपत साहू धनपत तिवारी एस के साहू पंडित एल डी दुबे बबलू नेमा एम के नेमा भवानी शर्मा सोमनाथ पटेल आर के विश्वकर्मा बी एस मेहरा सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# ओशो लीला आश्रम में किया सदगुरु ओशो को याद

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



गाडरवारा स्थानीय ओशो लीला आश्रम में 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन स्वामी ध्यान आकाश के संचालन में ओशो की विभिन्न ध्यान विधियो के मध्य संपन्न किया गयाद्य गुरु पूर्णिमा पर दिनभर ओशो की ध्यान गतिविधियों सहित संध्याकाल व्हाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग अपने सदगुरु ओशो की उपस्थिति के एहसास के साथ विशेष रूप से किया गया जिसका आनंद रसपान ओशो सन्यासियों द्वारा अहो भाव से लिया गयाद्य ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने व्हाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग के संदर्भ मे बताया सदगुरु ओशो ने अपने जीवंत अवस्था में अपने संन्यासियों को कहा था कि मेरे विदा हो जाने के बाद भी मैं संध्या काल के वाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग के समय आप लोगों के मध्य मेरी उपस्थिति विशेष रूप से बनी रहेगीद्य इसी क्रम के चलते गुरु पूर्णिमा उपलक्ष्य अवसर पर ओशो लीला आश्रम में संध्याकाल विशेष रूप से सत्संग भजन कीर्तन नृत्य आनंद ओशो प्रवचन माला श्रवण कर अपने सद्गुरु ओशो की उपस्थिति का एहसास कर स्मरण किया गया उक्त अवसर पर स्थानीय एवं बाहर से आए हुए ओशो सन्यासी बड़ी संख्या में आनंदित हुए एवं साक्षी बन सके।



# विश्व युवा कौशल सप्ताह अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के युवा कैलण्डर अनुसार विश्व युवा कौशल सप्ताह अंतर्गत स्टेट बैंक आफ इण्डिया द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संस्था प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह तथा आई.क्यू.ए.सी. के निर्देशन में किया गया। बैंकिंग क्षेत्र विशेषकर एस.बी.आई. में रोजगार की संभावनाओं तथा रिक्तियों की जानकारी देने हेतु भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अमित भगत, मुख्य प्रबंधक श्री शुभम श्रीवास्तव तथा अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा बैंक के विभिन्न पदों पर होने वाली नियुक्तियों, उनकी पात्रता, प्रक्रिया, वेतनमान इत्यादि से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने यह जानकारी भी दी कि भारतीय स्टेट बैंक पी.ओ. के लिए वर्तमान में आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। जिसमें 21 से 30 वर्ष के पात्र उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी लाभांवित हुए। आयोजन में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों श्रीमती शोभा मिश्रा, डॉ. गनेश कुमार सोनी, डॉ. नमिता साहू, श्री केशब पाण्डे, श्री भरत सिंह ठाकुर, डॉ. चेतना उपाध्याय तथा सभी शिक्षकगणों की सहभागिता रही। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रभृति सेन, श्रीमती शिल्पी तिवारी, श्रीमती दीप्ती नेमा, कु. पूर्णिमा पटैल का सहयोग रहा।

# गुरू की शरण में सदैव समय का सद्ुपयोग होता : निर्दोष सागर महाराज



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कंदेली स्थित जैन मंदिर जी में अपनी दिव्य देशना में मुनि निर्दोष सागर महाराज जी ने गुरू पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरू पांच प्रकार के होते हैं। जन्मदाता,शिक्षादाता,अन्नदाता,दीक्षादाता, जन्मदाता गुरू माता-पिता होते हैं बाल्य अवस्था का ज्ञान दिलाते हैं माता-पिता ने संसार के विषयों में पंसाने की शिक्षा देते रहे,परंतु मोक्षमार्ग नहीं बतलाया। गीली मिटटी को कुम्हार के चके पर रखने से कभी अपने आप मंगल कलश नहीं बनता है। कुभ्भकार के हाथ ही गिली मिटटी को मंगल कलश बनाता है। बच्चों को मंगल कलश बनाने के लिए गुरू की शरण आवश्यक है,संसार में चार शरण अरिहंत,सिध्द,साधु,केवली शरण हैं। गुरू ने पहले स्वयं दीक्षा ली, पिर जगत का कल्याण करने निकल पडे। आज उन गुरूओं का दिन आषाढ पूर्णिमा को ही गुरू पूर्णिमा के रूप में मनायी जाती है। जन्म देने वाली मां आधी गुरू है,दीक्षा देने वाले गुरू ही पूर्ण गुरू होते हैं। हमें गुरूओं की उपासना करनी चाहिए ये दिगम्बर मुनियों की मुद्रा देख कर सीखा जा सकता है। जो मोक्ष मार्ग का स्वरूप है,पहले के गुरू एक पाठी थे, जो एक बार में सब कुछ याद कर लेते थे। पंचम काल की बलिहारी है, कि अच्छी बातें दिल में नहीं रख पाते है। गन्ने का रस निकालकर गन्ने छिलके पेंक देते हैं। ऐसे ही बुराईयों को निकाल कर दिल से पेंक देना चाहिए। गुरू की शरण में सदैव समय का सदुपयोग होता है। जीवन जीने के लिए छै: रक्षा कवच हैं,मिथ्थावादी युग से कैसे छुटकारा पायें,अंतरंग की ज्योति कैसे प्रज्जवलित करें, जीवन की वैतरणी कैसे पार करें,इन विषयों के बावत गुरूओं से ज्ञान प्राप्त कर सकतें हैं। प्रवचन श्रृंखला में मुनि निरूपम सागर महाराज जी ने कहा कि जिसके जीवन में गुरू नहीं,उसका जीवन शुरू नही, आखिर गुरू किसे कहते हैं,जो हमें उन्नति की ओर ले जाते है उन्हें गुरू कहते हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज जी ने अहिंसा,जीव दया ओर करूणा के लिए हमेशा प्रेरित किया था। गुरू को अंतरंग की भावना से याद करने पर अंदर की कलुषित भावना मिट जाती है। गुरू,भगवान हमेशा नि:स्वार्थ भाव से आपके कल्याण के लिए उपकार करते हैं। गुरू प्रत्यक्ष ओर परोक्ष में प्रत्येक भक्त पर आश्रय बनाये रखते हैं। हमारे कल्याण का मार्ग प्रभु एवं गुरू से खुलेगा। अच्छे कार्यो को प्रोत्साहन मिलता रहना चाहिए। जिससे अच्छे कार्य हमेशा संपादित होते रहे। इसी क्रम में मुनि निर्लोभ सागर महाराज जी ने बतलाया कि भगवान महावीर को केवल ज्ञान प्राप्त हो गया था। परंतु पेंसठ दिन तक दिव्य ध्वनि नहीं खिर रही थी। कारण कि वहां उपस्थित सामान्य व्यकित उनकी वाणी को स्मरण में नहीं रख पाते थे। गुरू पूर्णिमा का आशय गुरू पूर्ण मां है। जिसमें ज्ञान देने की पूर्ण क्षमता होती है जो कार्य कोई नहीं कर सकता है वो कार्य गुरू कर सकता है इस लिये गुरू को गुरू को गुरू ब्रम्हा,गुरू विष्णु,गुरू महेश कहा गया है। गुरू की महिमा वर्णनीय ना जाये,गुरू नाम जपो,मन वच काय। पृथ्वी बडी तो शेष नाग पर कयों पडी,शेष नाग बडा तो,शंकर जी के लगे कयों पडा,शंकर जी बडे तो पहाड पर कयों खडे,पहाड बडा तो हनुमान जी हाथ में कयों पडा,हनुमान जी बडे तो,रामजी की शरण में कयों पडे,राम बडे तो गुरू की शरण में कयों पडे। गुरू शब्द बहुत बडा है गुरू शब्द को सामान्य बना दिया है आम लोग बोलचाल में बोलते हैं ओर गुरू कया हाल है गुरू शब्द के गुरू में ग याने गंभीर उ याने उदार रू याने रहस्य का उदघाटक होता है।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेतु प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

जिले में भी राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेतु प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया उक्त ज्ञापन में यह मांग की गई की चुकी देश की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और उसके कारण देशके विकास में अनेक प्रावधान उत्पन्न हो रहे हैं इसलिए देश के सभी नागरिकों के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाए और यह सुनिश्चित कियाजाए की कानून बनने के बाद 1 वर्ष के भीतर यह स्थिति हो जाए की कोई भी इस कानून का उल्लंघन न कर पाए यदि कोई इसका उल्लंघन करेगा तो उसको सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जाए सरकारी नौकरी से वंचित किया जाए चुनाव आदि लड़ने से भी वंचित किया जाए इस तरह यह कानून प्रभावी ढंग से देश में लागू होना चाहिए क्योंकि यदि हमारी जनसंख्या नियंत्रण में रहेगी तो देश का विकास तेजी से होगा और हम विश्व पटेल पर एक विकसित देश की तरह चमकेंगे अभी आप देखेंगे नरसिंहपुर जिले में ही सड़कों में इतनी अधिकभीड़ हो रही है चलना मुश्किल हो रहा है सरकारी अस्पतालों में बस स्टैंड में रेलवे स्टेशन पर कभी-कभी भीड़ इतनी अधिक हो जाती है कि उसका मैनेजमेंट करना कठिन हो जाता है यदि हम जनसंख्या नियंत्रण कानून प्रभावी ढंग से देश में लागू करेंगे तो निश्चित रूप से हम अपने संसाधनों का उपयोग कर देश को एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर सकेंगे इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट की सचिव शकुन नामदेव संरक्षक श्रीमती संध्या कोठारी भारती दीक्षित प्रवीण गोस्वामी सुमन शर्मा मिथिलेश भार्गव मानव अधिकार संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल भारती कौरव शुभा पाठक तथा सरवरी सिद्दीकी एडवोकेट अखिलेश ओसवाल जितेंद्र सिंह स्वदेश कोठारी अनिरुद्ध पटेल सेहत राष्ट्रवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ऐसे कार्यक्रमों से विभिन्न विधाओं में रुचि रखने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन होता है : जालम सिंह




## दो दिवसीय ढ़ोलक वादन एवं डांस प्रतियोगिता का समापन

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के विशेष सहयोग से म्यूजिक स्टेशन के तत्वावधान में दो दिवसीय ढ़ोलक वादन एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन शगुन मैरिज गार्डन मे आयोजित हुआ। यह आयोजन मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री सरदार सिंह पटेल जी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व राज्य मंत्री श्री जालम सिंह जी पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में तबला वादन में कृष्णा सोनी,ग्रन्थ सोनी,अर्पित नागोतिया,देवेंद्र दुबे,चिराग ध्रुवे,रामकिशन विश्वकर्मा, देवी यादव, मयंक, ध्रुव,एवं देव सागर,शुभ मेहरा,आलोक दुबे,वेदांस सोनी, आदित्य तिवारी,हर्षित मेहरा, नितिन कुशवाहा, आदित्य दुबे,मनोज बुनकर,मयंक, ने भाग लिया तथा डांस प्रतियोगिता में देवेंश, दिव्यांश,राशि नोरिया,मान्या नोरिया, अदिती गिरी गोस्वामी,चिया नेमा,अभ्या वैरागी, तनु, नंदनी, प्रियांशी कुशवाहा, नाव्या कुशवाहा,देवेंश चौरसिया,नयन कुशवाहा,शिवानी ,मनु दुबे , रागनी पटेल, चेतन्य, नंदनी, चौरसिया,ऋषिका,मानसी रैकवार,दीपाली पटेल, मुस्कान दुबे , अनिबिक, प्रांजल नामदेव,समायरा जाटव महिमा ने भाग लिया उक्त अवसर पर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए।कार्यक्रम की सभी विधाओं में प्रतिभागियों ने अपना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने उदबोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निश्चित ही ऐसे कार्यक्रमों से विभिन्न विधाओं में रुचि रखने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन होता रहता है, हमारा प्रयास भी यही होना चाहिए कि प्रतिभाओं को अवसर प्रदान किया जाए ताकि वह आगे जा सके।

श्री पटेल ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रदान की और उन्हें अपना स्नेहाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील कोठारी, वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रांतीय अध्यक्ष एस के चतुर्वेदी म्यूजिक स्टेशन के संचालक ताराचन्द्र पटेल व ध्रुव पटेल, निर्णायकगणों में माधव सेंदरे जी,पंकज सागर जी,महिपाल माही जी,संजू बाबा जी,विकास वैरागी को उपस्थिति रही जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभाओं को परखा। कार्यक्रम का संचालन आयुषी सोनी ने किया।

# आकाशीय बिजली के संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचायें

## बचाव के नियमों का पालन करने का आग्रह, जिला प्रशासन द्वारा एडवायजरी जारी

कटनी (स्वतंत्रमत)। आकाशीय बिजली वज्रपात से बचाव के लिए, जिला प्रशासन ने जन समुदाय के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की एडवाइजरी जारी की है। इनका पालन कर आकाशीय बिजली वज्रपात से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली वज्रपात से आउटडोर घर के बाहर बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जुलाई में अधिक होता है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी



के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

### अपनाएं सुरक्षात्मक उपाय

बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। जिला प्रशासन द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने आपदा प्रबंधन की बैठक में पहले ही अधिकारियों को बाढ़ और जलप्लावन आदि की समस्या से निपटने कार्य योजना आधारित रणनीति पर अमल करने के निर्देश दिये थे। साथ ही स्वास्थ्य महकमे को निर्देशित किया था कि पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं को ए.एन.एम.एस.सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखने की भी हिदायत दी गई है। इसके अलावा शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था के भी निर्देश कलेक्टर द्वारा आपदा प्रबंधन की बैठक में पहले ही दिये जा चुके हैं।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बरही में आयोजित हुआ कार्यक्रम



कटनी (स्वतंत्रमत)। शासकीय महाविद्यालय बरही में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने उपस्थित सभी गुरुजनों तथा अतिथियों को पुष्प गुच्छ, शाल तथा श्रीफल देकर स्वागत एवं सम्मानित किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों, धर्मगुरुओं, राकेश तिवारी, अश्वनी मिश्रा, राजेश निगम, सी. पी. उपाध्याय, लक्ष्मण मिश्रा, जय प्रकाश चतुर्वेदी, चंद्रिका प्रसाद चंदेल ने अपने उद्बोधन में स्वस्थ्य गुरु-शिष्य परंपरा एवं सामाजिक समरसता से संबंधित विचार व्यक्त किये। इसी प्रकार नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक पावन पर्व है। जो ज्ञान, शिक्षण और मार्गदर्शन के प्रतीक गुरु को समर्पित होता है। वहीं पार्षद संतोष द्विवेदी ने कहा कि यह दिन गुरु-शिष्य परंपरा को सम्मान देने और अपने जीवन में गुरु के योगदान को याद करने का उत्तम अवसर होता है। जबकि कार्यक्रम संचालक डॉ. आर. जी. सिंह ने वैदिक कालीन गुरु-शिष्य परंपरा को रेखांकित करते हुए वर्तमान में गिरते मानवीय मूल्यों के उत्थान में गुरु की भूमिका पर विचार व्यक्त किये। इसके अतिरिक्त डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने महाभारत कालीन व्यवस्था का उल्लेख किया एवं प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में वेद व्यास, पतंजलि एवं अन्य गुरुओं के योगदान पर चर्चा की गई। अंत में डॉ. अरविन्द सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गुरुजनों, अतिथियों स्टाफ के सदस्यों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए आभार ज्ञापित करते हुए गुरु-शिष्य परम्परा को भारत की गौरवशाली तथा सनातन परम्परा को पूर्णता प्रदान करने वाला पर्व बताया। कार्यक्रम के दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. मंजूलता साहू, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. निगम, मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, पवन दुबे, दीपक मिश्रा, डॉ. चंद्रभान लोहार, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि साहू, राजेश्री मिश्रा तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, नव प्रवेशित विद्यार्थी, रा. से. यो. स्वयंसेवक, अन्य विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे में आयोजित हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



कटनी (स्वतंत्रमत)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे में शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर संस्कृति मुदित लटोरिया तथा विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जैन ने संयुक्त कलेक्टर लटोरिया का स्वागत हरित पौधा देकर कियास मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस आयोजन पर जो भी पौधा लगाएं, उसकी पूरी सुरक्षा अवश्य करें। वहीं प्राचार्य जैन ने भी विद्यार्थियों से विद्यालय तथा अपने आस-पास मे हरियाली बढ़ाने हेतु आह्वान कियास कार्यक्रम में विद्यालय की स्काउट गाइड प्रभारी, एनसीसी के कैडेट्स और बाकी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने भी भाग लिया। साथ ही विद्यालय की ईको क्लब प्रभारी अंशिका कुशवाहा ने इस कार्यक्रम का कार्यभार संभालास इस दौरान विद्यालय में गायत्री परिवार के सदस्य जगदीश सिंह भदोरिया, महेंद्र कुमार खरे, लोकेन्द्र सिंह, सीएल साहू, शैलेश सोलंकी, नीति सोलंकी, ज्योति श्रीवास्तव महिला मंडल कार्यवाहक भी उपस्थित रहे।

# वीर शासन जयंती संपन्न



कटनी (स्वतंत्रमत)। जिन शासन नायक भगवान महावीर वर्तमान चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर हैं वीर शासन जयंती पर ज्ञान चेतना मंडल स्वाध्याय भवन में जयंती भक्ति भाव के साथ मनाई गई भगवान महावीर को ज्ञान प्राप्त किया भगवान महावीर को ज्ञान प्राप्ति के बाद भी 66 दिनों तक दिव्य ध्वनि नहीं खिरी यह चिंता का विषय था आज के दिन गौतम गणधर का संयोग प्राप्त हुआ और भगवान की दिव्य देशना का उद्घोष प्रारंभ हो गया यह देशना कालांतर में सभी जीवो के लिए आत्म कल्याण और शुभ क्रियाओ के निमित्त भूत परंपरा से भी मोक्ष प्राप्ति का कारण बनी आज के ही दिन से आत्म कल्याण के मार्ग की अमृत सुधा का रसपान श्रावको के मध्य हुआ उकताशय के उद्धार ज्ञान चेतना मंडल मे उपस्थित जनों द्वारा व्यक्त किए गए जिसमें प्रमुख रूप से रमेश जैन, प्रदीप मोदी, डॉक्टर सुबोध मोदी, सुरेंद्र सिंघई, पुष्प कुमार जैन, राजेश जैन, सौरभ जैन आदि ने व्यक्त किये कार्यक्रम मे नीलू जैन, कांति जैन, प्रतिज्ञा जैन, मयूरी जैन, रेशु जैन, अंजना जैन, संगीता जैन, नियुसी जैन आदि की उपस्थिति रही।

# निर्धन छात्राओं को मिली शिक्षापयोगी सामग्री

## समाजसेवी कुशल प्रकाश मिश्रा ने किया वितरण



कटनी (स्वतंत्रमत)। शिक्षा के क्षेत्र में सेवा भाव को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा नेता कुशल प्रकाश मिश्रा ने एक अनुकरणीय पहल की। उन्होंने निर्धन एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को पुस्तकें, कॉपियाँ एवं बस्तों की किट वितरित कर शिक्षा की राह आसान करने का प्रयास किया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें पढ़ने का अवसर दें। यदि संसाधनों के अभाव में कोई बच्चा पढ़ाई छोड़ दे, तो यह समाज की सामूहिक विफलता मानी जाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने उनके इस कदम की सराहना की और बच्चों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने को मिली। समाजसेवा के प्रति उनकी इस पहल को शिक्षा क्षेत्र में प्रेरणादायक माना जा रहा है।

# अतिवर्षा के दौरान दो स्थलों में जलभराव की प्राप्त शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेकर महापौर नें किया मौका स्थल का निरीक्षण

## स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित कर करवाई गई सुगम जल निकासी की व्यवस्था

कटनी (स्वतंत्रमत)। शुक्रवार को अचानक निरंतर हो रही तेज बारिश को दृष्टिगत रखते हुए लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित साईं मंदिर के बाजू एवं माधवनगर स्थित समदड़िया कॉलोनी के नालों के अवरोधों के कारण उत्पन्न हुई जलभराव की समस्या का बरसते पानी में जायजा लेते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सुगम वर्षाजल निकासी की व्यवस्था मुहैया कराई गई। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष सिब्बू साहू, बीना बैनर्जी, सीमा श्रीवास्तव, ईश्वर बहरानी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, कमलेश चौधरी सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।



महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड साईं मंदिर के बाजू स्थित गली नं 7 में अंबे किराना एवं पतंजलि स्टोर तथा साई राम किराना स्टोर्स के आगे सार्वजनिक मार्ग में जलभराव की प्राप्त शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मौका स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के नाली में उत्तन्न अवरोधों के कारण जलभराव की स्थित निर्मित होना पाये जाने पर सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए महापौर नें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को त्वरित जल निकासी की व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश दिए। महापौर के निर्देश के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल जे.सी.बी मशीन के माध्यम से मार्ग के किनारे कच्ची नालियों का गहरीकरण एवं वर्षा जल निकासी के अवरोधों को दूर करते हुए सुगम जल निकासी की सुविधा मुहैया कराई गई।

इसी तरह माधवनगर स्थित समदड़िया कॉलोनी में जलभराव की समस्या की जानकारी प्राप्त होते ही महापौर द्वारा स्थानीय पार्षद ईश्वर बहरानी के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद के दौरान बताया गया कि अतिवर्षा के दौरान कचरा एवं झाड़ियों के का कचरा नालों में फंसने से जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। जिस पर महापौर नें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पुनः नालों के जाम एवं अवरोधों की सफाई कराकर सुगम जल निकासी कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सुलभ अग्रवाल, आर्यन बिचपुरिया, शशांक खरे, विपिन सिंह, जितेन्द्र त्रिपाठी, चन्द्र प्रसाद तिवारी सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

# भक्तजनों द्वारा नंदीश्वर दीप विधान का किया समापन

कटनी (स्वतंत्रमत)। कटनी दिग. जैन समाज के अष्टान्हिका महापर्व के अनंतनुबंधी पुण्य के उदय से श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग. पंचायती मंदिर जैन बड़े मंदिर एवं श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिग. जैन सिंघई मंदिर एवं श्री 1008 मुनि सुव्रतनाथ जैन मंदिर चेतनोदय तीर्थ में भक्तजनों द्वारा नंदीश्वर दीप विधान का समापन किया गया।



इस अवसर पर महावीर कीर्ति स्तंभ से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर जवाहर चौक, कपड़ा बाजार, मेन रोड़, जयदयाल रोड़, सुभाष चौक से होते हुये महावीर चौक पर पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में नवयुवक एवं महिलायें धर्मध्वज लिये एवं समाधिस्थ परमपूज्य 108 विद्या सागर महाराज एवं नवाचार श्री 108 समय सागर जी महाराज के परम प्रभाव शिष्य श्री 108 प.पू. पदम सागर जी महाराज के साथ दो पलकियों पर श्रीजी विराजमान थे।

जगह-जगह रंगोली सजाकर, आरती उतारकर एवं श्रीजी एवं मुनि श्री भव्य आगवानी की गई। यात्रा में दि.जैन समाज पंचायत महासभा, गुरुभक्त मण्डल, जिनयज्ञ परिवार, जैन सोशल ग्रुप, अखिल भारतवर्षीय महिला परिषद, भारती जैन मिलन, आचार्य विद्यासागर नवयुवक मण्डल के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों के साथ समाज जन भारी संख्या में शामिल हुये।

# गोवंश के सींगों पर लगाए रेडियम टेप

कटनी (स्वतंत्रमत)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा मवेशियों के कारण होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने एवं हादसे के दौरान गौवंश को बचाने के उद्देश्य से यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं बस स्टैंड चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने सम्मिलित रूप से प्रयास करते हुए राजमार्ग पर बैठे मवेशियों के सिंघो पर रेडियम लगाएं।



राजमार्ग पर हादसे रोकने और गौवंश को बचाने यातायात एवं बस स्टैंड चौकी पुलिस का मिश्रित प्रयास

बातचीत करते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं बस स्टैंड चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने कहा कि राजमार्ग पर हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा सुधारात्मक प्रयास करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में सड़क पर पाए जाने वाले आवारा मवेशियों के सिंघो पर रेडियम लगाने का काम पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में गत रात्री द्वारा ग्राम सरपंच के साथ मिलकर ग्राम द्वारा के समीप सड़क पर बैठे आवारा मवेशियों के सिंघो पर रेडियम लगाए गए एवं उन्हें सड़क से हटाते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

# मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा-प्रसारण नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में आयोजित



राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत आवासों का गृह प्रवेश एवं स्वीकृति पत्र का किया गया वितरण

कटनी (स्वतंत्रमत)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शहरी विकास के क्षेत्र से जुड़े अग्रणी उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार को इन्दौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अन्तर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अन्तर्गत नवीन आवासों के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम कटनी के मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की गरिमामई उपस्थिति तथा हितग्राही एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में वर्चुअली कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू शिब्बू, बीना बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव सहित उपायुक्त शैलेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, अनिल जायसवाल सहायक यंत्री एवं नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना, आदेश जैन, अश्विनी पाण्डेय, जे.पी सिंह बघेल, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा की उपस्थिति रही। महापौर प्रीति संजीव सूरी नें कार्यक्रम के संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निरंतर गरीबों के कल्याण का कार्य किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित जनहितकारी योजनाओं से हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। उन्होंने लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए उनके स्वयं की पक्की छत का सपना साकार होने की बधाई दी तथा सभी को मिलकर एक अच्छी कॉलोनी विकसित करने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण किए जाने का आग्रह किया गया। नगर पालिक निगम कटनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के द्वितीय चरण के 209 हितग्राहियों के खाते में 2.50-2.50 लाख रूपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के पूर्ण आवासों के 208 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

# जीडी मेमोरियल हॉस्पिटल में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)। जीडी मेमोरियल हॉस्पिटल डन कॉलोनी में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ गत दिवस जबलपुर के प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर विशाल बडेरा के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। डायलिसिस की सुविधा 24 घंटे निरंतर उपलब्ध रहेगी। यूनिट का सुपरविजन डॉक्टर विशाल बरेड़ा की टीम के द्वारा किया जाएगा आयुष्मान कार्ड धारकों को डायलिसिस की सुविधा निशुल्क रूप से उपलब्ध होगी। शिविर के शुभारंभ अवसर पर डॉक्टर विशाल बडेरा किडनी विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण दिया गया। डॉ विशाल बडेरा नियमित रूप से जीडी मेमोरियल अस्पताल में प्रति माह आखिरी शनिवार को मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।



# राहुल-नायर ने संभाली भारतीय पारी

## बुमराह ने इंग्लैंड के 5 विकेट गिराए

लंदन (वार्ता)।

भारत ने इंग्लैंड को लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में 387 रन पर ऑलआउट कर दिया है। जवाबी पारी में भारत ने 13 रन पर यशस्वी जायसवाल (13 रन) का विकेट गंवा दिया है। 4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी को स्लिप पर हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। नायर 40 रन बनाकर बोल्ड हुए आखिरी सेशन में समाचार लिखे जाने तक भारतीय टीम का स्कोर 98/2 है। केएल राहुल और गिल नाबाद हैं। शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 251/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने लंच से पहले 271 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जैमी स्मिथ (51 रन) ने ब्रायडन कार्स (56 रन) के साथ 8वें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी करके स्कोर 350 पार पहुंचाया। लॉर्ड्स मैदान पर आज 99 रन से पारी को आगे बढ़ाने वाले जो रूट ने 104 रन बनाए।

### बुमराह का पंजा, भारत ने इंग्लैंड को 387 रन पर रोका

जसप्रीत बुमराह (74 रन पर पांच विकेट), मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम भारत ने शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन चायकाल से पहले इंग्लैंड को 387 रन के स्कोर पर रोक दिया। कल के चार विकेट पर 251 रनों से आगे खेलने उतरी इंग्लैड को आज सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह के कहर का सामना करना पड़ा। कप्तान बेन स्टोक्स ने अभी अपने स्कोर में पांच रन जोड़े थे कि बुमराह ने उन्हें बोल्ड कर भारत को पांचवीं



सफलता दिलाई। बेन स्टोक्स ने 110 गेंदों में चार चौकों की मदद से 44 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान जो रूट ने चौका लगाकर अपना टेस्ट शतक पूरा किया। यह जो रूट के 156 मैचों के टेस्ट करियर का 37वां और भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक था। इसी के बाद बुमराह ने उन्हें भी बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। जो रूट ने 199 गेंदो में 104 रनों की पारी खेली। क्रिस वोक्स (शून्य) को भी बुमराह ने आउट किया। लंच तक इंग्लैंड ने सात विकेट पर 353 रन बना लिये है। लंच के बाद मोहम्मद सिराज ने जेमी स्मिथ (51) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जोफ्रा आर्चर (चार) को बुमराह ने बोल्ड कर अपना पांचवां और भारत के लिए नौवां विकेट लिया। 113वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ब्रायडन कार्स (56) को आउट कर इंग्लैंड की पहली पारी का 387 रन के स्कोर पर अंत किया। चलिए आखिरकार इंग्लैंड की पारी समाप्त हो गई। बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी की और सिराज ने उनका शानदार साथ दिया। हालांकि जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स के बीच जो साझेदारी हुई, उससे भारतीय टीम निराश होगी। इसलिए इंग्लैंड की टीम 400 के करीब तक पहुंची है।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 74 रन पर पांच विकेट लिये। उन्होंने पहले टेस्ट की पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे। मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी को दो-दो विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# कर्टिस कैम्फर ने पांच गेंद में पांच विकेट लेकर रचा इतिहास

**डबलिन (वार्ता)।** आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कैम्फर को अपने दूसरे से तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल किए। वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के बाद 88 पर सिमट गई। पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब कैंपर की गेंद स्विंग होकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। अगली गेंद पर, ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर पगबाधा हो गए यह इनस्विंगर उनके पैड पर लगी। इसके साथ ही कैंपर ने अपने अगले ओवर की शुरुआत में हैट्रिक बना ली और यह हैट्रिक तब आई जब 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। कैम्फर ने इस मैच कुल 2.3 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके।


कैम्फर ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, ओवरों के बदलाव के बीच मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। मैं बस चीजो को बहुत सरल रखने पर बल दिया और सौभाग्य से मैं ऐसा कर पाने में सफल रहा। जब उनसे पूछा गया कि अगर कोई और बल्लेबाज आता



तो क्या वह छह में से छह रन बना पाते, तो कैम्फ़र ने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता। दोनों ही चीज़ें मुझे स्वीकार्य होतीं। मैं बस खेलकर खुश हूं। उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज से बाहर होने के बाद यह कैम्फर का दूसरा मैच था। मंगलवार को लेइनस्टर लाइटनिंग के खिलाफ अपने वापसी मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, लेकिन गेंदबाजी नहीं की थी। गुरुवार को भी उन्होंने 24 गेंदों पर 44 रन बनाए और फिर पांच विकेट लिए।

कैम्फर अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले गेंदबाजी की सूची में शामिल हैं यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी नहीं हैं। यह सम्मान जिम्बाब्वे महिला ऑलराउंडर केलिस एन्धलोवु के नाम है, जिन्होंने 2024 में घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में ईगल्स महिला के खिलाफ जिम्बाब्वे अंडर-19 के लिए पांच गेंदों पर पांच विकेट लिए थे।

# येरे अल्वारेज ने स्वीकारा कि उनका ड्रग टेस्ट पॉजिटिव था



मैड्रिड (वार्ता)।

यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के बाद एथलेटिक क्लब बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने स्वीकार किया है कि उनकी प्रतिबंधित पदार्थ की जांच का नतीजा पॉजिटिव था और उन पर चार साल तक का निलंबन लग सकता है। स्पेन के पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी अल्वारेज ने 2016 में वृषण कैंसर का इलाज कराया था और बीमारी से उबरने के बाद उन्हें फिर से यह बीमारी हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये एक बयान में कहा कि पिछले सीजन में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ यूरोपा लीग सेमीफाइनल के बाद उनका प्रतिबंधित पदार्थ के लिए जांच का नतीजा सकारात्मक था। बचाव पक्ष की ओर से बताया कि सकारात्मक नतीजा उस उपचार के कारण था जिसका उपयोग वह कीमोथेरेपी के बाद बालों के झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे।

# श्रीलंका ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया

पल्लेकेले (वार्ता)।

कुसल मेंडिस (73) की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को छह गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने पथुम निसंका को आउटकर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। पथुम निसंका ने 16 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में कुसल परेरा 24 रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में श्रीलंका का तीसरा विकेट कुसल मेंडिस के रूप में गिरा। कुसल मेंडिस ने 51 गेंदों में पांच चौके



ओर तीन छक्के लगाते हुए 73 रन बनाये। श्रीलंका ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। अविष्का फर्नांडो 11 और कप्तान चरित असालंका एक रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से मोहम्मद सैफुद्दीन, मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बंगलादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के परवेज हुसैन इमॉन और तंजिद हसन ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नुवान तुषारा ने तंजिद हसन (16) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान लिटन कुमार दास को जेफ्री वेंडरसे ने पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। नौवें ओवर में महीश तीक्षणा ने परवेज हुसैन इमॉन (22 गेंदों में 38) को आउटकर श्रीलंका को तीसरी सफलता दिलाई। मो. तौहीद हृदोय (10), मेहदी हसन मिराज (29) रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 154 का स्कोर खड़ा किया। मोहम्मद नईम शेख ने (नाबाद 29) और शमीम हुसैन (नाबाद 14) रनों की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने दो विकेट लिये। नुवान तुषारा, दासुन शनाका और जेफ्री वैंडरसे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# कार्लसन ने बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया



**नई दिल्ली, (वार्ता)।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की। कार्लसन ने 53 चालों के बाद एआई को हार मानने पर मजबूर कर दिया। अपनी जीत के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए, कार्लसन ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं कभी-कभी यात्रा करते समय ऊब जाता हूँ।तस्वीरों में चैटजीपीटी अपनी हार स्वीकार करते हुए कह रहा है, मेरे सारे मोहरे चले गए हैं। आपने एक भी मोहरा नहीं गंवाया है। आपने अपनी जीत की शर्त पूरी तरह से पूरी की... जैसा कि तय हुआ था, मैं हार मानता हूँ। यह व्यवस्थित, साफ और सटीक था।

# राहुल द्रविड़ और स्टीव स्मिथ से आगे निकले जो रूट

**लंदन (वार्ता )।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में शतक बनाकर दिग्गज राहुल द्रविड़ और स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ते हुए सर्वाधिक टेस्ट शतकों की सूची में शीर्ष पांच में जगह बना ली है। उनका नवीनतम शतक - उनका 37वां शतक - लॉर्ड्स में शानदार अंदाज में लगा। रूट अब सर्वकालिक टेस्ट शतक बनाने वालों की सूची में केवल सचिन तेंदुलकर (51), जैक्स कैलिस (45), रिकी पोंटिंग (41) और कुमार संगकारा (38) से पीछे हैं। उन्होंने क्रिकेट के इस मैदान पर अपना लगातार तीसरा शतक भी बनाया - इससे पहले उन्होंने 143 और 103 रन बनाए थे - जिससे वह जैक हॉब्स (1912-1926) और माइकल वॉन (2004-2005) के बाद लॉर्ड्स में लगातार तीन टेस्ट शतक बनाने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए। भारत के खिलाफ उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, रूट का यह शतक उपमहाद्वीपीय दिग्गजों के खिलाफ टेस्ट मैचों में उनका 11वां शतक था।

गौरतलब है कि रूट का नवीनतम कीर्तिमान 192 गेंदों में बना, जो इंग्लैंड के आक्रामक बैजबॉल युग का तीसरा सबसे धीमा टेस्ट शतक है-जो केवल 2024 में रांची में उनके द्वारा बनाए गए 219 गेंदों के शतक और 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेन फोक्स के 206 गेंदों के शतक से धीमा है। रूट की प्रमुख उपस्थिति इंग्लैंड की लाल गेंद की महत्वाकांक्षाओं का आधार बनी हुई है, भले ही टीम ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में अपने आक्रामक दृष्टिकोण को नया रूप दे रही हो।

# भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा पाकिस्तान

नयी दिल्ली (वार्ता)

भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण खेल संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। भारत में इस साल बाद में एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन होना है। पाकिस्तान इन टूर्नामेंटों के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम भेजने पर फैसला लेने से पहले भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। पाकिस्तान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई सुरक्षा खतरा होगा तो उनकी हॉकी टीम भारत नहीं भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीम टूर्नामेंट के लिए भारत तभी जाएगी जब सरकार सुरक्षा स्थिति से पूरी



तरह संतुष्ट होगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में स्थिति से अगर वह संतुष्ट नहीं है, तो वह हमारे किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे जोखिम में नहीं डालेगा। उन्होंने बताया कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत यात्रा करना सुरक्षित नहीं है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने भारत में होने वाले दो प्रमुख हॉकी आयोजनों के लिए राष्ट्रीय टीमें भेजने हेतु संबंधित मंत्रालयों से सलाह और अनुमति मांगी है।

अगले महीने होने वाला एशिया कप 2026 में होने वाले अगले विश्व कप के लिए क्वालीफायर भी होगा। पीएचएफ के महासचिव राणा मुजाहिद ने स्वीकार किया कि अतीत में पाकिस्तान ने भारत में कुछ अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लिया था। उन्होंने कहा, लेकिन अभी स्थिति अलग है, संबंध तनावपूर्ण हैं, इसलिए हम तभी आगे बढ़ सकते हैं जब सरकार हमें अनुमति दे। उन्होंने कहा कि पीएचएफ सोशल मीडिया पर हॉकी टीम के खिलाड़ियों को दी जा रही धमकियों पर नजर रख रहा है।



# तेलों में तेजी, चावल नरम, गेहूं में हल्का सुधार

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** विदेशी बाजारों में पाम ऑयल और सोयाबीन तेल में तेजी बने रहने की रिपोर्ट और डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के चलते शुक्रवार को स्थानीय जिंस बाजार में खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गयी। सरसों तेल में प्रतिक्विंटल 160 रुपये से अधिक का उछाल दिखा। स्टॉक बेहतर होने के साथ सामान्य स्तर की मांग के परिणाम स्वरूप चावल का बाजार हल्का नरम रहा। इसके विपरीत गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की तेजी दर्ज की गयी। दालों में सामान्य मांग-पूर्ति के बीच मिला जुला रुख देखा गया। स्थानीय थोक बाजार में पाम ऑयल रिफाइंड में वैश्विक संकेतों के चलते तेजी बनी रही और यह प्रति क्विंटल 39 रुपये और चढ़ गया। मूंगफली तेल में भी प्रति क्विंटल 40 रुपये की तेजी दर्ज की गयी जबकि सरसों तेल 160 रुपये उछल गया। इसी तरह वनस्पति में 24 रुपये और तेल सूरजमुखी में 46 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। तेल सोया 13 रुपये सुधर गया। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल के भाव लगातार तेजी पर है। दिन में नजदीक के सौदों में भाव दिन में प्रति टन 37 रिंगिट तक ऊंचा चल रहे थे। पाम आयाल का बाजार एथेनाल उद्योग की मांग की मजबूती के साथ साथ व्यापारिक तनावों से प्रभावित है। मलेशिया और इंडोनेशिया पाम आयल के प्रमुख उत्पादक हैं जबकि भारत इसका एक प्रमुख आयात देश है। अमेरिकी सोयाबीन तेल का अगस्त वायदा के भाव हल्की तेजी पर थे। दाल दलहन बाजार में चना 10 रुपये और तेज हो गया। कल इसमें 26 रुपये का सुधार दर्ज किया गया था। मसूर दाल के भाव भी कल प्रति क्विंटल 31 रुपये की बढ़त के बाद आज पांच रुपये और चढ़ गये। दाल तुअर 38 रुपये टूट गयीऔर उड़द में आठ नरमी टूट गए। दाल मूंग के भाव हल्की नरमी की धारणा से करीब करीब पिछले स्तर पर रहे। बाजार में चावल के भावों करीब 8 रुपये तक की नरमी दिखी। गेहूं पांच रुपये तेज बोला गया।आटा में भी पांच रूपए की तेजी दिखी। बाजार में गुड़ का औसत भाव मांग की नरमी के साथ 11 रुपये नीचे आ गया जबकि चीनी के भाव इतने ही तेजी पर रहे।

# कुल विदेशी मुद्रा भंडार में तीन अरब डालर से अधिक की साप्ताहिक गिरावट

**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय रिजर्व बैंक की शुक्रवार को जारी साप्ताहिक रिपोर्ट के अनुसार चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.049 अरब डॉलर घटकर 699.736 अरब डॉलर (5975266) करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। उससे पिछले सप्ताह में, कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.849 अरब डॉलर बढ़कर 702.784 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। सितंबर 2024 के अंत में मुद्रा भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। इस वर्ष मार्च से विदेशी मुद्रा भंडार में कुल मिला कर 31.41 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार एक साल में 42.581 अरब डॉलर बढ़ा है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चार जुलाई को समाप्त सप्ताह के अंत में विदेशी मुद्रा आस्तियां, 3.537 अरब डॉलर घटकर 591.287 अरब डॉलर पर आ गयी। ये आस्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे प्रमुख हिस्सा हैं। डॉलर में व्यक्त इन अस्थियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं का भंडार भी शामिल होता और इस तरह डॉलर के विरुद्ध इनकी विनिमय दर में परिवर्तन से इन सम्पत्तियों के आंकड़े प्रभावित होते हैं। आलोच्य सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.846 अरब डॉलर, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.9 करोड डॉलर बढ़कर 18.868 अरब डॉलर और आईएमएफ में पड़ी भारत की आरक्षित मुद्रा 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.735 अरब डॉलर हो गया।



# 'सेमीकॉन इंडिया 2025' सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2 से 4 सितंबर तक राजधानी के यशोभूमि में

नयी दिल्ली (वार्ता)।

डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र की भारत की प्रतिष्ठित प्रदर्शनी 'सेमीकॉन इंडिया 2025 और इससे जुड़े सम्मेलन के चौथे संस्करण का आयोजन राजधानी के यशोभूमि में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) और सेमी द्वारा संयुक्त रूप से दो से चार सितंबर आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी और सम्मेलन का मुख्य विषय है- 'अगले सेमीकंडक्टर पॉवर हाउस का निर्माण।' सेमीकॉन इंडिया 2025 में 18 देशों और इन क्षेत्रों की 300 से ज़्यादा कंपनियां भाग लेंगी, जो सामग्री और उपकरणों से लेकर सिलिकॉन, डिज़ाइन और सिस्टम तक, संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स मूल्य श्रृंखला का प्रदर्शन




करेंगी। भागीदारी का दायरा और विविधता वैश्विक सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में भारत के बढ़ते एकीकरण का संकेत देती है। इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह आयोजन माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में भारत की बढ़ती क्षमताओं और महत्वाकांक्षाओं को प्रदर्शित करेगा।

# डालर के मुकाबले रुपये में 27 पैसे की तेज गिरावट

मुंबई (वार्ता)।

वैश्विक व्यापार परिदृश्य को लेकर व्याप्त अनिश्चितताओं और स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के समक्ष रुपया करीब 27 पैसे नीचे आ गया। अमेरिका में कनाडा के सामानों पर 35 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने और ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत का दंडात्मक प्रशुल्क लगाने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणाओं से व्यापार को लेकर अनिश्चिततायें बढ़ गयी हैं। इस बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला आज तीसरे दिन भी बना रहा। इस बीच, प्रमुख विदेशी मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर में लगातार तेजी बनी हुई है। डॉलर भारतीय रुपये के खिलाफ मजबूत होकर 85.8536 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कल बंद के समय डॉलर का भाव 85.5780 था।

# बिकवाली से शेयर बाजारों में गिरावट

मुंबई (वार्ता)।

सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन कंपनियों के शेयरों में तेज बिकवाली के दबाव से शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में 0.83 प्रतिशत तक टूट गये। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उठा-पटक भरी व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं के साथ-साथ भारतीय कंपनियों के हिमाही नतीजों को लेकर भी बाजार में सावधानी है। देश की दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस के गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद घोषित तिमाही परिणाम के बाद इसके शेयर में 3.46 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गयी। एशियायी बाजारों में मिले जुले रुख का भी स्थानीय बाजार पर असर रहा। एशियायी बाजारों में जापान के बाजार में करीब 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही, सिंगापुर का स्ट्रेट टाइम्स 0.30 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0.46 प्रतिशत लाभ में



रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट कल के स्तर पर बना रहा। दिन के कारोबार में लगातार बिकवाली के दबाव में रहा बीएसई-30 सेंसेक्स गुरुवार की तुलना में 689.81 यानी 0.83 प्रतिशत गिर कर 82,500.47 पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह 82,820.76 पर गिरावट के साथ खुला और दिन में ऊपर में 83,040.74 और नीचे में 82,442.25 तक चला गया था। कल बाजार 83,190.28 पर बंद हुआ था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 25,149.85 पर बंद के साथ 205.40 अंक (0.81 प्रतिशत की) गिरावट पर था। निफ्टी 25,255.50 पर खुल कर कारोबार के दौरान ऊपर में 25,322.45 और नीचे में 25,129.00 तक गया था। बीएसई सेंसेक्स के 22 शेयर घाटे में बंद हुये। सबसे वाहन कंपनी महिंद्रा एंड महिंदा, टाटा मोटर्स में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही, मारुति भी हल्की गिरावट में बंद हुआ। टेक कंपनियों में टीसीएस के साथ साथ एचसीएल टेक, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा भी घाटे में बंद हुए। लाभ में रहे शेयरों में हिंदुस्तान लीवर 4.61 प्रतिशत उछल गया। एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, इटर्नल, एसबीआई, आईटीसी और अल्ट्रा सेमको भी हल्के लाभ में रहे। निफ्टी बैंक 0.35 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी 100, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मालकैप 100 भी क्रमशः 0.81 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत और 1.02 प्रतिशत घाटे में बंद हुये। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कंपनियों के पहली तिमाही के शुरुआती नतीजों में आय वृद्धि की रफ्तार दिखने और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने लगाने की धमकी का घरेलू बाज़ारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

# बच्चों का भविष्य संवारने में जुटी है राज्य सरकार

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुण्योदय प्रकल्प के कार्यक्रम को किया संबोधित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2047 तक भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनेगा और इसमें देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रदेश सरकार बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं। शासकीय स्कूलों में कक्षा 6 और 9 के विद्यार्थियों को लगभग 5 लाख साइकिलें वितरित की जा रही हैं। बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म तैयार करवाकर दी जाएंगी। सरकार ने शैक्षणिक-सत्र की शुरुआत से पहले ही बच्चों को किताबें बांटी हैं। अब पुण्योदय प्रकल्प के माध्यम से कॉपियां भी उपलब्ध करा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर में हिंद रक्षक संगठन द्वारा पुण्योदय प्रकल्प के 21वें वर्ष के अवसर पर बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रियजनों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कॉपी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क कॉपी वितरित की।




**टॉप करने वाले को मिलेगी इलेक्ट्रिक स्कूटी**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में बच्चों के सपने पूरे किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थी स्कूल में टॉप करेगा, राज्य सरकार उसे इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान करेगी। नीट पास करने वाले विद्यार्थियों के चिकित्सा शिक्षा की फीस में भी सरकार सहायता कर रही है। आगामी दो वर्ष में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 50 तक पहुंचेगी। सरकार द्वारा युवाओं के स्वावलंबन के लिए प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मण सिंह गौड़ का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत से उल्लेखनीय कार्य किये। विद्यार्थियों को नि:शुल्क कॉपियां वितरण का कार्य भी उनकी पुण्य-स्मृति में ही है। इंदौर में प्रतिवर्ष रंगपंचमी मनाने का अपना अलग आनंद है, रंगपंचमी को यह भव्य स्वरूप प्रदान करने का श्रेय भी पूर्व मंत्री स्व. श्री लक्ष्मण सिंह गौड़ को ही जाता है।

**विद्यार्थियों को कॉपी मात्र एक रुपए में**-कार्यक्रम के आयोजक हिंद रक्षक संगठन के संयोजक एकलव्य लक्ष्मण सिंह गौड़ ने पुण्योदय प्रकल्प के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ष 2003 से इंदौर शहर के लगभग 300 समाजसेवी परिवार मिलकर प्रति वर्ष साढ़े तीन लाख से अधिक कॉपियां विद्यार्थियों को प्रति कॉपी मात्र एक रुपए के सांकेतिक शुल्क पर वितरित करते हैं। विद्यार्थियों को कॉपी वितरण का कार्य प्रतिवर्ष 11 जुलाई से 11 अगस्त तक जारी रहता है। उन्होंने इस कार्य में भागीदारी करने वाले सभी परिवारों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, विधायक ऊषा ठाकुर, महापौर इंदौर डॉ. पुष्यमित्र भार्गव, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



# नदी किनारे खड़ी महिला की मगरमच्छ के हमले से मौत

**दमोह।** व्यारमा नदी में शुक्रवार की सुबह नहाने गई। एक महिला को मगरमच्छ खींच ले गया। महिला को मगरमच्छ के जबड़े में जकड़ा देख लोगों ने शोर मचाया। करीब एक घंटे बाद महिला की लाश मिली। घटना दमोह जिले के कनिया घाट पटी गांव की है। महिला की पहचान मालतीबाई 40 पति मेघराज सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीण प्रहलाद सिंह का कहना है कि मालती एक सहेली के साथ सुबह करीब 6 बजे गई थी। सावन का पहला दिन है, इसलिए उनको जल भी लाना था। उसकी सहेली किनारे पर खड़ी थी। मालती डिब्बे में नदी से पानी भर रही थी, तभी मगरमच्छ ने उनके पैर को जबड़े में भर लिया। मगरमच्छ उनको खींचते हुए नदी के बीचोंबीच ले गया। नदी का बहाव तेज है, इसलिए लोग उसे बचा नहीं सके। आपको बता दें कि ब्यारमा नदी में मगरमच्छों की संख्या ज्यादा है। पहले भी इस तरह के हादसे से हो चुके हैं। नदी में थोड़ी सी भूल ही मौत का कारण बन जाती है।

### 8 लाख स्वीकृति आदेश पारित

वन परिक्षेत्र दमोह अंतर्गत ग्राम कनियाघाट पटी तहसील दमोह ब्यारमा नदी के बड़ाघाट/सामूघाट में वन्यप्राणी मगरमच्छ द्वारा मालती बाई को जबड़े में पकड़ कर ले जाने से ग्राम जरूवा में नदी किनारे मालती बाई मृत अवस्था में पाई गई। प्रकरण में वन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए मृत महिला के पति आवेदक मेघराज सींग लोधी को राज्य शासन के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति जनहानि के तहत राशि 8 लाख स्वीकृति आदेश पारित किया गया है। भुगतान की कार्यवाही की जा रही है।

# कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के साथ होगी माकूल व्यवस्थाएँ : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री उज्जैन में समर्पण कावड़ यात्रा में हुए शामिल



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ अनुकूल व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की जा रही है। इस संबंध में निर्देश जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन त्रिवेणी शनिमंदिर से कावड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कावड़ यात्रियों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कावड़ का पूजन कर कावड़ उठाई और अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संत उत्तम स्वामी के साथ पैदल चलकर कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी त्यौहार उत्साह के साथ मनाने की परम्परा राज्य सरकार ने शुरू की है। ईश्वर और संतजन के आशीर्वाद से उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियाँ तेजी से की जा रही है। हम इस सोच के साथ सभी तैयारियां कर रहे है कि वर्ष-2028 के बाद यदि प्रतिवर्ष सिंहस्थ जैसे आयोजन हों तो किसी प्रकार की समस्या न आये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन में संतों के लिये आश्रम और अन्य व्यवस्थाओं को जुटाने के लिये सिंहस्थ धार्मिक सिटी का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में उज्जैन आने वाले श्रृद्धालुओं के लिये सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कावड़ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में कई संस्कृतियाँ हैं, दुनिया में तो 194 देश है लेकिन कोई देश अपने कोई भी शुभ काम प्रारंभ करने के लिए जल के माध्यम से कोई संकल्प नहीं लेता है। भारतीय संस्कृति जल ही जीवन की संस्कृति और जीवन जीने की पद्धति रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ईश्वर की कृपा से हम हजारों सालों से जल के गुणों से परिचित हैं।



# सेवानिवृत्त हुए परमलाल का विदाई समारोह आयोजित

**हटा।** माध्यमिक शाला शिकारपुरा में पदस्थ शिक्षक परम लाल अहिरवार के सेवानिवृत्ति होने पर स्कूल में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सबसे पहले मां सरस्वती पूजन अर्चन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बीआरसी मुकेश गुजरे संकुल प्राचार्य अरविंद सिंह रहे। शिक्षक भूपेंद्र पटेल ने श्री अहिरवार के कार्यकाल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्होंने अपने कार्यालय में पूरा कार्य ईमानदारी से किया है। इनको देखकर आने वाले शिक्षकों को इनसे सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने श्री अहिरवार को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया एवं दीर्घायु की कामना की। श्री अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि 32 वर्ष शासकीय सेवाओं करने का मौका मिला। अलग-अलग जगहों पर अध्ययन कार्य कराया। शिक्षकीय जीवन में लगातार सीखने मिलता है। शिक्षक बच्चों के भविष्य हैं, बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातें करना, पढ़ाना अपने आप में अलग कार्य है। इस मौके पर प्रकाश चन्द्र गुप्ता, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुलायम सिंह सहित स्कूल स्टाफ के साथ बच्चों की उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यालय परिसर में एक पौधे रोपा।

# 14 दिन से लापता है गजराज लोधी परिवार

## जीतू पटवारी ने गुमशुदगी को लेकर उठाए गंभीर सवाल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अशोकनगर जिले के मूडरा/मुंगावली क्षेत्र में गजराज लोधी, उनके भाई रघुराज लोधी और पूरे परिवार की रहस्यमय गुमशुदगी को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। श्री पटवारी ने यह भी बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह स्वयं गांव में जाकर परिजनों से मिले थे। परिवारजनों ने बताया कि-एफआईआर दर्ज कराने के बाद से ही गजराज और रघुराज लोधी अपने पूरे परिवार के साथ लापता हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि यह मामला अब सिर्फ एक व्यक्ति या परिवार का नहीं रहा, बल्कि यह मध्यप्रदेश की भयावह कानून व्यवस्था, माफिया तंत्र और सरकार की तानाशाही मानसिकता को उजागर करता है। 14 दिन बीत चुके हैं, पूरा परिवार लापता है – क्या सरकार जानबूझकर सच्चाई दबा रही है? श्री पटवारी ने कहा गजराज लोधी ने खुद बताया था कि उनके साथ मारपीट हुई ,उन्हें मल खिलाया गया, मोटरसाइकिल छीनी गई, धमकाया गया। इसके वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं। वह लगातार 15 दिनों तक प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काटते रहे, न्याय की गुहार लगाते रहे – लेकिन उनकी बात किसी ने नहीं सुनी। जब मैंने इस घटना की ओर सरकार का ध्यान दिलाया, तो सरकार की तानाशाही इतनी बढ़ गई कि मुझ पर ही एफआईआर दर्ज करवा दी गई। पीड़ित को न्याय नहीं मिला, बल्कि उसे अपराधी बना दिया गया – यह कैसा न्याय है? क्या मध्यप्रदेश माफियाओं का गढ़ बन चुका है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं, लेकिन आपकी



पार्टी की सरकार में यहाँ महिलाओं से बलात्कार, आदिवासियों पर अत्याचार, किसानों की आत्महत्याएं और माफियाओं का बोलबाला है। आप बताइए, जब एक पीड़ित न्याय माँगने जाए, तो उसे ही साजिशन फँसाया जाएगा? क्या गजराज लोधी और उनका परिवार अगवा कर लिए गए हैं या हत्या कर दी गई है? श्री पटवारी ने सरकार से सवाल किया क्या यह अपहरण है या सुनियोजित हत्या? क्या सरकार सच्चाई छुपा रही है? यदि नहीं, तो अब तक परिवार कहां है? उन्हें सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा?

**कांग्रेस की चेतावनी**-श्री पटवारी ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस इस मामले को अब यूँ ही दबने नहीं देगी। यदि सरकार ने तत्काल कोई कदम नहीं उठाया, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी और विधानसभा में भी इस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाया जाएगा।

# कार्यक्रम की भव्यता में सबका सहयोग है : राज्यमंत्री पटेल

## मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति में 131वॉं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ





**दमोह।** मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति में 131वॉं गुरु पूर्णिमा महोत्सव हो रहा है और यहां गुरु शिष्य की परंपरा चली आ रही है, पहले यहां पर बहुत बड़ा अखाड़ा था जिसमें तबला वादन, हर्मोनियम वादन और बाकी सारे शास्त्रीय संगीत यहां पर सिखाए जाते थे और पूरे प्रदेश से पूरे जिले से लोग आते थे और यहां पर सीखते थे और परन्तु उनकी एक आवश्यकता रहती थी कि गुरु पूर्णिमा के दिन जरूर आना होगा तो गुरु पूर्णिमा के दिन सारे लोग आते थे और आज तो सारे रास्ते बन गए है, उस समय नदी, नाले होते तो उनको तैरकर के लोग अपने गुरु के यहाँ जरूर आते थे और मैं बहुत बचपन से यहाँ आ रहा हूँ। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल जिले के ग्राम बकायन में मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति में 131वॉं गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा मुझे जहां तक याद है 5 या 8 साल की उम्र से मैं यहां आ रहा हूं और यह दिन प्रतिदिन और बढ़ता जा रहा है। हमारे मित्र और साथी संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी व्यस्तता के कारण नहीं आ पाए उनके पिता भावसिंह मासाब इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा सरकार ने इस कार्यक्रम में सहयोग करना शुरू किया। पहले शुरुआत में सिर्फ परिवार चलाता था, संचालित करता था, अब सरकार ने भी मदद करना शुरू कर दिया राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह ने इसमें सहयोग किया। हमारे पूर्व सांसद और वर्तमान में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी सहयोग किया। यहां के विधायक होने के नाते मेरे द्वारा जो सहयोग बन पड़ता मैंने किया है। आज कार्यक्रम की जो भव्यता दिव्यता दिख रही उसमें सबका सहयोग है। पहले परिवार के लोगों ने इसको संभाल के रखा है, यही उनके लिए बहुत बड़ी और तारीफ की बात है कि उन्होंने सब सम्भाल के इस परंपरा को 130 साल से चला रहे है। राज्यमंत्री पटेल ने कहा जहां तक मुझे याद है, ग्वालियर घराने की बात को छोड़ दे तो मध्य प्रदेश में या पूरे देश में 2-3 नंबर का कार्यक्रम है जो लगातार अनवरत 131 साल से लगातार चल रहा है। यह इसकी खूबसूरती है और हमारे पूर्व सांसद प्रहलाद पटेल ने लोकसभा में इस बात को रखा था, यह इतनी पुरानी परंपरा है, इसको शासन ने लेकर आगे बढ़ाने का काम किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भाव सींग लोधी सहित जनप्रतिनिधियों एवं कलाकारों का सम्मान किया गया। गुरू पूर्णिमा संगीत समारोह के दौरान प्रात: कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, यक्षगोपाल एवं उत्सव गोपाल सागर द्वारा युगल गायन, प्रियंवदा सिंह एवं साथी द्वारा युगल कथक, ऋषिशंकर एवं सुश्री महिमा उपाध्याय दिल्ली द्वारा पखावज जुगलबंदी कार्यक्रम तथा सायं कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, सुश्री सरिता कालेले मुम्बई द्वारा कथक युगल, सुश्री चिन्मयी आठले ओक दिल्ली द्वारा गायन, सुश्री मेघरंजनी गोवाहाटी द्वारा कथक एकल तथा ओंकार दादरकर कोलकाता द्वारा गायन की प्रस्तुति दी गई। रामेन्द्र सिंह सोलंकी, दीपक दास महंत तबला, पण्डित देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दीपक खसरवाल हारमोनियम, फारुख लतीफ खां सारंगी संगतकार रहे। संचालन राजीव अयाची एवं साक्षी वैशंपायन जबलपुर ने किया।

# सीमेंट यूनियन कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**दमोह।** संघ के विस्तार हेतु सीमेंट यूनियन महासंघ इमलाई एवं नरसिंहगढ़ में अजय विश्वकर्मा प्रभारी सीमेंट प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ भोपाल, संजय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष सीमेंट यूनियन महासंघ, धर्मेंद्र चौबे विभाग प्रमुख सागर विभाग अंग वस्त्र के साथ सम्मान एवं देवेंद्र चौबे जिला मंत्री ने श्रमिक गीत के साथ बैठक का शुभारंभ प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन कहा भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता



संबद्धता लेखा रिकॉर्ड विषय पर विस्तृत रूप से सीमेंट यूनियन इकाइयों के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों को विशेष रूप से बताया। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे ने 23 जुलाई को होने वाले स्थापना दिवस के विशेष आयोजन के संबंध में चर्चा की। बैठक का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने की। बैठक का आभार एवं समापन सीमेंट यूनियन के महामंत्री दारा सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से सीमेंट यूनियन के अध्यक्ष राजा सिंह, महामंत्री प्रेम सिंह, कोषाध्यक्ष पप्पू सिंह, मुकेश शर्मा अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक HIG - 111 श्रीमती सीमा परोहा पति श्री प्रहलाद प्रसाद परोहा के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13.03.2013 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमती सीमा परोहा पति श्री प्रहलाद प्रसाद परोहा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.05.2024 के माध्यम से श्रीमती मिथलेश दहायत पति श्री जमना प्रसाद दहायत को विक्रय किया है। अत: श्रीमती मिथलेश दहायत पति श्री जमना प्रसाद दहायत द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलानी जबलपुर में भवन क्रमांक LIG Flat- 58 श्रीमती रेखा सेठी पति श्री पवन कुमार सेठी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09.06.2005 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती रेखा सेठी पति श्री पवन कुमार सेठी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.06.2025 के माध्यम से श्री प्रमोद राउत पिता श्री महादेवराव राउत को विक्रय किया है। अत: श्री प्रमोद राउत पिता श्री महादेवराव राउत द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/85/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीखः |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 80251971 | हीट ट्रांसफर फ्लूइड क्लैरिएंट मेक कूलैंट | 19485 किलोग्राम | 31.07.2025 |
| 2 | 38251584 | कॉपलेर बॉडी विथ शैंक वियर प्लेट | 1473 नंबर | 04.08.2025 |
| 3 | 38254156 | ऑल्ट टॉरशन स्प्रिंग (स्टील) फॉर ट्विस्ट लॉक | 3308 नंबर | 04.08.2025 |
| 4 | 81236129 | वेरियस टाइप ऑफ बोल्ट्स | 72 मीट्रिक टन | 07.08.2025 |
| 5 | 38252300A | योके पिन | 4744 नंबर | 11.08.2025 |
| 6 | 30251351 | प्रोक्योरमेंट ऑफ रबर बफर स्प्रिंग | 1332 सेट | 14.08.2025 |
| 7 | 38252405 | बोल्स्टर सस्पेंशन स्प्रिंग आउटर | 17360 नंबर | 20.08.2025 |
| 8 | 38251766 | आटोमेटिक प्रेशर मॉडिफिकेशन (APM) डिवाइस | 489 नंबर | 21.08.2025 |
| 9 | 38251827 | ब्रेक शू के फॉर बोगी वैगन | 114381 नंबर | 25.08.2025 |
| 10 | 38252410 | कास्ट स्टील बोल्स्टर विथ लाइनर | 190 नंबर | 25.08.2025 |
| 11 | 30251048 | प्रोक्योरमेंट ऑफ डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक abso. | 1792 नंबर | 01.09.2025 |
| 12 | 38252107 | कट ऑफ एंगल कॉक विथ वेंट फॉर एयर ब्रेक वैगंस | 13647 नंबर | 02.09.2025 |
| 13 | 38252171 | साइड फ्रेम फ्रिक्शन लाइनर फॉर casnub. | 46257 नंबर | 05.09.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# वादा करके सत्ता में आए, फिर मुकर गए : आंदोलन समिति

## सिहोरा जिला की मांग पर जिला भाजपा कार्यालय में किया प्रदर्शन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



सिहोरा को जिला बनाए जाने का वादा करके आप सत्ता में आए, आपके दिग्गज नेताओं ने सिहोरा वासियों से सिहोरा जिला बनाने का वादा किया और अब आप भूल गए। इसलिए हम शंख, घंटा थाली बजाकर आपको आपका वादा याद दिलाने आए हैं। यह कहना रहा दर्जनों सिहोरा वासियों का जिन्होंने शुक्रवार को भाजपा के संभागीय कार्यालय रानीताल पहुंचकर कार्यालय के बाहर घंटों तक शंख, घंटा और थाली बजा कर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा के जिला महामंत्री पंकज दुबे ने सिहोरा वासियों से वार्ता की और कहा कि वे सिहोरा जिला की बात को प्रदेश कार्यालय तक पहुंचाएंगे।

### नारे लगाए पोस्टर से पाटा कार्यालय

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के बैनर तले हो रहे प्रदर्शन में प्रदर्शन कारियों ने नारे लगा लगाकर पूछा कि उमा भारती कौन है। शिवराज सिंह चौहान कौन है। स्मृति ईरानी कौन है। संतोष बरकड़े कौन है। प्रदर्शनकारियों ने इन दिग्गज राजनेताओं के द्वारा की गई घोषणाओं की पोस्टर भी संभागीय कार्यालय की बाहरी दीवाल पर टांग दिए। इन पोस्टरों में राजनेताओं द्वारा की गई घोषणाएं और उनकी तिथियां अंकित थी। साथ में पूछा गया था कि अब जिला सिहोरा कब।

### स्मृति ईरानी दे चुकी वचन

इसी प्रकार 08 नवंबर 2023 को विधानसभा चुनाव के सिहोरा के भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े द्वारा बाबा लाल मंदिर प्रांगण में हुई । आमसभा में सिहोरा वासियों से समर्थन मांगते हुए वचन दिया गया कि सरकार बनते ही भारतीय जनता पार्टी सिहोरा को जिला बनाए जाने की दिशा में कार्य करेगी । इसी प्रकार 15 नवंबर 2023 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा पुराना बस स्टैंड सिहोरा में आयोजित आमसभा में सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की ओर से सिहोरा वासियों से वादा किया गया कि आप भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े को जिताएं। जीतते ही सिहोरा को जिला बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री तक बात रखने का भी ठोस वचन दिया था।

### पूर्व सीएम कर चुके हैं घोषणा

इसी प्रकार 16 नवंबर को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक डॉ जितेंद्र जामदार की मध्यस्थता में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों से मोबाइल पर वार्ता की गई । इस वार्ता में शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त करने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया था कि सत्ता में आते ही सिहोरा को जिला बनाया जाएगा ।

### 2003 को जारी हुआ था राजपत्र

समिति ने बताया कि सिहोरा को जिला बनाए जाने की विभागीय प्रक्रिया वर्ष 2001 से 2003 के मध्य पूरी हो गई थी। 22 वर्ष पहले 11 जुलाई 2003 को सिहोरा जिला बनाए जाने का मध्यप्रदेश सरकार का राजपत्र भी जारी हुआ था।इसके बाद इसे एक अक्टूबर 2003 को कैबिनेट की मंजूरी दी गई।पर इससे पहले की कलेक्टर एस पी की पदस्थापना होती,चुनावी आचार संहिता लग गई और यह मामला लगातार 22 वर्षो से लंबित है।

### भोपाल में होगा अगला प्रदर्शन

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के प्रदर्शन कर रहे सदस्यों अनिल जैन, विकास दुबे, कृष्ण कुमार कुररिया, नरेंद्र गर्ग,गौरी हर राजे, राकेश पाठक, मानस तिवारी नंदकुमार परोहा, रामजी शुक्ला, अन्नु गर्ग, अनिल दाहिया आदि ने कहा कि हमने पहले ब्लॉक स्तर पर सिहोरा स्तर पर जिला स्तर पर प्रदर्शन किया है। यदि इसके बाद भी सरकार ने शिवराज जिला के संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो वह भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर जाकर अपनी बात रखेंगे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भी की थी घोषणा

समिति ने बताया कि सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग लगातार विगत 21 वर्षों से उठती रही है। विगत 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व सिहोरा वासियों ने इस मांग को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाने हेतु अनेक प्रकार के लोकतांत्रिक आंदोलन, प्रदर्शन, ज्ञापन इत्यादि के आयोजन किए हैं। भाजपा की विकास यात्रा के दौरान तत्कालीन केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा दिनांक 08 सितंबर 2023 को सार्वजनिक सभा में सिहोरा को 21 वर्ष पूर्व ही जिला बन जाना था ऐसा विचार व्यक्त करते हुए सिहोरा जिले की मांग का समर्थन किया गया था। साथ ही वादा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर गंभीर है और शीघ्र ही इस दिशा में कोई कदम उठाएगी ।



# जिनसार ने ग्रामीणों को दी उपयोगी जानकारी



**विश्व जनसंख्या दिवस पर पनागर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनागर में एक प्रभावशाली जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण, प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति समाज में जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग प्रथम एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की थीम जन निवेश में वृद्धि, प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकार को प्राथमिकता पर आधारित थी। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के महत्व को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया।

इसके साथ ही मातृ देखभाल, युवाओं की स्वास्थ्य में भागीदारी और पारिवारिक नियोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता संदेश दिए गए। स्थानीय निवासियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे इसकी सार्थकता और प्रभावशीलता और बढ़ गई। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ. सपना दास एवं उप-प्रधानाचार्य डॉ. प्रिंसी शाजी ने किया। आयोजन का समन्वय भानु प्रिया रजक एवं स्वप्निल मसीह द्वारा किया गया।

## इंजी. सुनील तिवारी पुनः ट्रांसको के एमडी बने



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन ने एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक पद पर इंजीनियर सुनील तिवारी को पुनः नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आगामी 6 माह की अवधि या चयन समिति के माध्यम से नियमित चयन होने तक जो भी पहले हो प्रभावी रहेगी। इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी किए गए। इंजी. सुनील तिवारी ने पुनः प्रबंध संचालक का कार्यभार संभाल लिया है।

## बारिश में ढहा दिव्यांग का आशियाना



सिहोरा (स्वतंत्र मत)

तहसील में हो रही लगातार बारिश से लोगों के कच्चे मकान ढहने लगे हैं । ऐसा ही एक मामला वार्ड नंबर 7 गढ़िया मोहल्ला का सामने आया है । जहां पर एक विकलांग व्यक्ति का मकान गुरुवार रात आसपास धराशाही हो गया। जानकारी के मुताबिक होशियार ठाकुर पिता स्वर्गीय भागवत सिंह ठाकुर उम्र 53 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 का मकान गिर जाने से गृहस्ती का सामान भी खराब हो गया है। विकलांग ने बताया कि हमारे रहने के लिए यही घर था जो गिर चुका है उसके द्वारा शासन से उचित मुआवजे की मांग की गई है।

## किसानों को दिये कोदो कुटकी, रागी के बीज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विकासखंड जबलपुर के ग्राम हुल्की में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिशन योजना के तहत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य शिवप्रसाद मरकाम एवं सरपंच शंकर द्विवेदी ने किसानों को कोदो.कुटकी और रागी के बीज वितरित किये। अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा गौर ने किसानों को कोदो.कुटकी की सफल खेती हेतु पैकेज ऑफ प्रेक्टिस की विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड रश्मि परसाई ने श्रीअन्न के महत्व से किसानों को अवगत कराया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी सोनम जैन एवं पुरुषोत्तम प्रजापति तथा क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

### 11 अगस्त तक मनाया जायेगा विश्व जनसंख्या माह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विश्व जनसंख्या दिवस अवसर पर शुक्रवार को जिले में एक माह के विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का जागरूकता रैली निकालकर शुभारंभ किया गया। जिला चिकित्सालय परिसर से निकाली गई जन जागरूकता रैली को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ नवीन कोठारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जया श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील भी इस अवसर पर मौजूद थे। रैली में आरएमओ डॉ राहुल शुक्लाए जिला एपिडेमोलॉजिस्ट अनिल सिंह राजपूतए नर्सिंग ऑफिसर विनीता सोनी एवं नर्सिंग स्टूडेंट शामिल हुये। ज्ञात हो कि विश्व जनसंख्या दिवस प्रतिवर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराना है। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस माँ बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही थीम पर मनाया जा रहा है। 11 अगस्त तक विश्व जनसंख्या माह मनाया जायेगा। दिवस पर रैली के बाद जिला चिकित्सालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को जनसंख्या नियंत्रण तथा परिवार को सीमित रखने जनजागरूकता पैदा करने की शपथ ली गयी।



## जून में पकड़े गए 2.14 लाख बेटिकिट यात्री

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन पर तीनों मण्डलों में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए टिकट जांच अभियानों में चालू वित्तीय वर्ष के जून 2025 में कुल 2 लाख 14 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 15 करोड़ 93 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष वसूला गया जुर्माना 13 करोड़ 14 लाख रूपये की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 15 करोड़ 81 लाख को भी पार किया है। अप्रैल 2025 में कुल 1 लाख 48 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 10 करोड़ 30 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया। मई 2025 में कुल 1 लाख 96 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 14 करोड़ 49 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया।

# कमिश्नर का नाम लेकर काट डाले हरे-भरे वृक्ष!

### कचनार क्लब संचालक की दबंगई से स्थानीय जनों में दहशत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हरियाली की दुहाई देने वाले शहर में जब जिम्मेदारों के नाम पर ही नियमों की धज्जियां उड़ाई जाएं तो सवाल उठना लाज़मी है। कचनार क्लब संचालक गौरव सेठी ने शुक्रवार सुबह हरे-भरे पेड़ों की कटाई करवा दी। स्थानीय लोगों के अनुसार सेठी ने नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव का नाम लेकर कहा कि उसे पेड़ काटने की मौखिक अनुमति मिली है। शिव मंदिर दर्शन करने पहुंचे लोगों ने जब कटाई देखी तो विरोध किया। जब अनुमति की कॉपी मांगी गई तो गौरव कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। भीड़ बढ़ती देख आनन-फानन में कटाई का काम बंद करवा दिया गया।

***प्रशासनिक संबंधों की दी धमकी***- स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गौरव सेठी इलाके में लंबे समय से दबंगई करता आ रहा है। क्लब के नाम पर नियमों को ताक पर रखकर सार्वजनिक जगहों का उपयोग करता है और कोई कुछ कह दे तो प्रशासनिक संबंधों की धमकी देता है। सेठी शादी-ब्याह के सीजन में क्लब में एक साथ चार-चार बड़े आयोजन कराता हैं, जिससे कचनार सिटी की सड़कों पर घंटों ट्रैफिक जाम लगा रहता है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होती, लोग अपने वाहन बीच सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे आम नागरिकों और आपात सेवाओं तक को परेशानी उठानी पड़ती है।



***ननि की कार्यशैली पर उठे सवाल***- निगम प्रशासन की चुप्पी इस पूरे प्रकरण में संदेह खड़ा करती है। यदि अनुमति दी गई थी, तो वह सार्वजनिक क्यों नहीं है और यदि नहीं दी गई थी, तो क्या ऐसे लोगों पर कार्रवाई से प्रशासन डरता है। स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर से मांग की है कि क्लब संचालक की दबंगई पर अंकुश लगाया जाए और हरे-भरे वृक्षों की कटाई जैसे अपराध पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।




# हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने आईडीए के तत्वाधान में दो दिवसीय शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को एमएम इंटरनेशनल स्कूल में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 800 से अधिक संख्या में सेकेंडरी सेक्शन के बच्चो के दांतो का परीक्षण कर उन्हें दांतो की उचित देखभाल, सही खान पान एवं ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं नियमित जांच के महत्व को समझाना था। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर स्कूल डायरेक्टर सुधांशु गुप्ता, चेयरमेन राजेश गुप्ता, प्राचार्या दिशा नग्रेक, एचआर निधि तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंशुल गुलाटी (सचिव, आईडीए)तथा हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग से डॉ. अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**